आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 12:11 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 25 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 36, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा 16
पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू 15

## एक नजर

### अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम बेल याचिका खारिज

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सिद्दीकी पर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अपराध की उचित जांच के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ अपरिहार्य है। न्यायमूर्ति सी.एस. डायस ने कहा कि सिद्दीकी गवाहों को डरा-धमका सकते हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती है।

### आभूषण निर्माण इकाई में आग से 14 श्रमिक झुलसे

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार को एक आभूषण निर्माण इकाई में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर है। सूरत नगर निगम के प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारीक ने बताया कि इमारत की तीसरी मंजिल पर आभूषण बनाने के लिए सोने को पिघलाने में इस्तेमाल होने वाली गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लग गई। कतारगाम पुलिस ने बताया कि आभूषण बनाने वाली आरवी ऑर्नामेंट्स में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। आग पर काबू पाने के लिए छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग अन्य जगहों पर फैलने से पहले ही बुझा दी गई।

### पुलवामा विस्फोट: आरोपी की हृदयाघात से मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पुलवामा विस्फोट के एक आरोपी की यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान दिल का दौरा पड़ने से सोमवार को मौत हो गई। अस्पताल के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि पुलवामा विस्फोट मामले में संलिप्तता के आरोप में बिलाल अहमद कुचाय (27) जिला जेल किश्तवाड़ में बंद था। पुलवामा के हाजीबल ललहार निवासी बिलाल को गुइलेन-बैरी सिंड्रोम बीमारी के कारण 17 सितंबर को जम्मू जीएमसी में भर्ती कराया गया था। उसे जिला अस्पताल किश्तवाड़ से रेफर किया गया था। सोमवार शाम को उसकी मृत्यु हो गई।

### मप्र में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, तीन घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में मंगलवार को एक ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि यह घटना अपराह्न डेढ़ से दो बजे के बीच समन्ना गांव के पास हुई। घायल लोगों को सड़क पर बनाए गए विशेष गलियारे के जरिए जबलपुर पहुंचाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस कर्मी और ग्रामीण बचाव अभियान शुरू करने के लिए मौके पर पहुंचे।

### त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में प्रतिबंधित समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के करीब 500 उग्रवादियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष अपने हथियार डाले। सिपाहीजाला जिले के जम्पुइजाला में एक कार्यक्रम में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने बड़ी संख्या में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद से मुक्त घोषित किया।

# खानपान की चीजों में मानव अपशिष्ट मिलाना वीभत्स, स्वीकार्य नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने दिए ढाबों-रेस्टोरेंट की जांच के निर्देश, हर कर्मचारी का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

- खानपान की चीज़ों की शुद्धता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में हो आवश्यक संशोधन
- शेफ और वेटर को लगाना होगा मास्क-ग्लव्स, होटल-रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाना होगा अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सरकारी आवास पर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य, गंदी चीजों की मिलावट की ताजा घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त हिदायत दी है कि प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई अस्वीकार्य हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में मुख्यमंत्री ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने उप्र. के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा, खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस, स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। ऐसे स्थानों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क, ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

### खानपान के प्रतिष्ठानों पर संचालक का नाम और पता डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री योगी के मुताबिक, ऐसे ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई शुरु कर दी जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किए जाने चहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए।

## पीएचडी दाखिले में 2025 से आरक्षण

- आईआईएम अहमदाबाद ने की घोषणा

**अहमदाबाद।** भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) ने घोषणा की है कि वह सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार 2025 से पीएचडी दाखिलों में आरक्षण लागू करेगा। देश के प्रमुख बिजनेस स्कूल ने यह नहीं बताया है कि वह आरक्षण व्यवस्था कैसे लागू करेगा। आईआईएमए ने पिछले साल एक जनहित याचिका के जवाब में गुजरात उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि वह मानद उपाधि संबंधी कार्यक्रमों में 2025 से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ ही दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण लागू कर सकता है।

आईआईएमए की वेबसाइट पर पोस्ट पीएचडी दाखिले 2025 के लिए घोषणा में कहा गया है कि दाखिलों के दौरान आरक्षण के लिए भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। आईआईएमए के मीडिया विभाग के एक प्रतिनिधि ने इस संबंध में पुष्टि की। पीएचडी कार्यक्रम के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 20 जनवरी 2025 है और साक्षात्कर अगले साल मार्च-अप्रैल में हो सकते हैं।

# दो आरपीएफ सिपाहियों के हत्यारोपी को मार गिराया

- 19 अगस्त की रात बाड़मेर गुवाहाटी एक्सप्रेस से धकेलकर की थी दोनों सिपाहियों की हत्या
- एसटीएफ नोएडा, जीआरपी एवं गाजीपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में किया ढेर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर सर्राफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह को ढेर करने के बाद एसटीएफ ने अगले 20 घंटे के अंदर एक और अपराधी को मार गिराया। 19 अगस्त की रात तेज गति से चल रही बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस से आरपीएफ के दो सिपाहियों को धकेलकर मार डालने वाले आरोपी के खिलाफ एसटीएफ ने गाजीपुर में कार्रवाई करते हुए ढेर किया है। एसटीएफ की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से हड़कंप मचा हुआ है।

कार्रवाई कर रहे एसपी डॉ. इरज राजा ने बताया कि बिहार का रहने वाला मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या का आरोपी था। जाहिद पर अपहरण, मारपीट और शराब तस्करी के कई केस दर्ज हैं। घटना के बाद उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार की रात करीब एक बजे एसटीएफ की नोएडा यूनिट, जीआरपी दिलदारनगर और गाजीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। एसपी ने बताया कि दिलदारनगर के गोपालपुर के पास मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू बाइक से अपने साथी के साथ जाता नजर आया। टीम ने उसकी घेराबंदी की तो उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली लगने से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में जाहिद के सीने में गोली लग गई। घायल बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी भदौरा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

### पटना का रहने वाला था आरोपी जाहिद

जाहिद मूल रूप से बिहार के पटना के पेढ़िमा बाजार के मंसूर गली का रहना वाला था। उसके पिता का नाम मुस्तफा है। बता दें कि बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन से धकेलकर आरपीएफ जवान जावेद खान और प्रमोद सिंह की हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप मो. जाहिद पर लगा था।



# अब सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद पर विवाद, जांच शुरू

- प्रसाद के पैकेट पर चूहे का वीडियो सोशल मीडिया में हो रहा वायरल

मुंबई, एजेंसी



प्रसाद गृह में लड्डू तैयार करते कारीगर।

तिरुपति के लड्डू प्रसादम को लेकर जारी विवाद के बीच अब मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद को लेकर भी विवाद उठ खड़ा हुआ है। प्रसाद के कैरेट में चूहे के बच्चे होने और पैकेट को चूहे द्वारा कुतरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास (एसएसजीटी) ने आरोप से इनकार किया और कहा कि उसने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिवसेना नेता और एसएसजीटी अध्यक्ष सदा सर्वंकर ने मंगलवार को कहा कि रोजाना लाखों लड्डू बांटे जाते हैं और जिस स्थान पर वे बनाए जाते हैं, वह स्वच्छ है।

वीडियो में एक गंदा स्थान दिखाई दे रहा है। मैं देख सकता हूं कि यह मंदिर का नहीं है और वीडियो कहीं बाहर बनाया गया है। कथित वीडियो में नीले रंग की एक ट्रे में रखे लड्डू के पैकेट चूहों द्वारा कुतरे दिखाई दे रहे हैं। सर्वंकर ने कहा कि हम सीसीटीवी फुटेज खंगालेंगे और जांच के लिए एक डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) रैंक के अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा। दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले सर्वंकर ने कहा कि मंदिर यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करता है कि प्रसाद स्वच्छ स्थान पर तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि घी, काजू और अन्य सामग्री पहले जांच के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की प्रयोगशाला में भेजी जाती है और वहां से स्वीकृति के बाद इस्तेमाल की जाती है। उन्होंने बताया कि पानी की भी प्रयोगशाला में जांच कराई जाती है। इसका मतलब है कि हम यह सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान देते हैं कि श्रद्धालुओं को दिए जाने वाला प्रसाद शुद्ध हो।

### तिरुपति के लड्डू में तंबाकू पॉउच मिलने का दावा

**तिरुमला।** तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में तंबाकू मिलने का दावा किया गया है। तेलंगाना की एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसे लड्डू के अंदर कागज में लिपटे तंबाकू के टुकड़े मिले हैं। उसने इसका वीडियो भी जारी किया है। आरोप लगाने वाली डोंथु पद्मावती खम्मम जिले के गोल्लागुडेम की रहने वाली हैं। वे 19 सितंबर को तिरुमाला मंदिर गई थीं। हालांकि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि पवित्र लड्डू प्रसादम में तंबाकू के पॉउच होने के आरोप झूठे हैं। कहा कि कुछ भक्तों की ओर से श्रीवारी लड्डू प्रसाद में तंबाकू की थैली होने के बारे में सोशल मीडिया पर इस तरह के दावे फैलाना अनुचित है।

**जम्मू-कश्मीर विस चुनाव**

## दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए आज मतदान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा और इस दौरान करीब 25 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की जीत-हार का फैसला करेंगे जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवींद्र रैना प्रमुख हैं। दूसरे चरण में जिन 26 सीट पर चुनाव होगा वे छह जिलों के अंतर्गत आती हैं। इनमें से तीन जिले कश्मीर संभाग में हैं जबकि इतने ही जिले जम्मू संभाग के हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 3,502 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# जमीन घोटाले में सिद्धारमैया पर चलेगा मुकदमा

## हाईकोर्ट ने खारिज की राज्यपाल के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने भू आवंटन मामले में उनके विरूद्ध जांच के लिए राज्यपाल थारवरचंद गहलोत द्वारा दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी।

मुख्यमंत्री ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पॉश क्षेत्र में उनकी पत्नी को किए गए 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के सिलसिले में उनके खिलाफ राज्यपाल द्वारा दी गई जांच की मंजूरी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने 12 सितंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त को अंतरिम आदेश में विशेष अदालत को सिद्धरमैया की इस याचिका के निस्तारण तक सुनवाई टाल देने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने व्यवस्था दी कि याचिका में बताए गए तथ्यों की निस्संदेह जांच की आवश्यकता है। इन सभी कृत्यों का लाभार्थी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं बल्कि याचिकाकर्ता का परिवार है। याचिका खारिज की जाती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आज तक प्रभावी किसी भी प्रकार का अंतरिम आदेश समाप्त हो जाएगा। इस निर्णय के बाद विशेष अदालत सुनवाई कर सकेगी।

### सिद्दारमैया बोले-मैं बदले की राजनीति का शिकार



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मंगलवार को खुद को बदले की राजनीति का निशाना बताते हुए कहा कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच की अनुमति निर्धारित करने के लिए वह कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे। मुख्यमंत्री का यह बयान कर्नाटक हाईकोर्ट की ओर से उनकी याचिका को खारिज किए जाने के बाद आया है।

### भाजपा ने की सिद्दारमैया के इस्तीफे की मांग

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की याचिका मंगलवार को खारिज होने के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा कि निर्णय से स्पष्ट संकेत मिलता है कि मुख्यमंत्री और उनका परिवार घोटाले में शामिल हैं। उम्मीद है कि सिद्दारमैया कोर्ट के फैसले का सम्मान करेंगे।

# एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने पर रोक

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पंजाब सरकार की याचिका
- अदालत ने कहा-मेडिकल प्रवेश में बंद हो धोखाधड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के फैसले को खारिज करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ दाखिल पंजाब सरकार की अपील मंगलवार को खारिज कर दी।

राज्य सरकार ने राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनआरआई कोटा के लाभार्थियों की परिभाषा को विस्तृत कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने पंजाब सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा कि यह धोखाधड़ी अब बंद होनी चाहिए। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 10 सितंबर को आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 20 अगस्त के उस फैसले को रद कर दिया था, जिसमें अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटा के तहत लाभ लेने के लिए दायरे को बढ़ाकर उनके दूर के रिश्तेदारों जैसे चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई को भी इसमें शामिल किया था। एनआरआई कोटा के तहत 15 प्रतिशत का आरक्षण चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित किया गया है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि पैसा कमाने की मशीन है। पीठ ने कहा कि हम सभी याचिकाएं खारिज कर देंगे। यह एनआरआई व्यवसाय एक धोखाधड़ी के अलावा और कुछ नहीं है। हम यह सब खत्म कर देंगे...। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले को बिल्कुल सही बताते हुए कहा कि हानिकारक परिणामों को देखें... जिन उम्मीदवारों के अंक तीन गुना अधिक हैं, वे (नीट-यूजी पाठ्यक्रमों में) प्रवेश नहीं ले पाएंगे।

# एसडीएम-तहसीलदार पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास, बचे

- खनन माफिया पर कार्रवाई करने गए थे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भोजपुर थाना क्षेत्र में रविवार की रात अवैध खनन कर रहे माफिया को रोकने के प्रयास में गुर्गों ने एसडीएम सदर और तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की।

अधिकारियों और टीम के लोगों ने खुद को जैसे-तैसे बचाया। हमलावर ट्रैक्टर ट्रॉली को ईख के खेत में छोड़कर फरार हो गए। मामले में लेखपाल की तहरीर पर 7-8 अज्ञात और दो ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। राजस्व टीम ने दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक हाइड्रा पुलिस को सौंप दिया है। सदर तहसील के भोजपुर धर्मपुर में तैनात लेखपाल सर्वेश कुमार ने भोजपुर थाने में दी तहरीर में बताया है कि रविवार की रात करीब दस बजे सूचना मिली की ढेला नदी के पास कुछ लोग अवैध रूप से बालू निकाल रहे हैं। इस पर एसडीएम सदर राम मोहन मीणा और तहसीलदार रामवीर सिंह राजस्व कर्मियों और पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे। टीम को देखते ही खनन करने वाले भागने लगे। राजस्व टीम ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो खनन कर रहे लोगों ने टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाकर जान लेने की कोशिश की।

# तमिलनाडु में 11 जगह एनआईए का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का मंसूबा पालने वाले अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियों ने चेन्नई, तंबाराम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के आवास पर छापे मारे और डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और हिज्ब-उत-तहरीर के साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। एनआईए ने कहा कि यह छापेमारी विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से असंतोष पैदा करने और चुनावी मताधिकार प्रयोग करने के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित एक मामले की जांच के तहत की गई है। चुनावी मताधिकार को हिज्ब-उत-तहरीर ने गैर-इस्लामिक या हराम माना है। आतंकवाद रोधी एजेंसी के अनुसार, हिज्ब-उत-तहरीर एक कट्टरपंथी संगठन है जो अपने अनुयायियों को विभाजनकारी कार्यों के माध्यम से वैध रूप से स्थापित लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उकसाने में लगा हुआ है।

- भारत विरोधी विचारधारा फैलाने की जांच के सिलसिले में कार्रवाई

### एनआईए ने दो आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दो लोगों के खिलाफ मुस्लिम युवाओं को कट्टर बनाने, आतंकवाद के वित्तपोषण और अन्य राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए मंगलवार को एक आरोपपत्र दाखिल किया। बयान में कहा गया है कि दोनों की पहचान आईएसआईएस चरमपंथियों अब्दुल मतीन अहमद ताहा उर्फ तहा और मुसाविर हुसैन शाजिब उर्फ शाजिब के रूप में हुई है, जिनके खिलाफ एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में पहले ही आरोपपत्र दाखिल किया था। जांच एजेंसी की ओर से कहा गया है कि शिवमोगा जिले के निवासी दोनों व्यक्ति इस मामले में सह-आरोपी सहित मुस्लिम युवकों को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने में लिप्त थे।

**प्रगति** श्रीअन्न की खेती से समृद्ध हुए किसान प्रदीप, अब करेंगे तिल की पैदावार, तमिलनाडु के कोयम्बटूर में प्रसंस्करण कराकर बनाते हैं मिलेट पोहा

# मधुमेह के मरीजों के लिए रामबाण बनेगा मिलेट पोहा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मोटे अनाज यानी श्रीअन्न की खेती किसानों को समृद्ध करने लगी है। इन्हीं किसानों में आईआईएम रोड लखनऊ निवासी प्रदीप दीक्षित मोटे अनाज की पैदावार करके देश भर में लोगों की सेहत सुधारने के साथ लाखों रुपये कमाने लगे हैं। वह दो साल से अपने गृह जनपद हरदोई के भरावन ब्लॉक के ग्राम महुआ डांडा में अन्य फसलें छोड़कर पूरे सात एकड़ में गौआधारित सांवा, काकुन, कोदो, ज्वार, बाजरा, कुटकी, अलसी आदि की पैदावार करते हैं। इन अनाजों को तमिलनाडु के कोयम्बटूर भेजकर प्रसंस्करण कराकर मिलेट पोहा बनाते हैं। इसकी पैकिंग व अन्य कार्य घर पर करके गोमती नगर स्थित किसान बाजार के ऑर्गेनिक स्टॉल से बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, नोएडा, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि जगहों पर भेजते हैं।



ऑर्गेनिक स्टॉल में रखा मिलेट पोहा।

### पोहा बनाकर या फिर दूध व पानी में मिलाकर कर सकते हैं सेवन



प्रदीप बताते हैं मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं और गौ आधारित खेती से दवा की तरह काम करते हैं। खासकर मिलेट पोहा मधुमेह, लीवर व पेट संबंधित बीमारी के लिए रामबाण साबित हो रहा है। इसके सेवन से पाचन अच्छा होता है। इसका चिउड़ा पोहा की तरह पकाकर खा सकते हैं या फिर दूध व पानी में मिलाकर पी सकते हैं। इसके बेहतर परिणाम मिले हैं। इस वर्ष पूरे सात एकड़ में तिल की खेती करेंगे।

### 50 हजार लागत, हर माह एक लाख कमाई

प्रदीप ने सात एकड़ में एक फसल 50 से 60 हजार रुपये लागत से करके 15 क्विंटल मोटा अनाज की पैदावार करते हैं। वह प्रोसेसिंग, पैकिंग, परिवहन भाड़ा आदि खर्च निकालकर प्राकृतिक किसान परिवार नाम से स्टॉल में मिलेट पोहा की बिक्री से हर माह एक लाख रुपये कमाते हैं। इस काम से 40-45 लोगों को जोड़कर रोजगार देते हैं। उनके 400 ग्राम के एक पैकेट की कीमत 100 रुपये है। उनका कहना है सरकार का मोटे अनाज की पैदावार पर जोर है। बिक्री के लिए किसान बाजार में स्टॉल आवंटित किए हैं। लेकिन प्रोसेसिंग की दिशा में काम नहीं हुआ है। इस कारण प्रदेश के बाहर प्रोसेसिंग कराने में अधिक खर्च के साथ परेशानी होती है।

> सरकार के प्रयास से श्रीअन्न की खेती का रकबा तेजी से बढ़ा है। प्रोत्साहन के तौर पर किसानों को निशुल्क बीज और अन्य सुविधाएं मिलने से लागत कम हुई है। किसान प्रदीप गौ आधारित श्रीअन्न की खेती करके किसान भाइयों को प्रेरित कर रहे हैं।
>
> – **तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।

## एक नजर

### पनकी पुलिस ने हत्यारोपी पिता को भेजा जेल

**कल्याणपुर।** पनकी पुलिस ने नशेबाज बेटे की हत्या करने के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। शुक्रवार देर रात नशेबाजी कर रहे बेटे से विवाद होने पर आरोपी पिता ने बेल्ट से गला कसकर उसकी हत्या कर दी थी। पनकी के कांशीराम कॉलोनी में ऑटो चालक रोहित की नशेबाजी से तंग आकर उसके पिता रंजीत ने बेल्ट से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी रंजीत ने अत्यधिक शराब पीने से बेटे की मौत होने की बात कह कर पुलिस व पड़ोसियों को गुमराह भी कर दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई थी। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पिता को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### तेजाब पीकर दी जान

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बैरी में रहने वाले 45 वर्षीय अनिल गौतम ने संदिग्ध हालात में तेजाब पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। भाई अशोक का कहना था कि वह किसी बात से परेशान रहते थे। उनकी पत्नी अलका, बेटे अभय व कृष्णा ने भी जानकारी ली लेकिन उन्होंने कभी कुछ नहीं बताया।

### दो शातिरों पर जिलाबदर की कार्रवाई

**कानपुर।** शहर में आपराधिक गतिविधियों में शामिल दो शातिरों पर तीन माह के लिए जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। गोविंद नगर से रमेश उर्फ बउआ निवासी कच्ची बस्ती व जाजमऊ निवासी मो फरहान उर्फ डाकू पर कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने की है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** बिठूर थानाक्षेत्र के परगही गांव में राजेंद्र शुक्ला के 22 वर्षीय पुत्र शशीकांत शुक्ला ने मंगलवार दोपहर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर कर जान दे दी। सूचना पर मंधना चौकी इंचार्ज टीम के साथ पहुंचे और जांच की। परिजन उसके आत्महत्या का कारण नहीं बता सके।

# बाढ़ में सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद, बीमारियां फैलने की आशंका

○ गंगा बैराज के पास बाढ़ प्रभावित इलाकों में चारों तरफ फैला कीचड़ ○ जलस्तर घटा पर मुसीबतें बरकरार, 200 से ज्यादा परिवार हुए प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगाबैराज किनारे बसे करीब एक दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी घुसने के बाद जहां ग्रामीणों की पूरी फसलें बर्बाद हो गईं वहीं दो सैकड़ा परिवारों का जीना दुश्वार कर दिया। जलस्तर घटने के बाद अब चारों ओर कीचड़ फैला हुआ है। खेतों में अभी भी कमर तक पानी भरा होने से शाम होते ही मच्छरों का भारी प्रकोप हो जाता है। तेज धूप में जलभराव के कारण सड़ांध से तरह-तरह की बीमारियां फैलने की आशंका हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वह लोग पिछले 10 दिनों से बाढ़ का दंश झेल रहे हैं, लेकिन कोई भी सरकारी सहायता उन लोगों को प्राप्त नहीं हुई।

ग्वालटोली थानाक्षेत्र में स्थित चैनपुरवा, घारमखेड़ा, देवनीपुरवा, पहाड़ीपुरवा, छोटा मंगलपुर, बड़ा मंगलपुर, नत्थापुरवा, कद्दूपुरवा आदि गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया था। जिससे यहां रह रहे तकरीबन 200 परिवार प्रभावित हैं। इन गांवों में रहने वाले लोगों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। नाव और ट्रैक्टर के सहारे ही लोग एक स्थान से दूसरे स्थान जा रहे हैं। उन लोगों की लौकी, तोरई, भिंडी, कद्दू, लुबिया, परवल, मूली, घुईंयां, खीरा की 400 से ज्यादा बीघा फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। उन लोगों का लाखों रुपये का नुकसान हो गया। तेज धूप में अब पानी से बदबू उठने लगी है, जिससे बीमारी फैलने की आशंका है। जिस स्थान से पानी निकल गया वहां केवल कीचड़ ही फैला पड़ा है। बच्चों और बड़ों के शरीर पर चकत्ते पड़े हैं। उन लोगों का कहना था कि आरएसएस की ओर से दो ट्रैक्टर खाने के सामान का वितरण किया गया। लेकिन कोई सरकारी अधिकारी नहीं पहुंचा न ही मदद की।



चैनपुरवा में पानी घटा तो कीचड़ हो गया। अमृत विचार

**सड़कों ने छोड़ा डामर का साथ**

- गंगा का जलस्तर घटने के बाद से कुछ सड़कें खुलकर दिखने लगी हैं। वहां पर सड़क ने डामर का साथ पूरी तरह से छोड़ दिया है। काफी जगहों पर गिट्टी फैली पड़ी है। इन गांवों में वैसे भी बहुत कम विकास हो पाया था।

**खेतों में अभी भी भरा पानी**

- ग्रामीणों का कहना था कि एक दर्जन गांवों से पानी निकल गया है। लेकिन खेत अभी भी लबालब भरे हुए हैं। कई दिनों से पानी भरा रहने के कारण अब उसमें काई पड़ गई है। किसी प्रकार की कोई घटना न हो इसके लिए बच्चों को घरों में कैद करके रखा गया है। किसानों के पंप सेट डूबे पड़े हैं।

**क्या बोले ग्रामीण**



उनकी 35 बीघा फसल बर्बाद हुई है, पूरा परिवार दिन रात करके फसल में जुटा हुआ था, लेकिन एक बाढ़ के झटके ने भारी नुकसान कर दिया। बाढ़ का दंश हर बार झेलना पड़ता है।

–पीयूष निषाद, देवनीपुरवा



हम लोगन की तो पीढ़ी हुई गईं, बाढ़ देखत देखत। हर बार की तरह इस बार भी बहुत नुकसान हुआ है, लेकिन कोई जिम्मेदार अभी तक झांकने नहीं पहुंचा।

–शंकरलाल, घारमखेड़ा



बाढ़ ने उनकी चार तरह की फसल पूरी तरह से बर्बाद करके रख दी। इतना नुकसान होने से परेशानी बढ़ गई। जिला प्रशासन को बाढ़ से पीड़ित लोगों की मदद करनी चाहिए।

–दीपक निषाद, चैनपुरवा



इस बाढ़ ने दो सैकड़ा परिवारों को परेशानी में डाल दिया। जलस्तर घटा है, लेकिन अब अन्य समस्या पैदा होना शुरू हो गईं हैं। अगर और पानी छोड़ा जाएगा तो हो सकता है, और मुसीबत बढ़े।

–संतलाल, चैनपुरवा



गोपालपुरवा में भरा है बाढ़ का पानी। अमृत विचार

## जलभराव से गोपालपुरवा के लोग परेशानी में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कीचड़ व जलभराव के कारण लोगों के पैरों में हुए जख्म

**अमृत विचार।** बिठूर थानाक्षेत्र के गोपालपुरवा में जलभराव से ग्रामीणों का जनजीवन बेहाल है। लगातार चार दिन से गांव में जलभराव के कारण लोगों को घुटने भर पानी से होकर गुजरना पड़ा है। इस कारण लोगों के तलवे, पैर की उंगलियों पर जख्म हो गए है। हालांकि कई स्थानों पर जलभराव कम होने से कीचड़ है।

कटरी क्षेत्र के गांवों में करीब एक सप्ताह से जलभराव है। गंगा से सटे गांवों की स्थिति बाढ़ जैसी हैं। जहां घरों में भी बाढ़ का पानी भरा है। नवाबगंज थानाक्षेत्र के लेकर बिठूर तक कटरी के गांवों का यही हाल है। दो दिन से पानी घटने का सिलसिला शुरू है, लेकिन समीप वाले गांवों में अभी भी घुटने तक जलभराव है। गोपालपुरवा गांव में जलभराव के कारण लोगों को अनेकों से समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। बच्चों को इधर-उधर नहीं जाने दिया जा रहा है। लोगों जानवरों सहित ऊंचे स्थानों पर टेंट लगाकर शरण लिए हैं। वहीं मवेशियों के चारे का इंतजाम मुश्किल से हो पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कीचड़ और जभराव के बीच से लगातार निकलने के कारण पैर की उंगलियों व तलवे कट गए है। पेयजल की समस्या है।



नाव से हो रहा आवागमन। अमृत विचार

## बाढ़ से 900 करोड़ की फसल हुई चौपट: सपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सपा ने नुकसान की आकलन रिपोर्ट अखिलेश यादव को भेजी

**अमृत विचार।** सपा आकलन समिति की रिपोर्ट के अनुसार गंगा में बाढ़ से सैकड़ों गांवों की सब्जी की फसलें बर्बाद हो गई हैं। बिठूर क्षेत्र से लगे सैकड़ों गांवों के किसानों को 900 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सरकार द्वारा किसानों को कोई आर्थिक सहायता नहीं दी जा रही है।

नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को आकलन समिति व पीडीए कोर कमेटी की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि शिवदीन का पुरवा, भारत पूरवा, चिरान, ईश्वरीगंज, प्रतापपुर, हृदयपुर, ढल्ला पुरवा, पिपरिया, दुर्गापुरवा, बनिया पुरवा, भोपाल पुरवा, लक्ष्मण पुरवा, गिल्ली पुरवा, मक्का पुरवा, भगवान दीन का पुरवा, लोधवाखेड़ा, रामपुर, चैनपुरवा, मंगल पुरवा, देवनी पुरवा, धारम खेड़ा, पहाड़ीपुर, नत्था पुरवा, कल्लू पुरवा, रमेल, भेडइया, हीगूपुर समेत सैकड़ों गांवों की फसलें पूरी तरह से चौपट हो गई है।



बाढ़ से हुए फसलों के नुकसान की जानकारी देते प्रदेश सचिव केके शुक्ला।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह यादव मिंटू ने कहा कि किसानों पर कर्ज लद गया है। महासचिव संजय सिंह बंटी सेगर ने कहा कि बाढ़ में सब्जियों के बर्बाद होने पर अन्य जिलों से आ रही सब्जियां लोग महंगे दामों में खरीदने को मजबूर हैं। प्रदेश सचिव केके शुक्ला के मुताबिक सपा ने आकलन की रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजी है। इस दौरान शबाब अबरार, परमवीर सिंह गंभीर, सत्यनरायन गहरवार, संजय निषाद, मुमताज मंसूरी, राजू पहलवान, इशरत इराकी, राजेंद्र सोनकर, सजीव भाटिया, जस्वेन्द्र निषाद समेत आदि लोग रहे।



आरटीओ आफिस में धरना-प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

## आरटीओ में व्यापारियों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अधिकारियों ने नहीं सुनी समस्या तो दीवार पर चस्पा किया ज्ञापन
- व्यापारी से अभद्रता का आरोप लगाते हुए शिकायत करने पहुंचे थे

**अमृत विचार।** आरटीओ ऑफिस में व्यापारियों की समस्याएं नहीं सुनने और अभद्रता का आरोप लगाते हुए शिकायत करने पहुंचे व्यापारियों ने मंगलवार को जमकर हंगामा किया। व्यापारी नारे लगाते हुए धरने पर भी बैठ गए। व्यापारियों ने आरटीओ कार्यालय के बाहर ही दीवार पर ज्ञापन चस्पा कर दिया।

कानपुर उद्योग व्यापार मंडल कंछल गुट के जिला अध्यक्ष आशीष सचान के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल आरटीओ समस्या बताने पहुंचा। वहां पर अधिकारियों की ओर से ज्ञापन न लिए जाने से व्यापारी नाराज हुए। उन्होंने अधिकारियों की शह पर ही विभाग के कर्मचारियों की ओर से व्यापारियों को परेशान किए जाने का भी आरोप लगा दिया। इस दौरान प्रदेश मंत्री मनोज तिवारी व युवा अध्यक्ष आयुष द्विवेदी ने कहा कि विभाग की ओर से लगातार व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। हाल ही में बर्रा विश्व बैंक के सी सेक्टर निवासी अमन केसरवानी के साथ चालान के नाम पर अभद्रता की गई। इसके अलावा अन्य समस्याओं को लेकर वे लोग विभाग पहुंचे थे। व्यापारियों के विभाग आने के बाद अधिकारियों ने उनसे वार्ता तक नहीं की। इसलिए वे ज्ञापन दीवार पर ही चस्पा करने जा रहे हैं। सुभाष गुप्ता, युवा महामंत्री शेखर गुप्ता, अमन शुक्ला, अंशुल सिंह, शेखर पांडे, अशोक शर्मा, पंकज शुक्ला, राम जयसवाल, धर्मेंद्र दीक्षित, विजय अवस्थी, भानु ठाकुर, पंकज शुक्ला, हिमांशू सैनी, विनीत रहे।

## अयोध्या में कमरा बुक करने के नाम पर ठगी

**कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र में युवक से साइबर ठगों ने अयोध्या में कमरा बुक करने के नाम पर हजारों रुपये की ठगी की। पीड़ित ने कोर्ट के माध्यम से आरोपियों के खिलाफ कोहना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रानीघाट बसंत कुंज निवासी संकेत खेडिया के अनुसार वह परिवार के साथ राम मंदिर अयोध्या जाने का प्रोगाम बना रहे थे। उन्हें राम जानकी महल ट्रस्ट के बारे में जानकारी हुई थी। उन्होंने ट्रस्ट के प्रबंधक नरेश पोद्दार से कमरे के बारे में फोन से बात की तो बताया गया कि एडवांस रुपये जमा करने होंगे। इस पर उन्होंने 15 अप्रैल 2024 को 22,120 रुपये बताए गए खाते में भेज दिये। कुछ देर बाद उन्हें बताया गया कि 22,000 रुपये व 120 रुपये रजिस्ट्रेशन के लिए अलग अलग रुपये ट्रांसफर करने होंगे। इस पर उन्होंने दोबारा अलग अलग रुपये भेज दिए। एक घंटे तक जब बुकिंग नहीं मिली तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। शिकायत पुलिस से की मगर कोई कार्रवाई नहीं। इस पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली, कोर्ट के आदेश पर कोहना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दुष्कर्म पीड़िता को दी गर्भपात की दवा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सचेंडी थानाक्षेत्र की घटना, आरोपी की तलाश कर रही पुलिस

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती काम के सिलसिले में सहेली के साथ दिल्ली चली गई। वहां पर गांव के ही रहने वाले युवक ने उसे गुमराह करके शारीरिक संबंध बनाए। जिससे वह गर्भवती हो गई। भाई का आरोप है कि आरोपी ने उसे गर्भपात की दवा खिला दी। जिससे उसी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज तलाश कर रही है।

सचेंडी के एक गांव निवासी युवक ने दर्ज एफआईआर में बताया कि उसकी 22 वर्षीय बहन अपनी सहेली के साथ गुरुग्राम में एक कंपनी में दिसंबर 2023 से काम कर रही थी। वहीं पर किराए के मकान पर रहती थी। बताया कि उसी बिल्डिंग में गांव का ही एक युवक पंकज कुमार विश्वकर्मा भी रहता था। आरोप है कि उसने बहन को गुमराह करके शारीरिक संबंध बनाया। जिससे बहन गर्भवती हो गई थी। आरोप है, कि पंकज ने उसको गर्भपात वाली दवा खिला दी जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बहन की हालत ज्यादा बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके बाद ठीक होने पर बहन 13 अगस्त को घर वापस आ गई। बताया कि बहन की 14 अगस्त को तबियत फिर से बिगड़ गई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। सोमवार रात करीब पौने दो बजे बहन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस संबंध में सचेंडी इंस्पेक्टर पंकज त्यागी ने बताया किआरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी, गालीगलौज, एससीएसटी एक्ट रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है, उसकी तलाश की जा रही है।



## पूर्वी जोन में चला चेकिंग अभियान

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह के निर्देश पर ऑपरेशन नाकाबंदी के तहत पूर्वी जोन में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान प्रत्येक थाना क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर बेरीकेडिंग लगाकर वाहन सवारों को रोककर चेक किया और संदिग्धों की तलाशी ली। इस दौरान एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी मौजूद रहे। अभियान का मुख्य उद्देश्य चेन स्नैचिंग, लूटपाट, और अन्य अपराधों को रोकना और अपराधियों की गतिविधियों पर लगाम लगाना था।

## रोडवेज बसों में गलत फास्ट टैग लगाया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● एसबीआई का बताकर दूसरे बैंक का फास्ट टैग लगा दिया गया, हैक नहीं हुआ

**अमृत विचार।** रोडवेज की बसों में एसबीआई का बताकर दूसरे बैंक का फास्ट टैग लगा दिया गया। जिससे बसों के फास्ट टैग का बैलेंस लो दिखा रहा है। रोडवेज अधिकारियों ने जांच के आदेश दिये हैं।

रोडवेज अधिकारियों को जानकारी थी कि जिस कंपनी को ठेका दिया गया है, उसने एसबीआई का फास्ट टैग बसों में लगाया है लेकिन कुछ बसों में कंपनी ने एसबीआई की जगह दूसरे बैंकों का फास्ट टैग लगा दिया। अधिकारियों में उस वक्त हड़कंप मच गया जब कानपुर समेत प्रदेश की कई बसों में फास्ट टैग का बैलेंस कम और एसबीआई के स्थान पर दूसरे बैंक का दिखाने लगा। अफवाह फैल गई कि रोडवेज का फास्ट टैग हैक हो गया है लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट करते हुए कहा कि हैक नहीं हुआ है बल्कि एसबीआई की जगह दूसरे बैंक का फास्ट टैग शो कर रहा है। कानपुर की दो बसों में दूसरे बैंक का फास्ट टैग मिला है। कानपुर परिक्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, हैक नहीं हुआ है। कंपनी को एसबीआई का फास्ट टैग लगाने को कहा गया था लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि कंपनी ने दूसरे बैंक का फास्ट टैग लगा दिया है।

**निर्देश** स्कूल-कालेजों के 100 मीटर परिधि में धूम्रपान की दुकान मिली तो जेल

## ठेकों पर कैमरे लगाएं, नाबालिगों को न दें शराब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● चौराहों पर भिक्षा मांगने वाले बच्चों को पकड़कर स्कूल में प्रवेश दिलायेंगे

**अमृत विचार।** शराब ठेकों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं और नाबालिगों को ठेके पर शराब न दें। ऐसे निर्देश जारी किये गये हैं। इसी प्रकार स्कूल-कालेजों के 100 मीटर परिधि में कोई भी पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा की दुकान मिलेगी तो उसपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नारकोटिक्स की दवाई बच्चे न खरीदें। कितने मेडिकल स्टोर और कितनी शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं उसकी मानीटरिंग करते हुए शीघ्र ही इसको अमली जामा पहनाने को कहा है।

मंगलवार को विकास भवन में पत्रकारों को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री डॉ. देवेंद्र शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई बच्चा भिक्षा मांगते मिलेगा तो उनका स्कूल में प्रवेश कराया जायेगा और सरकारी योजनाओं का लाभ भी उसको मिलेगा। इससे पूर्व आयोग अध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ विकास भवन सभागार में मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। राज्यमंत्री ने कहा कि बच्चों से सम्बन्धित जो भी योजनायें है जैसे- कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सर योजना इत्यादि सभी योजनाओं का लाभ बच्चों तक पहुंचे। अध्यक्ष ने बाल आयोग द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम की मानीटरिंग के साथ ही वात्सल्य योजना के अन्तर्गत त्रिस्तरीय कमेटी आदि की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बाल भिक्षावृत्ति को समाप्त करते हुए भिक्षा से शिक्षा की ओर बच्चों को ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में सीडीओ दीक्षा जैन, डी.सी.पी. (क्राइम) आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (भू./आ.) रिंकी जायसवाल सहित मंडल के सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री डॉ. देवेंद्र शर्मा। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र अनुप कुमार गुप्ता (टुनटुन) के अनैतिक कृत्यों के चलते समस्त चल अचल सम्पति व सम्बन्धों से बेदखल करती हूँ। **मालती देवी पत्नी स्वव राम सूरत गुप्ता निवासी– मीरापुर डेराबीबी, अयोध्या, यूपी**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गुलफिशा पत्नी नफीस अहमद, निवासिनी–सी–137, अबरार नगर, कल्याणपुर, लखनऊ,** मेरी पुत्री इरम पब्लिक स्कूल की छात्रा है। स्कूल के अभिलेखों में पुत्री का नाम इकरा अंकित है। यह कि मेरी पुत्री इकरा सिद्दीकी की नाम से जानी जाती है। अत: मेरी पुत्री का नाम स्कूल के अभिलेखों में इकरा के स्थान पर इकरा सिद्दीकी अंकित किया जाय।

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD AZAD था जो मैंने बदलकर MOHD AZAD रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। – **मो0 आजाद, कोतवाली नगर, इमामबाड़ा, गोण्डा**

**सूचना**

मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2018 का अंकपत्र रोल नंबर 1314945 तथा इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 का अंकपत्र रोल नंबर 0880488 वास्तव में कहीं खो गए हैं। काफी खोज करने पर भी नहीं मिल सके हैं। **अंकित कुमार पुत्र राम जीवन निवासी ग्राम व पोस्ट– हरई पुर थाना – बेहटा मुजावर, परगना व तहसील – बांगरमऊ, जिला – उन्नाव**

**NOTICE**

I declare that I have passed ICSE (Class 10) in 2022 with my UID No. 7696230 and Index No. 1223834/158 and ISC (Class 12) in 2024 with UID No. 7696230 and Index No. 2241745/091 from Jesus & Mary School and college Balrampur and the correct name of my father is Anil Kumar and the correct name of my mother is Anita. Praveen Kumar Singh S/O Anil Kumar R/O Mohalla Pahlwara, Balrampur-271201 (U.P.), Mob#9450957151.

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम Khusbuddeen था जो मैंने बदलकर Khusbuddeen Khan रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।–S/o Mohammad Saleem, Address - Vill- Khaira Hasan, Post- Turahni Rajjab, Bahraich

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नम्बर U1107146 मे मेरा नाम Mohammad Taiyab अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरे आधार कार्ड व मार्कशीट में मेरा नाम Mohd Taiyab पुत्र Samiurrahman जो सही है **ग्राम बौडिहार सुखुईया, उत्तरौला, बलरामपुर उ0प्र0 271604**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट No- J3313452 में पहले मेरा नाम MOHAMMAD NAIM व जन्मतिथि 01/01/1976 दर्ज है सही नाम MO. NAEEM व जन्मतिथि 01/01/1983 है, भविष्य में मुझे इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाए–ADD S/o Mohammad Ajeem, Kazi Pur-2, Fatehpur, Barabanki, Uttar Pradesh-225305

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर ही लेकिन मेरे अभिलेख में मेरा नाम त्रुटि बस ऋतिक जायसवाल हो गया है जो सही नहीं है। मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल ही जाना एवं समझा जाए। – **सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल, निवासी– ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज, जनपद जौनपुर**


होटल लैंडमार्क पहुंचे ऋषभ पंत। अमृत विचार


विराट कोहली को बुके दिया गया।


शुभमन गिल और रोहित शर्मा।


टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर।


रवींद्र जडेजा ने किया अभिवादन।

# भारत-बांग्लादेश की टीमें आईं, हुआ भव्य स्वागत

## होटल लैंडमार्क में दोनों टीमों का हुआ जोरदार स्वागत, टीम इंडिया को बुके, रुद्राक्ष की माला दी और पटका पहनाया गया

**27 से टेस्ट मैच**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे टेस्ट मैच के लिए मंगलवार को भारत-बांग्लादेश की टीमें शहर पहुंचीं। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों टीमों के खिलाड़ी होटल लैंडमार्क पहुंचे, जहां खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। टीम इंडिया के खिलाड़ियों का स्वागत तिलक लगाकर, रुद्राक्ष की माला व पटका पहनाकर हुआ।

ग्रीनपार्क में दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से एक अक्टूबर तक होना है। मंगलवार शाम करीब चार बजे होटल लैंडमार्क में विराट कोहली, गौतम गंभीर व ऋषभ पंत एक साथ पहुंचे। कुछ देर बाद ही रोहित शर्मा और शुभमन गिल का होटल पहुंचने पर स्वागत किया गया। इसके बाद केएल राहुल भी पहुंचे। होटल में खिलाड़ियों का रुद्राक्ष की माला, पटका, टीका और बुके से स्वागत किया गया। शुभमन गिल, अभिषेक नायर के बाद टीम के अन्य खिलाड़ी और बांग्लादेश टीम एक साथ पहुंची। खिलाड़ियों के शहर पहुंचते ही कनपुरियों में जोश और उत्साह नजर आया।

- चकेरी एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच सभी खिलाड़ी पहुंचाए गए होटल

### दर्शकों के बीच ट्रैक सूट पहनकर बैठेंगे नए रंगरूट

टेस्ट मैच में नए सिपाही पुरुष और महिला रंगरूटों को ट्रैक सूट पहनाकर जनता के बीच सुरक्षा के लिए तैनात किया जाएगा। इसके अलावा पुलिस की अलग-अलग टीमें अलग अलग कार्यों में लगाई गई हैं। सोशल मीडिया पर भी पुलिस टीम निगरानी रखेंगी। बाहर से भी फोर्स बुलाई गई है। ग्रीन पार्क के अगल बगल रूफ टॉप पर 150 से ज्यादा पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कैमरों से भी चप्पे-चप्पे पर निगरानी की जाएगी। विवादित पोस्ट करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एडीशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के सारे इंतजाम किए गए हैं।


बांग्लादेश की टीम भी होटल पहुंची। अमृत विचार

### दोपहर 1.30 से टीम इंडिया करेगी अभ्यास

कानपुर। ग्रीनपार्क स्टेडियम में 27 सितंबर से होने वाले टेस्ट मैच के लिए दोनों टीमें 25 व 26 सितंबर को अभ्यास करेंगी। वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर ने बताया कि बीसीसीआई के जारी शेड्यूल के अनुसार 25 को सुबह 9.30 बजे से 12.30 बजे तक बांग्लादेश की टीम अभ्यास करेगी। टीम इंडिया दोपहर 1.30 से 4.30 बजे तक अभ्यास कर पसीना बहाएगी। दूसरे 26 सितंबर को सुबह 9.30 से 12.30 बजे टीम इंडिया और दोपहर 1.30 से 4.30 तक बांग्लादेश की टीम अभ्यास करेगी। दो टेस्ट मैचों की इस सीरीज में चेन्नई में खेले गए पहले मैच में भारत ने 280 रनों से बांग्लादेश को हराकर 1-0 से बढ़त बना ली है।


प्रेस वार्ता में जानकारी देते संजय कपूर और यूपीसीए के अधिकारी।

## ग्रीनपार्क में रहेंगे 14 डॉक्टर और 10 फार्मासिस्ट

**कानपुर।** मैच के दौरान खिलाड़ियों व अति विशिष्ट महानुभावों की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 14 डॉक्टरों, 10 फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वाय व वाहन चालक समेत 15 कर्मियों की ड्यूटी सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने लगाई है। इनका नोडल अधिकारी डॉ.सुबोध प्रकाश को बनाया गया है। 24 सितंबर से लेकर मैच के समापन तक टीमों के साथ, होटल व ग्रीनपार्क स्टेडियम में तय किए गए डॉक्टर, फार्मासिस्ट मौजूद रहेंगे। सीएमओ ने बताया कि सभी को तैनाती स्थल पर निर्धारित समय से एक घंटा पहले उपस्थित होना है। ड्यूटी के दौरान कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मोबाइल को बंद नहीं रखेगा। ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की शिथिलता बरतने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## घंटा बजाकर होगा मैच का आरंभ



कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सबसे सीनियर खिलाड़ी को मिलेगा अवसर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में पहली बार घंटा बजाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आगाज किया जाएगा। भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच में यह प्रथा चालू होगी और सबसे सीनियर खिलाड़ी को यह अवसर मिलेगा।

यूपीसीए के कोषाध्यक्ष प्रेम मनोहर गुप्ता ने बताया कि घंटा न्यू प्लेयर्स पवेलियन के बाहर लगाया जाएगा। सीनियर खिलाड़ी ही घंटा बजाकर मैच का शुभारंभ करेंगे। 11 किलो का घंटा लगाया जाएगा। घंटे के लिए एक स्टैंड भी बनाया जाएगा। यूपीसीए के मीडिया मैनेजर मो. फहीम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में घंटा बजाकर मैच की शुरूआत पहली बार 2007 में इंग्लैंड के लाड्र्स स्टेडियम में हुई थी।

### 3000 रनों का आंकड़ा छुएंगे लोकेश राहुल

कानपुर। इंडिया टीम के बल्लेबाज लोकेश राहुल ग्रीनपार्क स्टेडियम में 3000 रनों का आंकड़ा छू सकते हैं। राहुल ने अब तक खेले गए 51 टेस्ट मैचों में 8 शतक और 14 अर्द्धशतक लगाकर 2901 रन बनाए हैं। ग्रीनपार्क में वह 99 रन बनाकर तीन हजार रनों का आंकड़ा छू लेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में उन्होंने पहली पारी में 16 और दूसरी में 22 रन बनाए थे।


क्रिकेट प्रेमियों ने मैच के टिकट खरीदे। अमृत विचार

### ऑफलाइन टिकट काउंटर से बिक्री चालू

कानपुर। भारत-बंगलादेश टेस्ट मैच के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री पहले से जारी है। मंगलवार को यूपीसीए ने एक ऑफलाइन काउंटर भी स्टेडियम में बना दिया है। डायरेक्टर पवेलियन के बाहर काउंटर बनाय गया है। जहां से दर्शक टिकट खरीद सकते हैं। काउंटर पर भीड़ को देखते शहरवासियों का उत्साह देखा जा सकता है। वेन्यू डायरेक्टर ने बताया अब तक चार लाख रुपये की टिकटें बिक चुकी हैं।

### दर्शकों को मिलेगी चाट, बंद व मक्खन

**कानपुर।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच में इस बार कनपुरियां दर्शकों का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। दर्शकों को स्टेडियम में कुल्फी, चाट, बंद-मक्खन, छोला-कुल्चा भी मिलेगा। हर गेट पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे। प्रेसवार्ता में वेन्यू डायरेक्ट डॉ. संजय कपूर ने बताया कि दर्शक मैच के साथ कनपुरिया स्वाद का भी आनंद लेंगे। इस बार मैच की थीम चमकेगा कानपुर, चमकेगा ग्रीनपार्क नाम दिया गया है। यूपीसीए की प्रतिबद्धता है कि मैच को प्लास्टिक मुक्त रखा जाए।

**एक नजर**

### पॉवर ट्रांसफार्मर फुंकने पर अधिशाषी अभियंता निलंबित

**कानपुर।** विकास नगर उपकेंद्र में स्थापित 10एमवीए का पॉवर ट्रांसफार्मर 22 सितंबर को क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसकी वजह से संबंधित क्षेत्र के हजारों लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा था। केस्को अधिकारियों ने जांच कराई। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक प्रथम दृष्टया जांच में विकास नगर खंड के अधिशाषी अभियंता राजेश नंदन लाल ने लापरवाही बरती। उनके अधीनस्थों ने ट्रांसफार्मर की समय-समय पर प्रोटेक्शन जांच नहीं की। इसलिए अधिशाषी अभियंता राजेश नंदन लाल को निलंबित कर दिया गया है।

### एनआई काम के कारण अहमदाबाद-दरभंगा निरस्त

**कानपुर।** बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अकबरपुर-जफराबाद खंड में शाहगंज जंक्शन स्टेशन पर किए जा रहे नॉन इंटरलॉकिंग (एनआई) काम के चलते अहमदाबाद-दरभंगा क्लोन स्पेशल परसों निरस्त रहेगी। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि 09465 अहमदाबाद दरभंगा क्लोन स्पेशल 27 सितंबर को निरस्त रहेगी, जबकि दरभंगा-अहमदाबाद क्लोन स्पेशल 30 सितंबर को नहीं चलेगी। दोनों अप और डाउन ट्रेनें वाया सेंट्रल से गुजरती हैं।

## ई बसों के मुख्य संचालन अधिकारी बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मंडलायुक्त ने समीक्षा करने के बाद कार्रवाई की
- मंडलायुक्त ने घाटे में चल रही बसों की जांच कराई थी

**अमृत विचार।** ई बसों का संचालन सुचारु रूप से नहीं करने के आरोप में मुख्य संचालन अधिकारी (सीईओ) डीवी सिंह को मंडलायुक्त कानपुर मंडल अमित गुप्ता ने बर्खास्त कर दिया है।

मंडलायुक्त ने ई बसों के संचालन को लेकर एक जांच टीम गठित की थी जिसने ई बसों के संचालन को लेकर पूरी रिपोर्ट तैयार की। मंगलवार को मीटिंग में टीम ने संबधित रिपोर्ट मडलायुक्त के समक्ष रखी। बताते हैं कि इस मीटिंग में मुख्य संचालन अधिकारी डीवी सिंह नहीं पहुंचे।

रिपोर्ट की समीक्षा करने के बाद मंडलायुक्त ने डीवी सिंह को बर्खास्त कर दिया। ई बसों के संचालन से हटाए गए मुख्य संचालन अधिकारी डीवी सिंह पूर्व में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम कानपुर परिक्षेत्र के आरएम यानी क्षेत्रीय प्रबंधक रह चुके हैं।

### 13 कंडक्टरों को बर्खास्त करना महंगा पड़ा

मुख्य संचालन अधिकारी (सीईओ) डीवी सिंह का कहना है कि मंगलवार को मेरे चाचा का देहांत होने के कारण मंडलायुक्त की मीटिंग में नहीं जा सका। उनका मानना है कि कई माह पूर्व बिना टिकट सवारी ढोने में 13 कंडक्टरों को बर्खास्त करने के मामले में ये कार्रवाई की गई है। ई बसों में कंडक्टरों की भर्ती का काम एक निजी कंपनी द्वारा किया जाता है। कई माह पूर्व रूट पर चेकिंग के दौरान उन्होंने 13 कंडक्टरों को बेटिकट सवारी ढोते पकड़ा था जिसपर उन्हें बर्खास्त कर दिया था।

> ई बसों का परफामेंस अच्छा नहीं आ रहा था, मंडलायुक्त द्वारा गठित टीम ने इस पर पूरी रिपोर्ट तैयार की थी जिसे मंडलायुक्त के समक्ष रखा गया, उसके बाद डीवी सिंह को मंडलायुक्त ने बर्खास्त कर दिया।
>
> **अनिल कुमार, रोडवेज आरएम एवं ई बसों के प्रबंध निदेशक**

## विंग कमांडर के कारोबारी पिता ने दे दी जान

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में एयरफोर्स विंग कमांडर के पेंट कारोबारी पिता ने ट्रेन के आगे लेटकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना था कि सब कुछ ठीक चल रहा था, ऐसा क्यों किया, पता नहीं।

रतनलाल नगर निवासी 80 वर्षीय अशोक कुमार नरुला की रतनलाल नगर में पेंट की शॉप है। परिजनों ने बताया कि परिवार में बड़ा बेटा अजय नरुला एयरफोर्स में विंग कमांडर है। छोटे बेटे अरविंद का बरेली में कंट्रक्शन का काम है। पत्नी शीला और शादीशुदा बेटी अंजू गृहणी हैं।

परिजनों ने बताया कि वह रोज की तरह मंगलवार सुबह टहलने के लिए निकल गए थे। जब आठ बजे तक वह नहीं लौटे तो लोग उन्हें ढूंढने के लिए निकले। तभी पुलिस का फोन आया जिसमें दबौली में झांसी रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति के कटने की जानकारी दी। वह लोग मौके पर पहुंचे और शिनाख्त की। गोविंद नगर पुलिस ने बताया कि उनकी जेब से एक पर्ची बरामद हुई है, जिसमें घर का पता और एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था।

**सुविधा** राजकीय पॉलीटेक्निक में छात्रों का पंजीकरण शुरू

# एआई से सिखाएंगे साक्षात्कार का तरीका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राजकीय पॉलीटेक्निक के छात्रों को सफल साक्षात्कार के लिए अब 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस' का सहारा लिया जाएगा। इस सुविधा में छात्रों को कंप्यूटर स्क्रीन पर इंटरव्यू लेती एआई की छवि युवाओं की गलतियों का आकलन करेगी। इस सुविधा के लिए 15 से आवेदन शुरू हो गए हैं। संस्थान में सबसे पहले 750 युवाओं का पंजीकरण कराया जाएगा। इसके बाद संस्थान के 70 कंप्यूटर के जरिए बैच बनाकर उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी।

संस्थान में इस सुविधा पर पिछले तीन महीनों से काम चल रहा है। इसके लिए एक निजी संस्था ने भी सहयोग किया है। संस्थान की ओर से तीन शिक्षकों को भी अब तक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें निहारिका श्रीवास्तव, छवि यादव व अमित अग्निहोत्री शामिल हैं। ट्रेनिंग में युवाओं को दो या तीन बार साक्षात्कार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें व्यक्तित्व विकास, समूह चर्चा को भी शामिल किया गया है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश चंद्र आनंद ने बताया कि नई सुविधा से युवाओं में इंटरव्यू का डर दूर होगा, इंटरव्यू के दौरान नर्वस हो जाना, इंटरव्यू देने का तरीका, उनके उठने-बैठने के तरीकों और नेतृत्व क्षमता का विकास किया जाएगा।



### ऐसे मिलेगा प्रशिक्षण

- एआई प्रशिक्षण लेने वाले युवा कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बैठेंगे। स्क्रीन पर एआई के जरिए बनाया गया 'आभासी पैनल' युवाओं का इंटरव्यू लेगा। समय पूरा होने के बाद युवाओं में बेहतर प्रदर्शन व खराब प्रदर्शन की रिपोर्ट एक साथ अंकों के रूप में बाहर आएगी। इसी आधार पर सुधार किया जाएगा।

**15** से शुरू हुआ संस्थान में पंजीकरण

**750** युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**70** कंप्यूटर की लैब के लिए बैच बनाए जाएंगे

**03** शिक्षकों को इसके लिए दिया प्रशिक्षण

कानपुर नगर के विकास की गाथा की शुरुआत कर
शहर को अनेक रेल ऊपरगामी पुल
बिजली एवं रोजगार की समस्या के निदान के लिये दो पावर हाउस का निर्माण शुरू कराया
अन्य शहरों को जाने वाली रेल गाड़ियाँ
शहर से हवाई जहाज की यात्रा की शुरुआत व फोर लेन सड़कों
के अतिरिक्त आम जनमानस की समस्याओं से सदैव लड़ने वाले और उनका निराकरण कराने वाले
विकास पुरूष पूर्व केंद्रीय मंत्री (भारत सरकार)
श्री श्रीप्रकाश जायसवाल जी
के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए उन्हें जीवन के
80वाँ जन्म वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
देते हैं और उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं।
आयुष्मान भवः

चिरंजीवी भवः
श्री श्रीप्रकाश जायसवाल जी
(जन्मतिथि – 25.09.1944)
समस्त कानपुर महानगर वासी व इष्ट मित्र
शुभेक्षु : काँग्रेस कमेटी कानपुर शहर, नगर ग्रामीण एवं कानपुर देहात।
सौजन्य से : आपके दोस्त

# प्रेमपुर पहुंची एटीएस, ब्लैक स्पॉट तय होंगे

## पटरी पर मालगाड़ी के आगे सिलेंडर रखने का मामला, आसपास के लोगों की शरारत माना जा रहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में स्थित प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के पास लूपलाइन में मालगाड़ी के आगे 5 किलो का सिलेंडर रखने के मामले में घटनास्थल पर एटीएस पहुंची। पूरे ट्रैक का निरीक्षण किया। सूत्र बताते हैं कि एटीएस इसे आसपास के लोगों की शरारत ही मान रही है।

एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि रेलवे की टीम को ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित करने के लिए कहा गया है जहां पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी की टीमें लगातार पेट्रोलिंग करेंगी। थाना पुलिस को ट्रैक के आस पास के गांवों की सूची बनाने के लिए कहा गया है। प्रधानों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी कि वे पेट्रोलिंग में मदद करें। साथ ही गांव में रहने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की निगरानी करें। बुधवार को लखनऊ की फोरेंसिक टीम प्रेमपुर आकर घटनास्थल पर सीन रिक्रिएट कर सकती है। अब तक जीआरपी और आरपीएफ ने स्थानीय 56 लोगों से पूछताछ की है।



मालगाड़ी के आगे रखा गया था सिलेंडर। अमृत विचार

### कालिंदी के लोको पायलटों ने दर्ज कराए बयान

**कानपुर।** शिवराजपुर थानाक्षेत्र में स्थित मुडेरी क्रासिंग के पास कालिंदी एक्सप्रेस के आगे रेलवे ट्रैक पर एलपीजी सिलेंडर रखकर पलटाकर उड़ाने की साजिश के मामले में 16 दिन बाद एक्सप्रेस के लोको व असिस्टेंट लोको पायलट ने शिवराजपुर थाने पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए हैं। 8 सितंबर को शिवराजपुर नेवादा टॉल प्लाजा के पास कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश रची गई थी। मंगलवार दोपहर कालिंदी एक्सप्रेस के लोको पायलट और असिस्टेंट लोको पायलट शिवराजपुर थाने पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए हैं। उन्होंने बयानों ने कहा कि सीटी फाटक पार करने के बाद अचानक सिलेंडर दिखाई दिया। ट्रेन में अगर इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए जाते तो ट्रेन डिरेल होने और बड़ा हादसा होने का खतरा था। लिहाजा धीरे-धीरे ट्रेन रोकने के लिए ब्रेक लगाने शुरू किए थे। 7 बार रिमाइंडर और 2 बार सफीना देने के बाद भी न आने की वजह पूछने पर उन्होंने बताया कि उनका शेड्यूल ट्रेन पर था और पहले रेलवे की रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा था।

- 16 दिन बाद शिवराजपुर थाने पहुंचे दोनों

### फतेहपुर के छोटे स्टेशनों पर संदिग्धों की तलाश

**कानपुर।** प्रेमपुर स्टेशन की लूपलाइन पर सिलेंडर रखने के मामले में आरपीएफ और जीआरपी ने मंगलवार को संदिग्धों की तलाश में फतेहपुर के छोटे स्टेशनों पर भी अभियान चलाया। टीम ने स्टेशनों के आसपास दुकानों, आवासों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे। दुकानदारों और रेलवे स्टाफ से पूछताछ कर जानकारी ली। सेंट्रल से प्रेमपुर स्टेशन के बीच पड़ने वाले स्टेशनों का भी जायजा लिया गया। रेलवे के मजदूरों और आसपास कई दुकानदारों से पूछताछ की गई है। प्रेमपुर स्टेशन के पीछे पंजाब नेशनल बैंक, दुकानों और घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई।

# जीआरपी ने 56 से की पूछताछ, 49 को छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 6 प्रधानों से संपर्क कर नशेड़ियों की ली जानकारी

**अमृत विचार।** जीआरपी प्रभारी ओमनारायण सिंह ने मंगलवार रात तक बड़ागांव, प्रेमपुर, हाथीपुर, सरसौल और स्टेशन के समीप निर्माण कार्यों में लगे 56 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें 49 लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया। पांच लोगों को पूछताछ के लिए रोक रखा है। आरपीएफ जीएमसी प्रभारी सुरुचि शर्मा और ओएन सिंह ने गोविंदपुरी से कच्चीबस्ती और यार्ड लाइन पर मंगलवार को गश्त की।

बस्तियों में जाकर लोगों को जागरूक किया। जीआरपी ने आसपास के गांवों में 6 प्रधानों से संपर्क कर वहां के नशेड़ियों के बारे में भी जानकारी ली। आसपास गांवों से 101 शरारतीतत्वों व नशेड़ियों की लिस्ट तैयार की गई है। एसपी रेलवे प्रयागराज अभिषेक यादव ने बताया कि जांच में टीम जुटी है।

# 1 लाख 32 हजार किलोमीटर लंबे ट्रैक की सुरक्षा करना बड़ी चुनौती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरपीएफ, गैंगमैन और रेल पथ निरीक्षक के हवाले है ट्रैक
- सिर्फ स्टेशनों के आसपास की सुरक्षा ही रहती कड़ी

**अमृत विचार।** बीते कुछ महीनों में कानपुर समेत कई स्थानों पर जिस तरह ट्रेनों को पलटाने की साजिश की गई है, उससे ये तय हो गया है कि पूरे देश में फैले 1 लाख 32 हजार, 310 किमी ट्रैक की सुरक्षा इतना आसान नहीं है। रेलवे प्रतिदिन 14 किमी नया ट्रैक कहीं न कहीं बिछाता रहता है। रेलवे ट्रैक की सुरक्षा मुख्य स्टेशनों के पास ही कड़ी होती है, बाकी जगह लचर ही रहती है। इसके अलावा ट्रैक की निगरानी के लिए पर्याप्त स्टाफ भी नहीं है जिससे लापरवाही हो जाती है।

रेलवे ने मानक तय कर रखा है कि कितने किमी तक कितने गैंगमैन होंगे, कितनी दूर तक आरपीएफ का सिपाही ट्रैक पर गश्त करेगा और कितने किमी तक रेल पथ निरीक्षक ट्रैक की देखभाल करेंगे। इस लिहाज से जितने गैंगमैन, आरपीएफ जवान और रेल पथ निरीक्षक होने चाहिए, वह नहीं हैं। बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं।

> रेलवे ने गैंगमैन, ट्रैकमैन, रेल पथ निरीक्षक, आरपीएफ के क्षेत्र बांट रखे हैं, सुरक्षा के लिहाज से सब अपना अपना काम करते हैं। ट्रैक की सुरक्षा में कोई कमी नहीं है, 24 घंटे ट्रैक की सुरक्षा होती है।
>
> –संतोष त्रिपाठी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, कानपुर सेंट्रल

### किसका क्या काम

**गैंगमैन :** रेलवे का सबसे महत्वपूर्ण कर्मचारी गैंगमैन होता है जो लगभग 10 किमी तक हथौड़ा और रिंच लेकर चलता है। गैंगमैन ट्रैक को मजबूत करने के लिए लगाई गई क्लिपें व स्लीपर की देखरेख करता है। ट्रेनों के चलने से क्लिप 5 एमएम ढीली होती रहती है जिसे हथौड़ा के माध्यम से गैंगमैन टाइट करता है। यदि कोई बड़ा फाल्ट है तो वह रेल पथ निरीक्षक को इसकी सूचना देता है। जिस प्रकार तेजी से रेल मंत्रालय ट्रैक का विस्तार कर रहा है और गैंगमैन रिटायर हो रहे हैं, उससे ट्रैक बढ़ रहा है और गैंगमैन घट रहे हैं।

**आरपीएफ :** आरपीएफ यानी रेलवे सुरक्षा बल का काम रेलवे की संपत्ति की सुरक्षा व देखभाल करना है। देश में जब आतंकी गतिविधियां बढ़ीं थीं तो आरपीएफ को ट्रैक पर गश्त के लिए लगाया गया था। इन्हें क्षेत्र आवंटित कर दिया जाता है और आरपीएफ जवान 24 घंटे गश्त करते हैं।

**रेल पथ निरीक्षक :** पीडब्लूआई यानी रेल पथ निरीक्षक का काम ट्रैक की देखभाल करना होता है। जिस रूट पर ट्रेनें कम चलती हैं, वहां ये निरीक्षक ट्राली के सहारे गश्त करते हैं लेकिन कानपुर-दिल्ली, कानपुर-हावड़ा जैसे मुख्य रेलमार्ग पर ट्राली से गश्त करना संभव नहीं है क्योंकि इस रूट पर प्रतिदिन 3 मिनट पर एक ट्रेन चलती है और इन ट्रेनों की स्पीड 130 किमी प्रति घंटा तक होती है।

**जीआरपी :** रेलवे में यदि कोई क्राइम होता है तो जीआरपी इस मामले को देखती है। यदि ट्रेन में जहरखुरानी हो जाए, यात्रियों में मारपीट हो जाए, धरना प्रदर्शन होने लगे, कोई ट्रेन रोकने की कोशिश करे तो ऐसे मामलों में जीआरपी सक्रिय हो जाती है।

# ट्रेडमार्क का उल्लंघन करते पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छापेमारी के दौरान नकली पैकेजिंग सामग्री, उत्पाद हुए बरामद
- कोर्ट की ओर से नियुक्त कमिश्नर की टीम ने की छापेमारी

**अमृत विचार।** ट्रेडमार्क के उल्लंघन के आरोप में पनकी स्थित संतरी जी का तिरंगा पर छापेमारी की गई। जहां जांच दल को ट्रेडमार्क का उल्लंघन मिला। इस छापेमारी का नेतृत्व कोर्ट की ओर से नियुक्त कमिश्नर शिवम मेहता की टीम ने किया। जिसमें वादी के अधिवक्ता अनिल कुमार साहू और सृजन पंकज ने कानूनी प्रक्रिया में सहयोग दिया।

बताया गया कि वादी विजय कुमार गुप्ता बालाजी इंटरनेशनल के मालिक हैं और जय बालाजी सर्फेक्टेंट्स एलएलपी के संचालक पार्टनर संजय कुमार जायसवाल, विजय कुमार गुप्ता हैं। उनका आरोप है कि लक्ष्मी चंद आहूजा और उनकी कंपनी एसबी केमिकल्स ने उनके प्रसिद्ध ब्रांड 'तिरंगा की पैकेजिंग और ट्रेडमार्क की नकल कर संतरी जी का तिरंगा' नाम से उत्पाद बाजार में उतारे। इससे ग्राहक भ्रमित हो रहे हैं।

तिरंगा' ब्रांड की पैकेजिंग की नकल कर बाजार में संतरी जी का तिरंगा के नाम से उत्पाद बेचे जा रहे थे, जो हूबहू असली ब्रांड की तरह दिखते थे। छापेमारी के दौरान नकली पैकेजिंग सामग्री, उत्पाद, और अन्य संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। वादी के अधिवक्ता अनिल कुमार साहू ने बताया कि यह कार्यवाही उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और बाजार में मिलती-जुलती पैकेजिंग में कम गुणवत्ता वाले उत्पादों की रोकथाम के लिए की गई है। अब यह मामला दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में चलेगा। जहां ट्रेडमार्क उल्लंघन और पैकेजिंग की नकल के कानूनी पहलुओं पर चर्चा होगी।



मौके पर जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

## इरफान के मामले में 27 को सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की अपील पर बहस नहीं हो सकी। मामले की अगली सुनवाई 27 सितंबर को होगी।

जाजमऊ, डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी के मामले में दोषमुक्त करार दिए गए सपा के निर्वतमान विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई थी। आदेश के खिलाफ पूर्व विधायक ने हाईकोर्ट में अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर रिहा किए जाने की याचिका दाखिल की थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई में इरफान सोलंकी के अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखा था, जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से दो हफ्तों के अंदर जवाब मांगा था। सरकार मामले में जवाब दाखिल कर चुकी है। अब बचाव पक्ष के अधिवक्ता अपना पक्ष रखेंगे।

# पेशकार को गिरफ्तार कराने वाले की मां व भाई को जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एसीपी बाबूपुरवा के पेशकार ने मांगी थी 25 हजार घूस, एंटी करप्शन ने दबोचा था
- शिकायत करने वाले दिव्यांग की मां व भाई को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** 25 हजार घूस मांगने पर बाबूपुरवा एसीपी के पेशकार को गिरफ्तार कराने वाले दिव्यांग की मां व छोटे भाई को पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमें में जेल भेज दिया। पीड़ित ने पुलिस पर खुन्नस में ऐसा करने का आरोप लगाया। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की।

जूही लाल कॉलोनी निवासी दिव्यांग रिंकू पासवान ने किदवई नगर थाने में मोना कश्यप, श्रीबल, राजा कश्यप और समीर के खिलाफ 15 जुलाई 2024 को एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की जांच तत्कालीन एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ यादव के पेशकार हेड कांस्टेबल शहनवाज खान कर रहे थे।

मुकदमे में प्रगति के नाम पर हेड कांस्टेबल ने 25 हजार की घूस मांगी थी, लेकिन 15 हजार में सौदा तय हुआ था। जिस पर पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। टीम ने छापेमारी कर हेड कांस्टेबल शहनवाज को घूस लेते गिरफ्तार किया था।

दिव्यांग रिंकू ने मंगलवार को पुलिस कमिश्नर से शिकायत करते हुए बताया कि किदवई नगर पुलिस ने खुन्नस में आकर आरोपी पक्ष से साठगांठ कर बहन आशा, पड़ोसी राजेश, राहुल, छोटे भाई मोनू व मां रामजानकी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर 65 साल की मां और छोटे भाई को जेल भेज दिया। उनका कहना है कि मेरे और परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वाले खुद मेरी मां के साथ मारपीट करते हुए वीडियो में कैद हुए हैं। मारपीट के सारे साक्ष्य होने के बाद भी पुलिस ने मेरी नहीं सुनी।

## सार-संक्षेप




मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अमृत विचार

### छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के तरीके

**कानपुर।** महिला महाविद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं ताकि किसी भी विषम परिस्थितियों में वह अपना बचाव कर सकें। इसके अतिरिक्त साइबर जागरूकता और छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों से भी अवगत कराया जाएगा। डॉ. दीपाली निगम छात्राओं को शारीरिक क्षमता और फिटनेस के लिए भी प्रशिक्षित करेंगी। मंगलवार को महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत 14 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई। जिसका उद्घाटन महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या और चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर ममता गंगवार ने किया। कार्यशाला के प्रारंभिक तीन दिवस में कराटे प्रशिक्षक बसंत सिंह द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के कौशल सिखाए जाएंगे। महाविद्यालय की क्रीड़ा समिति की अध्यक्षा डॉ. प्रतिभा श्रीवास्तव, डॉ. सबा यूनुस, डॉ. पूजा श्रीवास्तव, डॉ. दीपाली श्रीवास्तव, डॉ. कल्पना श्रीवास्तव, डॉ. प्रज्ञा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।



छात्र-छात्राओं ने नृत्य पेश किया। अमृत विचार

### संगीत प्रस्तुतियों से माहौल हुआ भव्य

**कानपुर।** नाटक अकादमी एवं स्वरांजलि संगीत शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय की संस्थापक प्रबंधक डॉ. गीता मिश्रा स्मृति संगीत समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र मुख्य अतिथि एवं उप्र संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ शोभित नाहर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगीत समारोह में वाराणसी घराने के संतूर वादक कुमार सारंग ने राग मधुवन्ती के तहत आलाप जोड़ झाला झपताल में निबद्ध गत एवं द्रुत तीन ताल की मोहक प्रस्तुति दी। ग्वालियर घराने के शास्त्रीय गायक प्रो. जयंत खोत ने राग भूपाली बडा ख्याल एवं छोटा ख्याल, अष्टपदी तथा राग खमाज में टप्पा की प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित जन समुदाय को भाव विभोर कर दिया। इसी प्रकार लखनऊ से पधारी मंजू मलकानी ने सर्वप्रथम श्रीराम वन्दना नमामि भक्त वत्सलम् एवं रुद्राष्टकम् की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके बाद शुद्ध परामपरागत कथक नृत्य के अन्तर्गत परन लड़ी टुकड़े एवं तिहाई के बाद तुमरी भाव पक्ष में, स्वर्गीय प0 बिरजू महाराज द्वारा रचित तराना की प्रस्तुति दी। समारोह में ओंकारेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के वरिष्ठ संरक्षक डॉ. अंगद सिंह, स्वरांजलि संगीत शिक्षण संस्थान की सचिव डॉ. पूजा अवस्थी, आरके सिंह, राजेन्द्र सक्सेना प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिवंगत महेश दीक्षित याद किये गये

**कानपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा तिलक हाल में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. महेश दीक्षित की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि की गई। पुष्पांजलि सभा के संयोजक संजय दीक्षित रहे। संचालन शंकर दत्त मिश्रा ने किया। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, अमित पांडे, पवन गुप्ता, मदन मोहन शुक्ला, हर प्रकाश अग्निहोत्री, निजामुद्दीन खां, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, महेश मेघानी एवं अतहर नईम आदि थे।

### देह व्यापार का दबाव बनाने का आरोप

**कानपुर।** किदवई नगर थानाक्षेत्र निवासी महिला ने पति समेत सुसरालीजनों पर कार खरीदने के लिए देह व्यापार का दबाव बनाने का आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर बंधक बना कर मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति कथित पत्रकार है, वह बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में अपने साथियों के साथ स्पा सेंटर संचालित कराता है। आरोप है कि पति स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट संचालित कराता है। पीड़िता के अनुसार ससुरालीजन कार खरीदना चाहते हैं, जिसके लिए सुसरालीजन स्पा सेंटर जाकर से देह व्यापार करने का दबाव बनाते हैं। वहीं ससुरालीजनों ने एसीपी बाबूपुरवा से शिकायत की कि बहू 8 अगस्त को अचानक कहीं चली गई। बहू के कमरे से करीब पांच लाख का सामान गायब मिला।

### शिक्षकों ने की भूख हड़ताल

**कानपुर।** दलित, पिछड़ा, उपेक्षित, अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा ने मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में सामूहिक भूख हड़ताल की। पेंशन का मुद्दा, शिक्षकों के एरियर के प्रकरण, विजिलेंस जांच के लिए 1981 से 2020 तक के मांगें गए मूल दस्तावेज आदि से जुड़ी मांगें शामिल थीं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने कहा कि समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जाएगा। धरने में भुवनेश भूषण, डॉ. महादेव, दूधनाथ, राजेश संखवार और रंजीत कुमार आदि थे।

## छात्रा को बहलाकर ले जाने में 4 साल कैद

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र में निवासी हाईस्कूल छात्रा को बहला फुसला कर ले जाने वाले दो युवकों को एडीजे-22 की कोर्ट ने दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोनों को चार-चार साल कैद की सजा सुनाई।

बिधून थानाक्षेत्र निवासी पीड़ित ने बताया था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी हाईस्कूल की छात्रा है। 19 मई 2014 को बेटी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने बिधनू थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बेटी को पुलिस ने घंटाघर से बरामद किया था। पुलिस ने मौके से दो युवकों मुरैना निवासी जगवीर उर्फ जीतू शंखवार व तेजी सिंह शंखवार को जेल भेजा था। इन दोनों को कोर्ट ने सजा सुनाई।

# एनीमिया से बचाव के लिए समुचित पोषण जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिधनू ब्लॉक में मोटे अनाज की रेसिपी का हुआ प्रदर्शन

**अमृत विचार।** बिधनू में मंगलवार को ब्लाक स्तर पर सैम बच्चों, किशोरियों, गर्भवती व महिलाओं की जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही रंगोली, पोषण कॉर्नर और रेसिपी प्रदर्शन के बाद किशोरियों को एनीमिया (खून की कमी) से मुक्त रहने की जानकारी दी। जंक फूड व फास्ट फूड के सेवन से होने वाले नुकसान की जानकारी भी दी गई।

बिधून ब्लाक स्तर पर लगे कैंप में 61 सैम बच्चों, 185 किशोरियों व 175 गर्भवतिओं की जांच की गई, जिनमे से पांच प्रतिशत किशोरियां व गर्भवतियों में खून की कमी पाई गई। बिधनू ब्लाक की बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) रतना श्रीवास्तव ने बताया कि किशोरावस्था से ही बच्चियों को समुचित पोषण पर ध्यान देना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए। ताकि एनीमिया के दुष्प्रभाव से वह बची रह सके। दूध से बनी चीजें जैसे दही व पनीर से भी समुचित पोषण प्राप्त किया जा सकता है। मौसमी फलों के सेवन से भी पोषण एवं एनीमिया प्रबंधन में प्रभावी होता है। खंड विकास अधिकारी सच्चिदानंद मिश्रा ने कहा कि मोटा अनाज बहुत ही उपयोगी पोषक तत्वों से भरपूर है। कुपोषण को दूर करने के लिए यह एक मूल्यवान संपत्ति है, जिससे बीपी, डायबिटीज आदि बीमारियों से बचा जा सकता है। इस दौरान डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र, मुख्य सेविका अनामिका, नीना व रचना समेत आदि लोग रहे।



बच्चे की जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

## होटल-रेस्टोरेंट के किचन में लगें कैमरे

**कानपुर।** भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि बीते कुछ दिनों से होटल व रेस्टोरेंट में कुछ लोगों द्वारा थूक लगाकर खाना बनाने या अन्य तरीके से खाने को परोसने के वीडियो वायरल हो रहे थे, इससे सभ्य समाज के लोगों पर बुरा असर पड़ रहा था। अब होटल, रेस्टोरेंट व ढाबा के किचन पर कैमरा अनिवार्य रूप से लगाना होगा। ढाबों की जांच पुलिस प्रशासन द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के इस निर्णय का भारतीय जनता पार्टी सराहना करती है।

**मेट्रो का काम** | अब किया जा रहा प्लेटफॉर्म की छतों और तकनीकी कक्षों का निर्माण

# बारादेवी–नौबस्ता सेक्शन के प्लेटफॉर्म तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन समेत कई स्टेशनों का दौरा किया और निर्माण कार्यों की प्रगति देखी। प्रबंध निदेशक मुताबिक बारादेवी, किदवई नगर, वसंत विहार, बौद्ध नगर और नौबस्ता मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म तैयार हो गए है। अब प्लेटफॉर्म पर प्री इंजीनियर्ड बिल्डिंग (पीईबी) स्ट्रक्चर लगाने और कॉनकोर्स लेवल पर तकनीकी कक्षों के निर्माण का काम किया जा रहा है।



बारादेवी–नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में बनकर तैयार प्लेटफार्म। अमृत विचार

प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशनों के प्लेटफॉर्म की ढलाई का काम पूरा हो गया है। सभी स्टेशनों पर तकनीकी कक्ष बनाने का काम चल रहा है। बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के अलावा चुन्नीगंज-नयागंज और कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर अंडरग्राउंड सेक्शन में भी निर्माण कार्य तेजी हो रहा है।

### कृत्रिम रोशनी के कम प्रयोग से बचेगी बिजली

निदेशक/वर्क्स एंड इंफ्रास्टक्चर सीपी सिंह के मुताबिक एलिवेटेड सेक्शन के पांच में से तीन स्टेशन बारादेवी, किदवई नगर और नौबस्ता में पीईबी संरचना (प्लेटफॉर्म की छत) लगाने का काम भी शुरू हो गया है। इन संरचनाओं में पारदर्शी शीट का प्रयोग होने से प्लेटफॉर्म पर सूर्य की प्राकृतिक रोशनी दिन भर बनी रहेगी। कृत्रिम रोशनी का कम प्रयोग होने से बिजली की बचत होगी।

# गर्भवती पत्नी को निकालकर रचा ली दूसरी शादी, रिपोर्ट

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक युवक ने गर्भवती पत्नी को पीटकर घर से निकाल दिया। आरोप है कि इसके बाद दूसरी शादी रचा ली। पीड़िता ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जूही नटवनटोला कालोनी निवासी मुन्नी के अनुसार उनका विवाह रेलबाजार दीना सौदागर मस्जिद के पास रहने वाले गुफरान से हुआ था। पीड़िता ने बताया कि वह गर्भवती हैं। कुछ दिनों पहले उन्हें पता चला कि गुफरान ने उन्हें तलाक दिए बिना आम्शा नाम की महिला से विवाह कर लिया है। इसका विरोध करने पर आरोपित पति ने उन्हें मारापीटा और घर से निकाल दिया। जिसके बाद उन्होंने रेलबाजार थाने जाकर शिकायत की। इस संबंध में थाना प्रभारी विजयदर्शन शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

### शराब के लिए रुपये न देने पर पत्नी को पीटा

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में शराब के लिए रुपये न देने पर आरोपी पति ने पत्नी और ससुर को पीट दिया। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। रेलबाजार के खपरा मोहाल निवासी तरन्नुम के अनुसार उनका पति इरफान उर्फ अइया शराब का लती है। आरोप है कि 9 सितंबर की शाम को पति ने शराब के लिए रुपये मांगने। रुपये न देने पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। आरोपी ने उनके पिता को भी पीटा। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# हाईवे से जुड़ेगी गोल चौराहा-रामादेवी एलिवेटेड रोड

## एनएच-2 से जोड़ी जाएगी रोड, अधिकारियों के साथ होगी बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● मंडलायुक्त ने अभी प्रस्तावित डिजाइन को परिवर्तित करने के दिए निर्देश

● गोल चौराहे की ओर से आने वाले वाहन इसके जरिये सीधे लखनऊ को जा सकेंगे

**अमृत विचार।** शहर के भीतर जीटी रोड पर लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए गोल चौराहे से रामादेवी तक बनाई जाने वाली 10.83 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड एनएच-2 से जुड़ेगी। जिससे गोल चौराहे की ओर से आने वाले वाहन सवार बिना जाम में फंसे सीधे लखनऊ की ओर जा सकेंगे। मंडलायुक्त के निर्देश के बाद अब एनएच पीडब्ल्यूडी एलिवेटेड डिजाइन में फेरबदल करने की तैयारी में है।

अनवरगंज-फर्रूखाबाद रेलवे लाइन के कारण जीटी रोड पर रोजाना जाम से छुटकारा दिलाने के लिए गोल चौराहे से रामादेवी तक 10.83 लंबी एलिवेटेड रोड की योजना तैयार की गई है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट के तहत एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए 1000 करोड़ का बजट आवंटित किया था। सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इसका शिलान्यास भी किया था। एलिवेटेड रोड की डीपीआर व डिजाइन हैदराबाद की हेक्सा कंपनी तैयार कर रही है।

मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने जीटी रोड से रामादेवी होकर लखनऊ जाने वालों को राहत दिलाने के लिए एलिवेटेड रोड को कानपुर लखनऊ नेशनल हाईवे से जोड़ने से निर्देश दिए।

मंगलवार को एनएच पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने एलिवेटेड रोड को हाईवे से जोड़ने की संभावनाएं तलाशीं। इसके बाद पीडब्ल्यूडी अधिकारी, एनएचएआईअधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### चार स्थानों को दी जाएगी एप्रोच रोड

एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए गोल चौराहे, झकरकटी बस अड्डे, सीओडी व रामादेवी के पास एलिवेटेड रोड में प्रवेश व निकास के लिए एप्रोच रोड दी जाएगी। लखनऊ से आने वाले वाहन सवार चकेरी थाने के पास सर्विस लेन से होकर एलिवेटेड रोड पर प्रवेश करेंगे और सीधे गोल चौराहे पर पहुंचेंगे।

> मंडलायुक्त ने एलिवेटेड रोड को नेशनल हाईवे से जोड़ने का सुझाव दिया है, जिससे लखनऊ आवागमन में काफी सुविधा प्राप्त होगी। मौके का निरीक्षण किया गया है, जल्द ही एनएचएआई अधिकारियों के साथ बैठक कर एलिवेटेड रोड को हाईवे से जोड़ने की अनुमति मांगी जाएगी।
>
> -मुकेश ठाकुर, अधिशासी अभियंता, एनएच पीडब्ल्यूडी

# सिक्सलेन जीटी रोड के लिए सर्वेक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ जीटी रोड का निरीक्षण करते मेट्रो व जलकल अधिकारी।

**अमृत विचार।** आईआईटी से गोल चौराहे तक 7 किलोमीटर लंबी जीटी रोड को सिक्सलेन बनाने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। मंगलवार को एनएच पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने मेट्रो व जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ मार्ग का निरीक्षण कर केबल व सीवर लाइनों को चिन्हित किया। एनएच पीडब्ल्यूडी ने सभी विभागों से शिफ्टिंग एस्टीमेट भी मांगा।

मेट्रो निर्माण के बाद संकरी हुई जीटी रोड का खोया स्वरूप वापस लौटाने के लिए मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने विकास कार्यों की बैठक में आईआईटी से गोल चौराहे तक 7 किलोमीटर जीटी रोड को सिक्सलेन बनाने की योजना तैयार की थी। एनएच पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने जीटी रोड का सर्वे कर जीटी रोड चौड़ीकरण में 65 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया था। जीटी रोड पर सीवर लाइन व मेट्रो संचालन के लिए बिछाई गई केबलों की जांच के लिए मंगलवार को एनएच पीडब्ल्यूडी के जेई जितेंद्र कुमार के साथ मेट्रो व जलकल अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अधिकारियों के मुताबिक जीटी रोड पर कल्याणपुर मेट्रो स्टेशन से लेकर रामा डेंटल तक करीब 1.5 मीटर मोटी केबल लाइनें बिछी हुई हैं, इसके साथ ही रावतपुर स्टेशन से मोतीझील तक कई स्थान केबल लाइन बिछी हैं, जो खोदाई में क्षतिग्रस्त होने से मेट्रो संचालन प्रभावित हो सकता है। अधिकारियों ने चौड़े किए जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। एनएच पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मुकेश ठाकुर ने बताया कि मार्ग का निरीक्षण कर मेट्रो व जलकल के साथ ही अन्य विभागों से शिफ्टिंग एस्टीमेट मांगा गया है।

# रामराज्य में सभी थे सुखी और प्रेम करने वाले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मंदाकिनी दीदी।

**अमृत विचार।** रामराज्य में सभी मनुष्य सुखी और आपस में प्रेम करते थे। श्रीराम के भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न जैसे सेवादार प्रभु के आदर्शों का पालन कराने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। श्री रामलीला सोसाइटी परेड के मानस प्रवचन में यह बात दीदी मंदाकिनी श्री रामकिंकर ने कही।

मर्चेंट चैंबर हॉल में मानस प्रवचन के पांचवें दिन मंगलवार को मंदाकिनी दीदी ने रामचरित मानस में वर्णित जीवन दर्शन की अत्यंत सारगर्भित व गंभीर विवेचना की। उन्होंने दरिद्रता की विस्तार से व्याख्या की। कहा कि रामराज्य में अनेक विशेषताएं थीं। रामराज्य में हर मनुष्य सब सुखी, जीव-जंतु व मवेशियों का जीवन भी आनंदमय था। मनुष्य एक दूसरे लगाव रखते थे। श्रीराम अपने संगठित व समर्पित पार्षदों को इसका श्रेय देते हैं। भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न जैसे सेवादार प्रभु के आदर्शों का पालन कराने के लिए सक्रिय रहते थे। इसलिए गोस्वामी ने दुख का कारण दरिद्रता और सुख को संतमिलन कहा है। गोस्वामीजी के इस कथन का तात्पर्य है कि दरिद्रता चाहे भौतिक, आंतरिक, मानसिक या बौद्धिक हो। जब तक तीनों प्रकार की दरिद्रता नष्ट नहीं हो जाती, जीवन के सुख-समृद्धि व शांति की अनुभूति नहीं होती है। सभी प्रकार के दरिद्र दोषों को दूर करने का सामर्थ केवल संत व सत्संगों में ही है। प्रवचन के दौरान श्री रामलीला सोसाइटी परेड के अध्यक्ष महेंद्र मोहन, कमल किशोर अग्रवाल, राजीव गर्ग, पवन गर्ग, पवन अग्रवाल, राजीव अग्रवाल व आलोक अग्रवाल आदि रहे।

## एक नजर

### शिक्षकों ने किया विरोध

**कानपुर।** 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को पास के विद्यालयों में विलीन करने के शासन के प्रस्ताव का जूनियर हाईस्कूल शिक्षक महासभा ने विरोध कर दिया है। महासभा ने मंगलवार को बैठक कर इस आदेश को तुरंत निरस्त किए जाने की मांग की है। प्रांतीय संयोजक अनुग्रह त्रिपाठी ने बताया कि आरटीई के मानक के अनुसार प्रत्येक ग्रामीण अंचल में परिषदीय विद्यालयों को खोला गया है। ग्रामीण अंचलों में लगातार होता पलायन एवं गिरती जनसंख्या के कारण परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों की संख्या में कमी आ रही है। जिसके लिए वर्तमान भौगोलिक परिस्थितियां जिम्मेदार है। इसके लिये अध्यापकों एवं पठन पाठन व्यवस्था को दोषी देना न्याय संगत नहीं है। बैठक में दिनकर त्रिवेदी, अर्चित शुक्ल, नेहा गुप्ता, शिल्पी कटियार, अभिषेक सैनी, मनीष निगम, दीपक चौहान, विनय प्रकाश, मनीषा वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पांच दिनी प्रशिक्षण शुरू

**कानपुर।** विस्तार इकाई, सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र फजलगंज में मंगलवार को पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 'सुगंध एवं सुरस निर्माण एवं इसके उपयोग' विषय पर हुई कार्यशाला में प्रशिक्षण हासिल करने आए लोगों को सुगंध के प्रकार और उसे अनुभव करना सिखाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधान निदेशक सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र केएन द्विवेदी ने किया। प्रथम सत्र में केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं किये जा रहे कार्यों की डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में केएन द्विवेदी ने सुगंधित तेल, सुगंध एवं सुरस के व्यापार की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्थिति के बारे में बताया। केंद्र प्रभारी डॉ भक्ति विजय शुक्ला ने किस प्रकार सुगंध को अनुभव किया जाता है उसके तरीके बताए गए। अरबिंद कुमार, भानु प्रताप सिंह दिया राठौर, अजय सिंह भदौरिया, विशाल निगम तथा विशेष सहयोग अंकित प्रजापति एवं त्रिलोकी सैनी मौजूद रहे।

### पथराव की सूचना पर भागी आरपीएफ व जीआरपी

**कानपुर।** टाटमिल पुल के नीचे ट्रेन पर पथराव की सूचना पर मंगलवार शाम आरपीएफ व जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। हालांकि मौके पर कोई मिला नहीं। जवानों को टाटमिल पुल के पीछे से लेकर गोविंदपुरी पुल तक पेट्रोलिंग की। इंस्पेक्टर व अन्य स्टाफ ने बस्ती के लोगों को जागरूक किया।

# कजाकिस्तान और सीएसजेएमयू के छात्र मिलकर करेंगे शोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


प्रो सुधांशु पांड्या व डॉ अनिल कुमार यादव के साथ कजाकिस्तान के अधिकारी।

● अस्ताना अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय व सीएसजेएमयू ने साइन किया एमओयू

**अमृत विचार।** कजाकिस्तान के अस्ताना अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के बीच एमओयू साइन हुआ है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र एकसाथ मिलकर शोध संबंधी कार्य करेंगे। कुलपति ने इस एमओयू को रिसर्च और अकादमिक विकास में नए अवसर खुलना बताया है।

कजाकिस्तान में हुए एक अकादमिक कार्यक्रम में सीएसजेएमयू के डीन, इंटरनेशनल रिलेशन और अकादमिक कॉपरेशन सेल प्रो सुधांशु पांड्या एवं कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। दोनो देशों के अधिकारियों ने संयुक्त बयान में बताया है कि इस एमओयू के तहत हायर एजुकेशन में रिसर्च और अकादमिक डेवलेपमेंट में स्टूडेंट्स साथ मिलकर कार्य करेंगे। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि इस एमओयू के होने से दोनों देशों विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं लेक्चर सीरीज, संयुक्त रिसर्च प्रोग्राम, फैकल्टी एक्चेंज प्रोग्राम, स्टूडेन्ट्स एक्सचेंज प्रोगाम आदि विषयों पर पढ़ाई के साथ-साथ रिसर्च भी कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ और विवि के साथ सीएसजेएमयू करार करने जा रहा है। सीएसजेएमयू के डीन प्रो सुधांशु पांड्या ने बताया कि कजाकिस्तान में अस्ताना अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय वहां के अग्रणी विश्वविद्यालय में से एक है जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा भी है। अस्ताना अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की ओर से इंटरनेशनल कॉपरेशन के वाइस प्रेसिडेंट कैरट एब्ड्राखमोनोव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

# आरोपियों के बीच मिली ट्रांजेक्शन की डिटेल




कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र में सिविल लाइंस स्थित मैरी एंड मेरीमैन स्कूल कंपाउंड में पर कब्जे के प्रयास के मामले में पुलिस को आरोपियों के बीच ट्रांजेक्शन की कुछ डिटेल मिली है। एक टीम इस मामले में जेल गए प्रेसक्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित के बैंक ट्रांजेक्शन पर काम कर रही थी। इस खुलासे के साथ ही पुलिस मानकर चल रही है कि जमीन कब्जाकांड का केस और मजबूत होगा।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नगर निगम में श्रीबालाजी इंजीनियरिंग वर्क्स और केस्को में श्री बालाजी मल्टी सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां काम कर रही थीं। दोनों कंपनियों का प्रोपराइटर फरार 50 हजार का इनामी सुनील शुक्ला है। सूत्रों ने बताया कि ट्रांजेक्शन रिपोर्ट में पता चला कि श्री बालाजी इंजीनियरिंग वर्क्स के खाते से अवनीश दीक्षित की करीबी को 30 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। रिपोर्ट में यह भी पता चला कि श्री बालाजी मल्टी सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड में अवनीश की करीबी ने पैसा लगाया। उसी ने फिर अवनीश दीक्षित के खाते में पैसा दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 28 जुलाई को अवनीश दीक्षित गिरफ्तार किया गया था। इसी दिन आरोपी जितेश झा ने अवनीश के खाते में 25 हजार रुपये डाले थे। यह ट्रांजेक्शन भी पुलिस को मिल गया है। जितेश झा के पकड़े जाने के बाद पैसा किन कारणों से दिया गया था इसका खुलासा होगा।

## सार-संक्षेप


रक्तदानियों को प्रमाणपत्र दिए गए। अमृत विचार

### रक्तदान से बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहीं

**कानपुर।** सर्वोदय नगर स्थित क्षेत्रीय श्रम संस्थान में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रीय अभियान की ओर से भारतीय रेडक्रास सोसाइटी ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। श्रम कल्याण अस्पतालों एवं औषधालयों और संस्थान में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच उप निदेशक डॉ .अर्कप्रभ साउ ने की। संस्थान के पीडीआईएस व एएफआईएच के विद्यार्थियों के साथ अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। क्षेत्रीय श्रम संस्थान के निदेशक व प्रभारी देव कुमार सक्सेना ने कहा कि रक्तदान से बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहीं है। रक्त की बढ़ती मांग को देखते हुए मानव सेवा के लिए संस्थान ने शिविर का आयोजन किया। इस दौरान रेडक्रास सोसाइटी के सचिव डॉ . आरके सफ्फड़, डॉ . रिचा बाजपेई, उप निदेशक सुरक्षा एस दत्ता चौधरी, सहायक निदेशक धनश्री आचरेकर, सहायक निदेशक आदित्य लामा, अतिरिक्त सहायक निदेशक ( सुरक्षा ) मनोज बी कासुल्ला समेत आदि अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहे।


शर्करा संस्थान के छात्रों ने की सफाई। अमृत विचार

### नुक्कड़ नाटक में दिया सफाई का संदेश

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत मंगलवार को नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। संस्थान के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर नाटक में छात्र-छात्राओं ने साफ-सफाई के महत्व को आम लोगों तक पहुंचाया। इस दौरान संस्थान की निदेशक, प्रो . सीमा परोहा नुक्कड़ नाटक के दौरान उपस्थित रहीं। नुक्कड़ नाटक में दिव्या त्रिपाठी, विशाल मिश्रा, चंदन शर्मा, मोहित सिंह, निधि शुक्ला, अंशिका कठेरिया, अनुराधा, सरिता, सत्यम, अंशुल, आर्यन, रवियांशु कुमार और तरुण कुमार ने अभिनय किया। मल्लिका द्विवेदी, सहायक निदेशक ( राजभाषा ) ने नाटक को निर्देशित किया। अशोक कुमार गर्ग, बृजेश कुमार साहू, डॉ .लोकेश बाबर, अखिलेश कुमार पांडेय, ब्रजेश सिंह सहित संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी रहे।


सफाई सुरक्षा किट वितरित करते महाप्रबंधक एमसी बालासुब्रमणियम।

### सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित हुआ

**कानपुर।** ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा 2024'' अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक एमसी बालासुब्रमणियम ने 55 संविदा कर्मचारियों को सफाई मित्र सुरक्षा किट प्रदान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ परिवेश का निर्माण करना भी राष्ट्र एवं समाज की बेहतरीन सेवा है। कैंटीन हाल में आयोजित शिविर में पीएमओ डा . ज्योति त्रिवेदी के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने संविदा सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में कार्य प्रबंधक अमर दीप कुमार स्थापना अनुभाग के प्रभारी एचबी सिंह मौजूद रहे।

### सीएसआर से चमकेंगे 45 स्कूल

**कानपुर।** शहर के 45 परिषदीय स्कूलों की सूरत सीएसआर फंड से बदलने वाली है। इनमें नगर क्षेत्र के स्कूल भी शामिल हैं। तापीय परियोजना पनकी के तहत यह सीएसआर फंड दिया जाएगा। इनसें10 किमी के दायरे में शामिल सरकारी स्कूलों में सुविधाएं बढाई जाएंगी। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास, खगोलीय लैब, खेल सामग्री और फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा। बीएसए ने कल्याणपुर, पनकी क्षेत्र में आने वाले स्कूलों के नाम और वहां संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव भेज दिया है। अब परियोजना प्रबंधन की ओर से स्कूलों में मांग के अनुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि कम्पोजिट कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय, पुराना कानपुर और उच्च प्राथमिक विद्यालय, भौंती प्रतापपुर को माडल विद्यालय के रूप में विकसित करने, प्राथमिक विद्यालय, पनका बहादुर नगर, उच्च प्राथमिक विद्यालय, सचेंडी प्रथम और सुजानपुर गढ़ी, प्राथमिक विद्यालय गढ़ी, प्राथमिक विद्यालय, प्रतापपुर सरसई में कायाकल्प के कार्य कराने का प्रस्ताव दिया गया है। वहीं, शास्त्री नगर ब्लाक के नानकारी और बैरी अकबरपुर में संविलियन विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों में सुविधाएं बढ़ेंगी।

# गद्दियाना ईदगाह के इमाम बोले, ओवैसी हैं सुन्नी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मौलाना हाशिम अशरफी को मंच पर ले जाते सांसद असदउद्दीन ओवैसी।

**अमृत विचार।** हैदराबाद में जलसा रहमत-उल-आलमीन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कानपुर स्थित गद्दियाना ईदगाह के पेशइमाम मौलाना हाशिम अशरफी ने साफ कहा है कि सांसद बैरिस्टर असदउद्दीन ओवैसी 24 कैरेट के शुद्ध सुन्नी हैं।

मंगलवार को आल इंडिया गरीब नवाज कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गद्दियाना ईदगाह के इमाम मौलाना हाशिम अशरफी ने अमृत विचार संवाददाता से मोबाइल पर दावा किया कि जो लोग ओवैसी को सुन्नी नहीं बताते हैं, उन्हें ये जान लेना चाहिए कि सांसद असदउद्दीन ओवैसी सुन्नी हैं। उन्होंने कहा कि जलसा रहमत-उल-आलमीन में एमआईएम चीफ सांसद असदउद्दीन ओवैसी ने तकरीर भी की। ये जलसा हैदराबाद के दारुस्सलाम आगापुरा में हुआ जिसमें मौलाना हाशिम अशरफी मेहमान-ए-खुशूशी (मुख्य अतिथि) थे। मौलाना ने अपनी तकरीर में कहा कि बेटियों को मोबाइल, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि से दूर रखें। अपने बच्चों पर नजर रखें कि वह किससे मिलते हैं और कितनी देर कहां रहते हैं। मौलाना ने जलसे के आखिर में दुआ कराई।

# ट्रेड शो में दिखेंगे 32 कारोबारियों के उत्पाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



■ चमड़ा कारोबारियों को बांग्लादेश की बाजार के लाभ की संभावना

■ शहर से श्री अन्न से जुड़े 25 उत्पाद विदेशी कारोबारियों को लुभाएंगे

**300** से अधिक उत्पादों पर होगा कारोबार

**32** कारोबारी शहर से ट्रेड शो में पहुंचे

**05** दिन तक चलेगा ग्रेटर नोएडा में शो

**450** करोड़ के कारोबार की जता रहे उम्मीद

**अमृत विचार।** ग्रेटर नोएडा में शहर के 32 कारोबारी अपने उत्पादों को ट्रेड शो में प्रदर्शित करेंगे। ट्रेड शो 25 सितंबर से है। इन कारोबारियों को ट्रेड शो से लगभग 500 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिलने की संभावना है। इनमें लगभग 450 करोड़ के ऑर्डर विदेशी बाजार से मिलने की उम्मीद है। इस बार ट्रेड शो में कारोबारी पारंपरिक और आधुनिक उत्पाद लेकर वहां पहुंचे हैं।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार शहर के मिलेट्स (श्रीअन्न) से बने उत्पाद खासतौर पर वहां प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें ज्वार, बाजरा व रागी के बने 'चिप्स', इसके अलावा मिलेट्स से बने नट्स, शीड्स, रोस्टेड नमकीन, रागी माल्ट सहित 25 उत्पाद इस बार शहर के कारोबारी वहां लेकर गए हैं। इन उत्पादों का शहर से जापान, यूरोप, दुबई जैसे देशों से सैंपल पास हो चुके हैं। इन नए उत्पादों को लेकर वहां गई निर्यातक संगीता सिंह ने बताया कि इस बार ट्रेड शो से उन्हें बहुत उम्मीद है। वियतनाम के कंट्री पार्टनर बनने के बाद ऑर्डर मिलने की संभावना और अधिक बढ़ गई है। इसी तरह चमड़ा कारोबारी भी इस बार ट्रेड शो को लेकर उत्साहित है।

शहर से इस बार लेदर बेल्ट, सिडलरी, पर्स, लेपटॉप बैग, लेदर ज्वेलरी, पेट्स ट्वॉय, शेफ्टी बूट, एपरेन, सेफ्टी ग्लव्स, कैप, एलबो, शेफ्टी शॉक्स सहित अन्य उत्पाद लेकर वहां पहुंचे हैं। चमड़ा निर्यातक इस बार हाथ से बने उत्पादों को भी लेकर पहुंचे हैं। इनमें बेल्ट, सिडलरी, पर्स, लेदर ज्वेलरी सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। लेदर कारोबारी डॉ. जफर नफीस ने बताया कि बांग्लादेश की बाजार पर पड़े गहरे असर की वजह से यहां पर बड़े ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। पिछली बार ट्रेड शो से वियतनाम के बैग के ऑर्डर मिले थे। इस बार बड़ी संख्या में ऑर्डर की उम्मीद है।

आयोजन | देश-प्रदेश के बिजनेस लीडर करेंगे कार्यक्रम में शिरकत, फिल्म अभिनेता शेखर सुमन भी होंगे समारोह में शामिल

# जयपुरिया में बिजनेस एंड लीडरशिप कॉन्क्लेव 26 को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


जयपुरिया स्कूल में कॉन्क्लेव की जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल की ओर से 26 सितंबर को बिजनेस एंड लीडरशिप कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। इस कॉन्क्लेव में देश-प्रदेश के बिजनेस लीडर शामिल होकर अपनी बात रखेंगे। फिल्म अभिनेता शेखर सुमन भी शामिल होंगे।

यह जानकारी मंगलवार को स्कूल की प्रिंसिपल शिखा बनर्जी ने दी। वार्ता के दौरान गोल्डी समूह से सुदीप गोयनका व बरसिया समूह के सीईओ भरत बरसिया भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कॉन्क्लेव में राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल होकर अपनी बात रखेंगे। इस इवेंट का उद्देश्य युवाओं को पढ़ाई के साथ व्यापार क्षेत्र में पनप रहे नए आयामों के बारे में जागरूक करना भी है।

स्कूल के वाइस प्रिंसिपल गणेश प्रसाद तिवारी व जुनियर विंग की प्रिंसिपल माधुरी भौमिक ने बताया कि 27 व 28 को स्कूल का वार्षिक इवेंट कॉन्फेस्ट आयोजित होगा।

**यह रहेंगे मौजूद:** इनमें जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशन के इंस्टीटयूट के चेयरमैन शिशिर जयपुरिया, गोल्डी समूह के सुदीप गोयनका, आकाश गोयनका, संस्कृति विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. सचिन गुप्ता, कपिला कृषि उद्योग के प्रबंध निदेशक सौरभ शिवहरे, काशी ज्वैलर्स के वाइस प्रेसिडेंट श्रेयांश कपूर, असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी स्टेट टैक्स आयुषी दीक्षित, रीजेंसी हेल्थ केयर के सीईओ अभिषेक कपूर, लोहिया एयरोस्पेस सिस्टम के अन्वी लोहिया, प्रोफशनल शेफ वंशिका भाटिया, ब्लास्टर लर्निंग आई के कोफाउंडर अंकित साहू, बिजनेस एण्ड लीडरशिप कोच अजय सिंह, भारतीय वायु सेना के पद्मविभूषित कर्नल आदित्य प्रकाश सिंह, डिजर्व इनवेस्टमेंट प्रालि के कोफाउंडर वैभव पोरवाल, लाहोरी जीरा के सीईओ सौरभ मुंजाल, ज्ञानफ्रेश के प्रबंध निदेशक जय अग्रवाल, लीडरशिप कोच फकरे आजम, एक्टर अतुल तिवारी, अल्युमिनाई विपिन गुप्ता, युवा अनस्टोपेवल के फाउंडर अमिताभ शाह, बारिस्ता के सीईओ रजत अग्रवाल सहित अन्य कॉन्क्लेव में उपस्थित रहेंगे।

# गन्ने के छिलके से इलेक्ट्रोड तैयार किया

**कानपुर।** आईआईटी के वैज्ञानिकों ने गन्ने के छिलके से इलेक्ट्रोड तैयार किया है। अभी तक ये इलेक्ट्रोड प्लास्टिक और सेरेमिक से तैयार किया जाता था, जो सालों तक नष्ट नहीं होते थे। प्रयोग के बारे में बताया गया कि यह पूरी तरह बायोडिग्रेडेबल है और इलेक्ट्रो केमिकल सेंसिंग में पूरी तरह से सक्षम है।

आईआईटी के इस नए प्रयोग को पेटेंट भी मिल गया है। आईआईटी के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. सिद्धार्थ पांडा के साथ डॉ. नचिकेत आशीष गोखले और डॉ. चिरंजीवी श्रीनिवासराव दूसा ने इसे तैयार किया है। गन्ने के छिलके के माध्यम से हुए इस प्रयोग का विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक सेंसर के साथ सफल प्रयोग किया गया है।

# लाखों रूपये देते राजस्व फिर भी बाजार में गंदगी का अंबार

## कूड़े के ढेर दे रहे बीमारी को दावत, लोगों का निकलना तक हुआ मुश्किल, कई बार शिकायत के बाद भी दूर नहीं हुई परेशानी

संवाददाता, बिल्हौर


ककवन बाजार में चारो ओर फैली पड़ी गंदगी। अमृत विचार


गंदगी के ढेर से लोगों को निकलना पड़ता है। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ककवन विकासखंड क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत में राजस्व की वसूली के साथ सब्जी बाजार का संचालन हो रहा है। जिसमें प्रतिवर्ष नीलामी लगाकर लाखों रुपए का राजस्व भी प्राप्त हो रहा है। विकासखंड ककवन के रहीमपुर विषधन ग्राम पंचायत में चौकी के पीछे बनी सब्जी बाजार में गंदगी का अंबार लगा है। इस गंदगी के बीच स्थानीय लोग अपनी सब्जी बेच रहे हैं। लोग इसी गंदगी में सब्जी खरीदने पर मजबूर है, जिससे उन्हें संक्रामक बीमारी का डर बना हुआ है। तमाम दुकानदारों की लगातार शिकायत के बाद भी ग्राम पंचायत की ओर से सफाई की व्यवस्था नहीं कराई गई। जिससे लोगों में जबरदस्त रोष है।

इधर विकासखंड क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायत में बाजार नीलामी की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें ग्राम पंचायत ककवन का सबसे अधिक राजस्व आता है लेकिन यहां भी गंदगी की स्थिति इसी प्रकार की बनी हुई है। जबकि दूसरी बड़ी ग्राम पंचायत है रहीमपुर विषधन। वहां पर भी गंदगी की वजह से लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों व यहां आने वाले ग्राहकों का कहना है कि पूरे मामले में जिम्मेदार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान ने साफ-सफाई के नाम पर कभी कोई कदम नहीं उठाए। लोगों का यह भी कहना है कि प्रतिवर्ष होने वाली नीलामी से ग्राम पंचायत को लाखों रुपए का लाभ होता है। इसके बावजूद साफ सफाई भी ढंग से ना होने की वजह से तमाम सवाल जिम्मेदारों पर खड़े होते हैं। स्थानीय लोगों ने सफाई के लिए डीपीआरओ व एसडीएम से ग्राम पंचायत मे सफाई की मांग की है।

### तीन पचांयत मे लगती है सार्वजनिक बाजार

- ककवन विकास खण्ड की तीन ग्राम पंचायतों मे सार्वजनिक बाजार लगती है। जिसकी वार्षिक नीलामी भी होती है लेकिन बाजार मे सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। ग्रामीणों की लगातार मांग के बाद भी आज तक दुकानदारों को पेयजल, छाया आदि किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिल सकी है। रहीमपुर विषधन ग्राम पंचायत में लगने वाली बाजार में कानपुर देहात व कन्नौज जनपद के तमाम दुकानदार सब्जी लेकर देर रात तक बिक्री करते हैं। इसके बाद भी वहां पर न रोशनी की व्यवस्था है और ना ही दुकानदारों के लिए बैठने का कोई इंतजाम किया गया है।

### बाजार का होगा कायाकल्प

- ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार और ग्राम पंचायत सचिव बाबू सिंह यादव ने बताया कि हाल ही में उन्होंने चार्ज लिया है। ग्राम पंचायत ककवन में लगने वाली बाजार का कायाकल्प कराया जाएगा जल्द बाजार में जल निकासी व इंटरलॉकिंग की व्यवस्था की जाएगी।

### सबसे ज्यादा राजस्व ककवन ग्राम पंचायत की

- तीनों ग्राम पंचायत में लगने वाली बाजार में सबसे ज्यादा राजस्व ग्राम पंचायत का ककवन में आता है। हालांकि ग्राम पंचायत की आमदनी 4 से 5 लाख रुपये की है। पंचायत में तीन दिवसीय रामलीला महोत्सव व अनंतचतुर्दशी के मौके पर दंगल का भी आयोजन किया जाता है। जिससे भी आमदनी होती है। वहीं दूसरे नंबर पर सबसे बड़ा राजस्व रहीमपुर विषधन का आता है जहां पर तीन से चार लाख रुपये प्रतिवर्ष बाजार की वार्षिक आमदनी है वहीं देवहा ग्राम पंचायत में भी 2.30 लाख की बाजार की नीलामी इस वर्ष की गई थी, लेकिन सुविधाओं के नाम पर ग्राम पंचायत ने बाजारों में अपनी व्यवस्थाएं शून्य रखी है।

> मामले की जानकारी हुई है। सार्वजनिक जगहों पर सफाई अभियान चलाकर बाजारों को साफ कराया जाएगा, इसके अतिरिक्त लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही भी की जाएगी।
>
> **मनोज कुमार पटेल, डीपीआरओ**

# एक्सीडेंट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, घाटमपुर




**अमृत विचार।** घाटमपुर में हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने निजी अस्पताल में देर रात दम तोड़ दिया। वहीं साथी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। युवक की मौत के बाद परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत परास गांव के पास सोमवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घाटमपुर के कर्जियाना मोहल्ला निवासी जमीर अहमद (25) अपने साथी कानपुर के परेड निवासी राशिद (18) घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया था। घायलों के परिजन हैलट अस्पताल न ले जाकर एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां पर इलाज के दौरान राशिद की मौत हो गई। मौत होने के बाद परिजनों के द्वारा बिना पुलिस को सूचना दिए युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के द्वारा मौत की सूचना नहीं दी गई। न युवक का पोस्टमार्टम किया गया। तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### फांसी लगा कर युवक ने दी जान

- **बिठूर।** क्षेत्र के परगही गांव के भट्ठा कालोनी में रहने वाले 25 वर्षीय शशिकांत शुक्ला ने फांसी लगाकर जान दे दी। बड़े भाई विजयकांत शुक्ला के अनुसार शशिकांत शराब का आदी था। मंगलवार शाम को जब वह काम से वापस लौटे तो देखा कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखने पर शशिकांत का शव छत के पंखे में रस्सी के सहारे लटक रहा था। बड़े भाई ने बताया शशिकांत की शादी नही हुई थी आए दिन शराब के लिए लड़ाई झगड़ा करता रहता था। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विद्याज्ञान स्कूल में प्रवेश के लिए चयन प्रक्रिया शुरू

**साढ़(भीतरगांव)।** विद्याज्ञान स्कूल में प्रवेश के लिए चयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कक्षा 5 में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं कक्षा छह में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग कर सकते है। खंड शिक्षा अधिकारी पूनम वर्मा ने जानकारी दी कि इस परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष विद्याज्ञान परियोजना निदेशक द्वारा कराया जाता है। विकासखंड भीतरगांव के विद्याज्ञान नोडल विमल गुप्ता ने बताया कि 10 अक्टूबर के पूर्व पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फॉर्म जमा कर दिए जाएं ताकि समय से उनका संकलन कर जिले में प्रेषित किया जा सके।


पूनम वर्मा।

उन्होंने बताया प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा में ओएमआर शीट आधारित परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर में से एक सही का चयन कर उत्तर देना है। प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा के चारों खंडो के प्रत्येक खंड से न्यूनतम अंक प्राप्त करना अनिवार्य होता है। प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर सर्वोच्च अंक प्राप्त श्रेष्ठ विद्यार्थी के मध्य विद्या ज्ञान मुख्य परीक्षा का आयोजन होता है। विकासखंड नोडल ने बताया कि आवेदक उत्तर प्रदेश राज्य के ग्रामीण क्षेत्र का स्थाई निवासी हो।

# सपा ने शुरू की 2027 के चुनाव की तैयारी

संवाददाता, घाटमपुर


बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को कानपुर ग्रामीण की घाटमपुर विधान सभा क्षेत्र की मासिक बैठक कस्बा स्थित सपा कार्यालय में पूर्व विधायक व जिलाध्ध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला व पर्यवेक्षक कर्मवीर सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें 2027 के चुनाव पर चर्चा कर रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने अपने बूथों पर मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र व्यक्तियों के नाम बढ़वाने हेतु सम्बन्धित बीएलओ से मिलकर अपना योगदान करें। बैठक में निष्क्रिय जोन, सेक्टर व बूथ कमेटियों के पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान धीरेंद्र प्रताप ( राजू), विधान सभा अध्यक्ष घाटमपुर कर्मवीर सिंह यादव, जिला सचिव कानपुर ग्रामीण अमर सिंह यादव, महासचिव घाटमपुर विधानसभा सोमवती शंखवार, जिला पंचायत सदस्य घाटमपुर नूतम चौहान, मीना शंखवार पूर्व ब्लॉक प्रमुख पतारा, विजय सचान भगवानपुर, सचिव विधानसभा मनोज यादव, ब्लॉक अध्यक्ष विजय पटेल, जिला सचिव अभय उमराव, विधानसभा उपाध्यक्ष मनीष यादव, सेक्टर प्रभारी खेम सिंह, सदस्य पुनीत यादव, सजीवन यादव, गोविंद सिंह यादव, जिला सचिव शिव शंकर पाल, फूलचंद गोस्वामी, धीरेंद्र सिंह गोविंद, अविनाश कुमार राजेश कुमार चौरसिया, राजकुमार पाल गुलाब सिंह यादव, मोहम्मद अमीन निषाद, छोटे सिद्दीकी, हनुमान सिंह, शुगर सिंह एडवोकेट, हिमांशु यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रकम हड़पने के मामले में वांछित को किया गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में स्थित दाल मिल में अरहर भेजने के नाम पर नागपुर के कारोबारी ने दस लाख रुपये बतौर एडवांस हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पनकी साइट नंबर चार स्थित कामदगिरि इंडस्ट्रीज के सह संचालक मुन्ना लाल गुप्ता के अनुसार उनकी फर्म अरहर को प्रोसेस कर दाल बनाकर बेचती है। 5 जनवरी 2023 को उन्होंने खड़ी अरहर खरीदने के लिए नागपुर की फर्म संचालक रवि महादेव अप्पा रामेश्वरे से संपर्क किया था। बतौर एडवांस 10 लाख दिए थे। जिसके बाद रवि ने मोबाइल बंद कर लिया। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को आरोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया है।

## सार-संक्षेप


सफाई करते डॉक्टर व भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### झाड़ू लगाकर दिया सफाई रखने का संदेश

**सरसौल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सप्ताह अभियान के अंतर्गत मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी कानपुर महानगर दक्षिण के नेतृत्व में सरसौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर सीएचसी के डॉक्टर व कर्मचारियों के साथ भाजपा नेताओं ने झाड़ू लगाकर सफाई भी की। साथ ही ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। कहा गया कि स्वच्छता का जीवन में बहुत महत्व है। अपने आसपास गंदगी इकट्ठा न होने दें और लोगों को भी गंदगी न करने के लिए जागरूक करें। ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी के इस अभियान को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाकर सफल बनाएं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला मंत्री विनय मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रमेश कुशवाहा, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रानू शुक्ला, राज साहू, सुरेश, डॉ विशाल, डॉ दीपेंद्र उत्तम व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### सजेती के गुजेला जेवरात व नकदी पार कर ले गए चोर

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुजेला गांव में बीती रात चोरों ने एक घर में धावा बोलकर नकदी व सोने चांदी के आभूषण पार कर ले गए। जिसकी लिखित सूचना गृहस्वामी ने पुलिस को दी है। गुजेला गांव निवासी सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती रात घर के लोग पर सो रहे थे। सुबह 5 बजे बहन ने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। संदूक का ताला टूटा था। जिसमें रखी दो सोने की चेन, झाला, चांदी के बिछुआ व चार सिक्का, बिछिया तीन जोड़ी व 8 हजार रुपये गायब थे। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया की प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।


चोरों ने बक्सा तोड़ डाला ।

### मामूली विवाद मे कालेज के सामने भिड़े छात्र

**बिल्हौर।** बिल्हौर कस्बे के वैष्णो नगर स्थित बीआरडी इंटर कॉलेज के बाहर मंगलवार को मामूली विवाद में छात्रों के गुटों के बीच बेल्ट चलने लगी। काफी देर बाद विवाद होने के बाद स्थानीय लोगों ने डांट फटकार कर सभी छात्र-छात्राओं को मौके से वापस भेजा। हालांकि मामले की शिकायत न ही विद्यालय में की गई और नहीं पुलिस से। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। वीडियो में छात्रों के बीच बेल्ट चलने व मारपीट स्पष्ट रूप से दिख रही है। मौके पर सैकड़ो छात्र खड़े हैं। मामले में थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि कोई लिखित शिकायत नहीं प्राप्त हुई है। मामले मे प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार ने बताया कि उनके पास किसी प्रकार की सूचना नही है।


झगड़े के दौरान लगी क्षात्रों की भीड़।

# दबंगों ने दंपति को लाठी-डंडों से पीट कर किया लहूलुहान

संवाददाता, घाटमपुर


दबंगों की पिटाई से घायल दंपति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कैथा गांव में एक दंपति को दबंगों ने लाठी-डंडे से पीट दिया एवं महिला को उठाकर ले जाने तो परिजनों ने विरोध किया तो परिजनों को भी पीटा। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। उनके आदेश पर दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कैथा गांव निवासी नवनीत सचान ने पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा को बताया कि गांव के ही शैलेंद्र गुप्ता सर्वेंद्र गुप्ता, धीरेंद्र गुप्ता उसकी बास की कोठी को काटने लगे। जिस पर मेरी चाची गोमती सचान मना करने लगी। तो उन लोगों ने मेरी चाची को उठाकर घर ले गए और दुष्कर्म का प्रयास किया।

शोर सुनकर पहुंचे मेरे चाचा व अन्य लोगों को उन लोगों ने लाठी डंडों से बुरी तरह मारपीटा पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा के आदेश पर घाटमपुर पुलिस ने उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। और जांच में जुट गई है।

# शराब के लिए रुपये न देने पर ब्लेड से हमला

**कानपुर।** हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में शराब के लिए रुपये न देने पर दबंगों ने युवक को पीटने के साथ ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दानाखोरी निवासी महिला कलावती गुप्ता के अनुसार उनका बेटा सुमित सोमवार को पड़ोस में रहने वाले रोहित हड्डी के घर जा रहा था। तभी क्षेत्र का निवासी मोनू राठौर उर्फ मीना और रोहित बीच में ही मिल गए और उससे शराब के लिए रुपये की मांग करने लगे। जब रुपये देने से मना किया तो मोनू ने सुमित पर ब्लेड से हमला कर दिया, हमले में सुमित के चेहरे, गले व पेट में चोटें आईं।

# निवेश व केवाईसी के नाम पर 5.73 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने बर्रा व गोविंद नगर थानाक्षेत्र निवासी युवकों से निवेश व क्रेडिट कार्ड केवाईसी कराने के नाम पर 5.73 लाख की ठगी कर ली। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

बर्रा सात निवासी हिमांशु वर्मा को धन प्रोफेशनल नाम के वाट्सएप ग्रुप के जरिए शेयर मार्केट में निवेश करना महंगा पड़ गया। मुनाफे के झांसे में आकर उन्होंने 4.70 लाख खाते में जमा कर दिए। हिमांशु ने बताया जब उन्होंने रुपये निकालने का प्रयास किया तो ठगों ने 6 लाख और जमा करने की बात कही। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने साइबर थाने में शिकायत की। वहीं दूसरी घटना दबौली गांव में हुई। दबौली गांव निवासी पंकज कुमार प्रिंटिंग का काम करते हैं। पंकज ने बताया कि एक सितबंर को उनके पास फोन आया। कॉल करने वाले ने क्रेडिट कार्ड की केवाईसी के नाम पर लिंक भेजा। जिस पर क्लिक करने के बाद दो ओटीपी आए और खाते से दो बार में 1.03 लाख रुपये निकल गए। उन्होंने चौकी रतनलाल नगर और थाना गोविंदनगर में ठगी की सूचना दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने डीसीपी साउथ कार्यालय में मदद की गुहार लगाई है।

**दिए सख्त निर्देश** बेरिया व बरनाव गौशाला में कई जगह गंदगी देख चढ़ा पारा, लगाई फटकार

# गौशाला का अपर निदेशक ने लिया जायजा

संवाददाता, घाटमपुर


गौशाला का निरीक्षण करते अपर निदेशक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेरिया में बनी वृहद गौशाला का अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग व सीबीओ सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया। यहां जायजा लेने के बाद सभी अधिकारी पतखरा विकासखंड के बरनाव की गौशाला में भी पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान तमाम खामियां पाए जाने पर अपर निदेशक नाराज हुए और सीबीओ को सुधार करने के सख्त निर्देश दिए।

घाटमपुर विकासखंड के अंतर्गत वृहद गौशाला बेरिया ग्राम पंचायत में मंगलवार को अपर निदेशक ग्रेड टू डॉ मनोज गुप्ता व कानपुर नगर के सीबीओ डॉ ईश्वरी देव नारायण एवं एसीबीओ डॉ संजय कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अपर निदेशक ने गौशाला में भूसा, चोकर, पानी, साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान वहां तैनात केयर टेकर को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए, इसमें किसी तरह की लापरवाही न हो। इसके बाद अपर निदेशक संजय शुक्ला ने पतारा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरनाव में बनी बेहद गौशाला का भी निरीक्षण किया। जहां पर खामियां देखकर भड़क उठे और खामियों को दूर करने के लिए सीबीओ को निर्देश दिए। इस मौके पर डॉ अरुण, डॉ विवेक, ग्राम पंचायत अधिकारी सुभाष वर्मा, ग्राम प्रधान पति चरण सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

- **गौशाला में भूसा, चोकर, पानी, साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं का हाल देखा**

### बाउंड्री वॉल की जमीन के विवाद पर कराई नाप

घाटमपुर की वृहद गौशाला बेरिया में बाउंड्री का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराया जा रहा है। इसमें 1.854 हेक्टेयर जमीन गौशाला के लिए ग्राम पंचायत ने दे रखी है। इस गौशाला का अस्थाई कार्य 2020 में शुरू हुआ था। परंतु 2022 में वृहद गौशाला के रूप में स्थापित हुई है। अब लोक निर्माण विभाग इस गौशाला में बाउंड्री का कार्य शुरू कर दिया है। जिसमें बाउंड्रीवॉल को लेकर कई विवाद सामने आ रहे थे। जिस पर अपर निदेशक आलोक शुक्ला ने मौके पर लेखपाल को बुलाकर बेहद गौशाला की जमीन की नाप भी कराई। जिससे गौशाला में बाउंड्री वॉल बनने में कोई दिक्कत ना हो।

# लंबे विवाद के बाद विषधन में शांत हुआ भूमि विवाद

**बिल्हौर।** रहीमपुर विषधन ग्राम पंचायत में बीते कई महीने से चले भूमि विवाद में मंगलवार को मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने दोनों पक्षों के लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। राजस्व विभाग की ओर से पूर्व में कराई गई नाप के आधार पर बलराम सिंह को भूमि पर निर्माण करने के लिए कहा गया

बता दें कि विषधन ग्राम पंचायत में मेन रोड के पीछे माइनर की पटरी पर एक मकान को देर रात जेसीबी लगाकर अनिल राजपूत की ओर से ध्वस्त कर दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने अनिल राजपूत समेत कई लोगों पर मुकदमा भी दर्ज किया था। विवाद बढ़ते-बढ़ते क्षेत्रीय विधायक तक पहुंचा।

मंगलवार को विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने दोनों पक्षों के लोगों के दस्तावेज को देखा और राजस्व अधिकारियों से वार्ता कर सही निर्णय के निर्देश दिए। इसके बाद बलराम सिंह को निर्माण करने के लिए कह दिया गया। इधर मामले में उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि राजस्व विभाग की ओर से पहले ही जांच कर ली गई है। बलराम सिंह को निर्माण के लिए किसी प्रकार की रोक नहीं लगाई गई थी। राजस्व के किसी कर्मचारी द्वारा यदि उनके निर्माण कार्य में रोक लगाई गई तो उसकी विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

**कानपुर नगर निगम**

**निविदा सूचना**

**निविदा संख्या–22/मु0अभि0/2024–25**

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023–24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023–24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित कार्यो की निविदायें संख्या–19 दिनांक–01.10.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट **kmc.up.nic.in** पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम कानपुर**

Ro no. 102

दिनांक: 24.09.2024

## एक नजर

### तीन लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**शिवली।** युवती से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शिवली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को बताया कि कि उसकी पुत्री एक इंटर कालेज में ग्यारहवीं की छात्रा है। जिसको आने जाने के दौरान रास्ते में कुछ लोग परेशान करते हैं। इस बात की शिकायत करने पर युवती के पिता व भाई को पीट दिया। इंस्पेक्टर कृष्णा नंद राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### चार इंस्पेक्टर व एक एसआई की तैनाती में फेरबदल

**कानपुर देहात।** जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था के लिए एसपी ने चार इंस्पेक्टर व एक एसआई की तैनाती में फेरबदल किया है। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि प्रभारी वीआईपी/चुनाव सेल निरीक्षक शैलेंद्र कुमार मिश्रा को प्रभारी यूपी 112 में तैनाती दी गई है। इसी तरह रूरा एसओ रामगोविंद मिश्रा को प्रभारी वीआईपी, चुनाव सेल, प्रभारी यूपी 112 प्रयाग नारायण बाजपेयी को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ, प्रभारी मॉनीटरिंग सेल के अतिरिक्त विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभार व पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक जयप्रकाश शर्मा को रूरा थाना प्रभारी बनाया गया है।

### कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़, मारपीट का केस दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 10 जून की दोपहर वह अपने जेठ के घर में अकेली थी। जेठ के घर के सामने उसका भी अर्ध निर्मित मकान है। जिसमे निर्माण सामग्री रखी हुई है। तभी रंजिशन गांव के ही अर्चित, तनु, सुधीर व अमित घर में घुस आए और उसके साथ अश्लील हरकते करने लगे। शोर मचाने पर उसका पति मुकेश व भाई राजू आ गया। जिसपर आरोपी भाग गए और कुछ देर बाद उक्त लोग लाठी-डंडे व चाकू लेकर घर में घुस आए और उससे व परिजनों के साथ मारपीट की। एसएसआई लक्ष्मण सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर छानबीन की जा रही है।

### व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ बैठक का अयोजन

**रूरा।** कस्बे में मंगलवार को व्यापारियों के साथ हो रही घटनाओं को मद्देनजर व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। जिला प्रभारी केके मिश्रा ने कहा कि व्यापारियों की मदद के लिए हमेशा सुरक्षा प्रकोष्ठ तत्पर है। उन्होंने प्रतिमाह बैठक करने का आशवावन व्यापारियों को दिया।

# समय खत्म होने से जिरह पूरी न हो सकी, आज होगी सुनवाई

## 21 साल पुराने मामले में वादी मुकदमा से बचाव पक्ष की जिरह जारी

**मूर्ति चोरी प्रकरण**

- 12 मार्च 2002 की रात मंदिर में हुई थी मूर्तियों की चोरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शिवली क्षेत्र में एक मंदिर से मूर्तियों की चोरी का मामला 21 साल बीतने के बाद भी अभी अदालत में ही विचाराधीन है। इस मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब जिरह का दौर चल रहा है। मंगलवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने वादी से जिरह शुरू की लेकिन समय खत्म हो जाने पर कोर्ट ने आगे की जिरह के लिए बुधवार यानी 25 सितंबर की तारीख लगाई है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया था। जमानत मिलने के बाद दो आरोपी फरार हो गए थे। जिससे सुनवाई रुक गई थी। हाईकोर्ट के आदेश पर उनकी पत्रावली अलग कर अब आगे सुनवाई की जा रही है।

शिवली क्षेत्र के साकेत नगर के एक पुरातन मंदिर से पुरातन समय की अष्टधातु की करीब 50 किलो वजनी राधा-कृष्ण, बलराम की बड़ी मूर्ति व राधा-कृष्ण की एक छोटी मूर्ति की चोरी हो गई थी मामले में साकेत नगर शिवली के रहने वाले आलोक दत्त चतुर्वेदी ने पुलिस में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा था कि वह 12 मार्च 2002 की रात मंदिर में ताला बंद कर मंदिर के पीछे कमरे में सो गया था। सुबह मंदिर के दरवाजे खुले पड़े मिले और सभी मूर्तियां गायब थीं। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए क्षेत्र के सुक्खा निवादा निवासी देवशरण, देवनगर निवासी बबलू उर्फ विनय, शशिकांत उर्फ दीपू , मुन्नू उर्फ अवधेश शुक्ला की गिरफ्तारी करते हुए उनकी निशानदेही पर मूर्ति बरामद की थी साथ ही मामले की विवेचना पूरी कर 29 जून 2002 को सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे। मामले में सुनवाई दौरान सभी आरोपियों को अदालत से जमानत मिल जाने पर दो आरोपी बबलू उर्फ विनय व देवशरण फरार हो गए। जिसके चलते मामले में आगे सुनवाई नहीं बढ़ पाई। इसपर वादी मुकदमा ने हाईकोर्ट में मामले के शीघ्र सुनवाई किए जाने के संबंध में याचिका पेश की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मामले में तीन माह के अंदर आरोपियों पर आरोप तय कर विचारण शुरू कर शीघ्र मामले के निस्तारण के आदेश सीजेएम कोर्ट को दिए थे। इसपर कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए गैरहाजिर चल रहे आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट और कुर्की किए जाने की नोटिस जारी की लेकिन आरोपी हाजिर नहीं हुए। इसपर अदालत ने उनकी पत्रावली अलग कर हाजिर आरोपियों पर मुकदमे की सुनवाई आगे बढ़ा दी थी। मामले में वादी मुकदमा के कोर्ट में बयान दर्ज होने के बाद अब बचाव पक्ष की जिरह चल रही है।

## प्लॉट में कब्जा न देने पर एसपी के आदेश पर एफआईआर

**राजपुर।** जैनपुर गांव में प्लॉट का बैनामा होने के बावजूद कब्जा न देने पर महिला ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

राजपुर कस्बा निवासी राजकुमारी पत्नी मनोज स्वर्णकार ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 9 सितंबर 2021 को आराजी संख्या 268 स्थित मौजा जैनपुर में एक प्लॉट जैनपुर गांव निवासी महेश सिंह से बतौर बैनामा खरीदा था। पीड़िता का नाम राजस्व अभिलेखों में बतौर मालिक दर्ज हो गया है। इसके बावुजूद महेश सिंह ने उसी प्लॉट को फर्जी दस्तावेज बनवाकर 23 सितंबर 2023 को अपनी सगी पुत्री निशा देवी को दान कर दिया। इसी दानपत्र के सहारे वह कब्जा नहीं दे रहे हैं। प्लॉट पर कब्जा करने के लिए गए तो महेश सिंह, उसकी पत्नी नीलम देवी व पुत्री निशा देवी के साथ शाहजहांपुर निवासी उपेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार व गंभीर सिंह गालीगलौज व पुत्रों को झूठे मुकदमे मे फंसाने की धमकी दे रहे हैं। मामले में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि एसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



हवाई पट्टी की टूटी बाउंड्रीवाल से निकलता बाइक सवार। अमृत विचार

# जिले की हवाई पट्टी चालू करने की मांग

- संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री व उड्डयन मंत्री को भेजा पत्र

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** मैथा तहसील के मरहमताबाद में स्थित एकलौती हवाई पट्टी जो कई वर्षों से बदहाल पड़ी है। उसे चालू करने के लिए मानव सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री व उड्डयन मंत्री को पत्र भेजा है।

मानव सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष त्रिवेदी ने पदाधिकारियों के साथ हवाई पट्टी को देखा और उसकी बदहाली को दूर कराने को लेकर प्रधानमंत्री व उड्डयन मंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में करीब 311 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह हवाई पट्टी अनदेखी का शिकार है। इस पर आवारा पशुओं का डेरा है और नवयुवक आकर बाइक की स्टंटबाजी करते हैं। मालूम हो कि 2017 में बनकर तैयार हुई इस हवाई पट्टी पर दो बार ट्रायल और निरीक्षण होने के बावजूद भी अभी तक न तो इसे चालू किया जा सका है और न ही इसकी सही ढंग से देख-रेख की जा रही है। जगह-जगह बांउड्रीवाल टूट चुकी है और किनारे पर बबूल के पेड़ व झाड़ियां उग आईं हैं।



हवाई पट्टी का निरीक्षण करते संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष त्रिवेदी।

# विद्या ज्ञान स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

- निःशुल्क शिक्षा के लिए 10 अक्तूबर तक करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए विद्या ज्ञान स्कूल में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। कक्षा छह से बाहरवीं तक निशुल्क आवासीय शिक्षा के लिए विद्या ज्ञान द्वारा आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। अंतिम तिथि 10 अक्तूबर है।

चयनित छात्र-छात्राओं को बैग, किताबें और स्टेशनरी आदि सुविधाएं निःशुल्क दी जाएगी। विद्याज्ञान में प्रवेश के लिए केवल ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को मौका दिया जाता है। इस परीक्षा में कक्षा 5 में अध्ययनरत वाले छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रवेश के लिए छात्रों की उम्र न्यूनतम 10 और अधिकतम 11 वर्ष होनी चाहिए। जबकि छात्राओं के लिए न्यूनतम उम्र 10 और अधिकतम 12 वर्ष निर्धारित है। परीक्षा में शामिल होने के लिए सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालयों से कक्षा 3, 4 पास होने और 5 में अध्यनरत होने का प्रमाण पत्र, राजकीय स्कूल का पहचान पत्र, और अभिभावक की वार्षिक आय दो लाख रुपये से कम होने का प्रमाणपत्र होना जरूरी है।

# इजराइल में रोजगार पाने के लिए निर्माण श्रमिक कर सकते आवेदन

- सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर शर्तें एवं अर्हताएं उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशि तिवारी ने बताया कि इजराइल देश में निर्माण श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने की प्रक्रिया में भारत सरकार एवं वहां की सरकार के मध्य हुए अनुबंध के अन्तर्गत एनएसडीसी क्रियांवयन संस्था नामित हैं।

एनएसडीसी द्वारा पीआईबीए के साथ समन्वय स्थापित करते हुए फेम वर्क, शटरिंग कारपेंटर, आयरन बेन्डिंग, सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग कैटगरी के निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजा जाएगा। जिसके लिए अभ्यर्थी की उम्र 25 से 45 वर्ष, कम से कम तीन वर्ष की वैद्यता का पासपोर्ट, संबंधित ट्रेड में कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव व इजराइल में पूर्व में कार्य न किया हो आदि शर्तें एवं अर्हताएं सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

इच्छुक निर्माण श्रमिकों को सेवायोजन विभाग के एकीकृत पोर्टल पर जॉब सीकर के रूप में जाकर इजराइल के लिए पंजीकरण कराना हैं। निर्माण श्रमिकों के चयन के लिए प्रोफेशनल टेस्ट ड्राइव की कार्यवाही से पूर्व पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के अंग्रेजी भाषा के ज्ञान के मूल्यांकन संबंधी प्री-स्कीनिंग जनपद के नोडल आईटीआई प्रधानाचार्य एवं जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा की जाएगी। इसके बाद उत्तीर्ण श्रमिकों का इजराइल की संस्था द्वारा प्रोफेशनल टेस्ट लिया जाएगा।

जिसमें उत्तीर्ण श्रमिकों का पुलिस वेरीफिकेशन एवं मेडिकल होगा। अधिक जानकारी जनपद के सेवायोजन कार्यालय व कॉल सेंटर नंबर-155330 के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं।

## सार-संक्षेप



स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री देती संस्था की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव।

### एक उम्मीद की राष्ट्रीय सचिव ने बांटी शिक्षण सामग्री

**राजपुर।** एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति के द्वारा कस्बा सिकंदरा के एमएनपी हाईस्कूल में गरीब बच्चों को कॉपी, पेंसिल, पेन आदि का वितरण समिति की राष्ट्रीय सचिव ने किया। मंगलवार को एमएनपी हाईस्कूल में शैक्षिक एवं बौद्धिक विकास के लिए एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समिति की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव ने बच्चों को स्वास्थ्य की देखभाल एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, पर्यावरण संरक्षण के साथ युवाओं को रोजगार देने का भी कार्य करती है। विद्यालय में पढ़ रहे निर्धन, व जरूरतमंद विद्यार्थियों को समिति की ओर से कॉपी, पेंसिल, पेन आदि सामग्री वितरित की गई। कुछ बच्चों को ड्रेस व रुपये भी दिए गए। विद्यालय के डायरेक्टर मोहम्मद मारूफ ने राष्ट्रीय सचिव का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र कटियार ने की। इस मौके पर रामू यादव, बालकिशन यादव, श्यामू यादव, सरिता, राजा अंसारी आदि मौजूद रहे।




पीएमश्री विद्यालय बाढ़ापुर में केक काटकर मीना का जन्मदिन मनाते बच्चे।

### पीएम श्री विद्यालय में धूमधाम से मना मीना का जन्मदिन

**कानपुर देहात।** मीना दिवस के अवसर पर विकासखंड अकबरपुर के पीएम श्री विद्यालय बाढ़ापुर में मीना मंच की बालिकाओं ने बर्थडे केक काट कर मीना का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। विद्यालय में बच्चों द्वारा प्रधानाध्यापिका कंचन यादव के मार्गदर्शन में बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "मुझे पढ़ना अच्छा लगता है" थीम पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही परियोजना द्वारा निर्धारित विज्ञान के खेल, गणित की ट्रिक, कबाड़ से जुगाड़, जलवायु परिवर्तन, कानूनी जागरूकता और स्वच्छ परिवेश संबंधी स्टॉल भी लगाए। इस दौरान डॉ. प्रेम कुमार अग्निहोत्री के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उपस्थित रही। जिसके द्वारा बच्चों को साफ-सफाई की आदतों एवं सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही मुफ्त दवाइयों के संबंध में जानकारी दी गई। बीईओ मनोज सिंह पटेल ने कहा कि बालिका शिक्षा को लेकर विभाग लगातार प्रयासरत है। प्राथमिक विद्यालयों में मीना मंच का गठन और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पावर एंजेल के माध्यम से विद्यालय स्तर पर ही महिला सशक्तिकरण के उदाहरण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस दौरान सभासद अमृता सिंह कुशवाहा, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा अरुणेश सचान, एसआरजी संत कुमार दीक्षित, अनंत त्रिवेदी, एआरपी सत्येंद्र सिंह, शिक्षक सुमन यादव, सुरेखा यादव, उमा देवी, दिव्या सक्सेना, सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

# श्रीमदभागवत व रामलीला की तैयारी शुरू

- नवरात्र महोत्सव को लेकर बनाया जा रहा भव्य पंडाल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** तीन अक्तूबर से शुरू हो रहे नवरात्र वार्षिक महोत्सव को लेकर धर्मगढ़ बाबा सत्संग मंडल द्वारा तैयारी की जा रही है। श्रीमद्भागवत कथा, रासलीला व रामलीला आयोजन के लिए भव्य पंडाल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है।

जनपद कानपुर देहात के साथ-साथ औरैया, कन्नौज, कानपुर नगर, इटावा समेत कई जनपदों में भव्य धार्मिक आयोजन के लिए विख्यात श्री धर्मगढ़ बाबा मंदिर परिसर में सत्संग मंडल द्वारा शारदीय नवरात्र वार्षिक महोत्सव तीन अक्तूबर से प्रारंभ हो रहा है। महोत्सव में श्रीदुर्गा शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा, रात में जवाबी कीर्तन, देवी जागरण, वृंदावन के उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, विजयादशमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्यनगर भ्रमण शोभा यात्रा के बाद रावण पुतला दहन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। समापन दिवस पर भरत मिलाप, श्री राम राज्याभिषेक एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर भव्य पंडाल बनाने का कार्य शुरू हो गया है। साथ ही आजाद चौक पर मुख्य प्रवेश द्वार की सजावट आकर्षक ढंग से की जाएगी। मंगलवार को कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम शुक्ला, महामंत्री बउवन चौरसिया, उमेश गुप्ता, सोनू पांडेय, मुरारी लाल कुशवाहा, संजय मिश्रा, गुड्डू भदौरिया, प्रहलाद बाबू गुप्ता, रामू गुप्ता, रामू मिश्रा, महेंद्र यादव, रानू मिश्रा, विपिन मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, तोषी चंदेल, मीनू सिंह आदि अन्नदान समेत अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे रहे।



धर्मगढ़ बाबा परिसर में शारदीय नवरात्र महोत्सव के लिए तैयार होता पंडाल।

### तैलीय सामग्री का नहीं चढ़ेगा प्रसाद

**रसूलाबाद।** श्रीधर्मगढ़ बाबा सत्संग मंडल के मीडिया प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि तिरुपति बालाजी मंदिर प्रसाद प्रकरण के बाद मंदिर में प्रसाद चढ़ाने को लेकर कमेटी में विचार विमर्श हो रहा है। इस संबंध में शीघ्र ही नए नियम लागू किए जाएंगे। हालाकि अब धर्मगढ़ बाबा मंदिर में घी, वनस्पति या किसी अन्य तेल से बने वस्तुओं का प्रसाद नहीं चढ़ेगा। प्रसाद में केवल लइया, खीलदाना, इलायची दाना, रेवड़ी, बतासे व खोया से बना मिष्ठान, घर में बने मालपुआ का प्रसाद ही मंदिर में चढ़ाया जाएगा। यह व्यवस्था नवरात्रि से लागू की जाएगी।


राजस्व गांवों की गलत सूची से भ्रम

अमृत विचार में 28 अगस्त को प्रकाशित खबर।



मैथा तहसील में राजस्व गांवों की सही की गई सूची को देखते ग्रामीण।

# रजिस्टार कार्यालय में सही कराई राजस्व गांवों की सूची

- गलत नाम दर्ज होने से लोगों में पनप रहा था भ्रम

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** मैथा तहसील के रजिस्टार कार्यालय में करीब एक वर्ष से सूचना पट पर गलत लिखे राजस्व गांवों के नाम वाली सूची को विभाग ने सही करा दिया है। 28 अगस्त को अमृत विचार में मामले को प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद रजिस्टार कार्यालय ने सूचना पट पर दर्ज गलत नामों को दुरस्त कराया है।

मैथा तहसील के रजिस्टार कार्यालय में लापरवाही के चलते कार्यालय के उदघाटन के एक वर्ष बाद भी राजस्व गांवों की सूची में कई गलत नाम सूचना बोर्ड पर अंकित थे। रजिस्टार कार्यालय का उद्घाटन 12 जुलाई 2023 को स्वयं स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने किया था। उसी समय राजस्व गांव की सूची कार्यालय के अंदर दीवार पर पेंट से लिखाई गई थी। 122 गांव की सूची में अन्य जगहों के कई के नाम अंकित थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**मंगलपुर।** कस्बे के अक्षयवट धाम के समीप रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। आरपीएफ व झींझक चौकी पुलिस ने जांच की है।

कानपुर नगर के बिल्हौर क्षेत्र के नानामऊ निवासी रामजी की पत्नी सोनी (28) के संदिग्ध कारणों से लापता होने पर परिजनों ने बीती 8 सितंबर को मंगलपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार को पुलिस ने महिला को बरामद कर मंगलपुर थाना क्षेत्र के गांव साधूपुर मायके पक्ष को सुपुर्द कर दिया था। मंगलवार को सोनी की कस्बे के अक्षयवट धाम के खंभा नंबर 1081/12 के समीप रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आरपीएफ और झींझक चौकी पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। बहन मोनी व मां रूमा देवी ने मृतका का पहचान सोनी के रूप में की। झींझक चौकी प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

**खुशी की बात** क्षत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर में पढ़ाई जा रही रात्रिगमिष्यति व अजीजनबाई

# औनहां के डॉ. रामशंकर ने 28 खंडकाव्य-महाकाव्य लिख बढ़ाया मान

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के औनहां के बड़ागांव निवासी संस्कृत भाषा के उदभट विद्वान डॉ. रामशंकर अवस्थी अवकाश प्राप्त शिक्षक हैं। उन्होंने संस्कृत हिंदी के 28 खंडकाव्य, महाकाव्, नाटक, मुक्तक की रचनाएं की है।

संस्कृत के महाकाव्य कारगिल युद्धम, वनदेवी व संस्कृत के खंड काव्य सूर्य सेना अजीबाई, रात्रिगमिष्यति प्रसिद्ध हैं। इन रचनाओं के चलते डॉ. रामशंकर को राष्ट्रपति पुरस्कार वाणभट्ट, संस्कृति साहित्य, तुलसी आदि कई पुरस्कार मिल चुके हैं। उन्होंने बताया कि छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में एमए के पंचम प्रश्न पत्र में रात्रिगमिष्यति व बीए के छात्रों को काव्य के रूप में अजीजनबाई पढ़ाई जा रही है। संस्कृत के महाकाव्य वनदेवी पर मध्य प्रदेश के डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के शोधार्थी प्रदीप दुबे ने डॉक्टर ऑफ़ फिलासॉफी की उपाधि (संस्कृत में) सन 2019 में ग्रहण की। इसी तरह आठ शोधार्थियों ने विभिन्न ग्रंथों पर शोध किया है। वह भी संस्कृत की सेवा में लगे है।




डॉ. रामशंकर की कृतियां। अमृत विचार

### रामगीत गाऊंगा मैं, राम में समाऊंगा...

रामगीत गाऊंगा मैं, राम में समाऊंगा मैं, लोचनो से राम प्रेमनीर बरसाऊंगा। यह बात क्षेत्र के रहने वाले संस्कृत व हिंदी के विद्वान डॉ. रामशंकर अवस्थी ने भगवान राम पर हिंदी में महाकाव्य श्रीराम गाथा में कही है। इसी तरह माता सीता पर संस्कृत में महाकाव्य वनदेवी लिखा है। साथ ही भगवान राम के वंशज सुदर्शन पर महाकाव्य व शबरी पर हिंदी में खंडकाव्य लिखा है। संस्कृत में महाकाव्य वनदेवी पर डॉ. अवस्थी को वर्ष 2015 में साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला है।

### संस्कृत सेवा पर अब तक मिले सम्मान

- मानस संगम विशिष्ट सम्मान वर्ष 2005, वाग्विंदावर सम्मान हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग से वर्ष 2009, साहित्य अकादमी पुरस्कार (साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा) संस्कृत के लिए वर्ष 2015, राष्ट्रपति पुरस्कार (भारत सरकार द्वारा) संस्कृत के लिए वर्ष 2016, वाल्मीकि पुरस्कार संस्कृत संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2016, विशिष्ट पुरस्कार (संस्कृत संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा) वर्ष 2005, तुलसी पुरस्कार (दो बार) (उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा वर्ष 1984 व 2000, डीडी यूपी सम्मान वर्ष 2017।

### डॉ. रामशंकर की रचनाएं



डॉ. रामशंकर अवस्थी।

पांच महाकाव्य-आहुतिः स्वातंत्र्यज्ञे (1998) चिद्विलासः (1998), कारगिलयुद्धम (1999), दामिनी पर्यस्फुरत् (2002), वनदेवी (2011) चार खंडकाव्य-रात्रिर्गमिष्यति (1994), सूर्यसेनः (2008), अजीजनबाई (2010), विक्रमादित्यदायादाः (2006), गीतिकाव्य-यामिनी यास्यति (2003), एक मुक्तक काव्य-हिमाद्रिशतकम् (2006), तीन नाटक-विश्वमित्रम, सुदर्शनचरितम् (2001), देवीचन्द्रगुप्तम् (2005), दो गद्यकृति-सीतावनवासः (2002), धरणिबन्धः (2000), दो काव्यसंग्रह-तरंगिणी (1999), परिमलः (2012), दो व्याकरण ग्रंथ-भ्वादिगणप्रकाशः धातुमजरी (धातुज्ञान के लिए बाल साहित्य (2009)), हिंदी के तीन महाकाव्य बलिदान, श्रीरामगाथा, लोकमंगल, खंडकाव्य- शबरी तथा एक काव्यसंगृह 'तरंग' रचनाएं हैं।



कैंप में मौजूद अधिकारी व उपभोक्ता।

### विद्युत कैंप में बकाएदारों से वसूले गए सवा लाख रुपये

**रूरा।** शासन के निर्देश पर प्रत्येक गांव में विद्युत कैंप का अयोजन किया जा रहा है। जिसमे उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान और बिल संशोधन कर राजस्व वसूला जा रहा है।मंगवलवार को एसडीओ रूरा वैशाली की अध्यक्षता में तिंगाई गांव में विद्युत कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे ग्रामीणों का बिल संशोधन कर 1.25 लाख रुपये का राजस्व वसूला गया। इस दौरान जेई नितिल उपाध्याय, बाबू सुनील कुमार, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र विनोद कुमार व पुत्र वधू रमादेवी के क्रिया कलापों से क्षुब्ध होकर अपने पुत्र व पुत्र वधू से संबंध विच्छेद करते हुए अपने चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र विनोद कुमार व पुत्र वधू रमादेवी के द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के लेन देन व अन्य अनैतिक कार्यो के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रामबहादुर पुत्र मन्नीलाल व विमला पत्नी रामबहादुर निवासीगण- राजपुर तहसील सिकन्दरा जिला कानपुर देहात।**

**बैठक सूचना**

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. घटापारा वि0खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 27/09/2024 को ग्राम सभा घटापारा के पंचायत भवन परिसर में दोपहर 12 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

**निदेशक**
**श्री राजा सिंह पुत्र श्री रघुनाथ सिंह**
**निवासी ग्राम-घटापारा,**
**विकासखंड राजपुर, कानुपर देहात**

# योजनाओं के क्रियान्वयन में न हो लापरवाही

## जिलाधिकारी ने पोषण समिति की बैठक में मातहतों को दिये दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी व सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम ने कहा कि विभागीय योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आपूर्ति पोषाहार, उत्पादित पोषण आहार कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों का गाइड लाइन के अनुसार उपचार कराया जाए और पुष्टाहार का वितरण समय से किया जाए। सैम बच्चों के पोषण में सुधार, पोषण ट्रैकर, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, लर्निंग लैब आंगनबाड़ी केंद्र भवन, एनमिया मुक्त भारत 10 से 19 वर्ष के किशोरियों जो स्कूल नहीं जाती हैं। उनके साथ ही हॉटकुक्ड मील योजना के साथ अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। 92 आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यदाई संस्था अभिनियंत्र विभाग व लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 63 केंद्रो पर निर्माण शुरू हो गया है। वहीं 29 पर जल्द कार्य शुरू होगा। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र, सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश, बीएसए संगीता सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।


मातहतों को निर्देशित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी।


निरीक्षण के दौरान बीएसए से जानकारी लेते प्रशासनिक अधिकारी।

### जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने देखी जिला जेल की व्यवस्थाएं

**उन्नाव।** जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर ने मंगलवार को जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल में रसोंई, बैरक व चिकित्सालय आदि की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान अफसरों ने कैदियों व बंदियों से भी मुलाकात करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान बंदियों ने अपनी समस्या भी बताई। इस पर अधिकारियों ने जेल अफसरों ने उन समस्याओं को दूर कराने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने जेल में साफ-सफाई सही न मिलने पर जेल अफसरों को सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा।

### प्रशासनिक अफसरों ने बीएसए कार्यालय पहुंचकर की जांच

**उन्नाव।** बीएसए कार्यालय का शासन स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान शासन द्वारा निर्धारित कार्य योजना के आधार पर विभाग में अभिलेखीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये गए। मंडल राजकीय कार्यालय लखनऊ से आये बाल कृष्ण रावत ने बीएसए कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वह प्रशासनिक सुधार विभाग से आए हैं। विभाग के सभी पटलों का निरीक्षण किया गया है। पटल पर शासन द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के लिए तय 20 अहम बिंदुओं के आधार पर कार्यशैली को देखा गया है। इस दौरान अधिकारियों व लिपिकों से निरीक्षण प्रशासनिक अधिकारियों ने विभागीय जानकारी भी ली गई है। बताया कि पूरी रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपी जाएगी।

# एआरटीओ कार्यालय में बाहरियों का बोलबाला

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** सूबे के मुखिया व आलाधिकारी भले ही समय-समय पर भ्रष्टाचार पर लगाम कसने का दावा करते रहते हों लेकिन, एआरटीओ (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी) कार्यालय में दशकों के चली आ रही भ्रष्टाचार की प्रथा बंद होने का नाम नहीं ले रही है। हालात यह हैं कि इस कार्यालय में अधिकारियों से लेकर बाबूओं तक के केबिन और महत्वपूर्ण फाइलों तक बाहरियों का दखल रहता है। हालांकि, जिम्मेदार अफसर विभाग में सब कुछ पाक साफ होने की सफाई देते रहते हैं।

एआरटीओ कार्यालय में बाहरियों का प्रवेश रोकने के लिए कई बार निर्देश दिए जाते रहे हैं। पूर्व के अधिकारियों ने कई बार छापेमारी भी की , जिसमें उन्हें यहां पर अराजकता का माहौल देखने को मिला। लेकिन बाद में सब कुछ निपट गया। मौजूदा हालात यह हैं कि इस विभाग में आम हो या खास किसी को भी अपना काम कराना होता है तो वह बिना बाहरियों के होना बेहद मुश्किल रहता है।

अगर कोई उनके बिना काम कराने की बात कहता या प्रयास करता है तो उसे दिनों, हफ्तों यहां तक महीनों तक दौड़ाया जाता है। जिससे परेशान होकर वह अंत में बाहरियों की शरण लेकर अपना काम कराता है। इसी के चलते कार्यालय में अधिकारियों-कर्मचारियों के पहुंचने से पहले ही यह लोग पहुंच जाते हैं और अपनी दुकानें जमा लेते हैं।


एआरटीओ कार्यालय में पीछे वाली खिड़की से काम कराते बाहरी लोग।

- पूर्व में कई बार छापेमारी भी हुई लेकिन हालात जस के तस
- फाइल से लेकर बाबुओं के केबिन तक रहता है इनका कब्जा

### पीछे की खिड़कियों पर रहता है लोगों का जमावड़ा

लोगों की मानें तो कार्यालय के सामने साधारण लोगों के लिये बनी खिड़कियों से अधिक भवन के पीछे वाली खिड़की पर बाहरियों का देरशाम तक जमावड़ा लगा रहता है। जहां निर्धारित फीस के अलावा चढ़ावा चढ़ाने पर तत्काल काम हो जाता है।

### बोले जिम्मेदार

श्वेता वर्मा एआरटीओ प्रशासन ने बताया कि भवन का निर्माण चल रहा है। पीछे कोई गुप्त कार्य नहीं चल रहा था। कमरों में टायल्स लग रहे हैं। तो कोई पीछे की खिड़की में आरआई या कोई अधिकारी कर्मचारी बैठा होगा। जो विभागीय कार्य कर रहा होगा।

# 7 लापरवाह पुलिस कर्मियों पर चला एसपी का डंडा, किये गए निलंबित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


एसपी दीपक भूकर।

- एक दरोगा व छह आरक्षियों के निलंबन के साथ विभागीय जांच भी बैठाई
- ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने व शराब के नशे में रहने पर की कार्रवाई

**अमृत विचार।** एसपी दीपक भूकर जिले में अपराध व अपराधियों पर लगातार कार्रवाई करने के साथ-साथ अपने मातहतों पर भी विभागीय नियमों का पालन करने के साथ ही मुस्तैदी से ड्यूटी न करने पर कार्रवाई करने से चूक नहीं रहे हैं। इसी क्रम में एसपी ने मंगलवार को औचक निरीक्षण के दौरान सही से ड्यूटी न करने, ड्यूटी के दौरान नशे में होने और जिनसे आमजन को परेशानी हो ऐसे कार्य करने वाले सात सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही उन पर विभागीय जांच के भी आदेश दिये हैं।

पुलिस विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा मंगलवार को किये गए औचक निरीक्षण में पीआरवी-6118 थाना दही के निरीक्षण के दौरान पीआरवी में तैनात मुख्य आरक्षी धर्मपाल, आरक्षी धर्मेंद्र कुमार व आरक्षी मुकेश कुमार वाहन में बैठे मिले। जबकि नियमानुसार एक कर्मी पीआरवी में और बाकी पीआरवी के बाहर रहने होते हैं। इस पर इन सभी कर्मियों को एसपी ने तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए विभागीय जांच बैठा दी है।

वहीं, पीआरवी-2918 हसनगंज में नियुक्त मुख्य आरक्षी व चालक वीर प्रताप बीती 16 सितंबर को शराब के नशे में ड्यूटी करते मिले। मेडिकल रिपोर्ट में डॉक्टर ने उनके शराब के नशे में होने की पुष्टि की। इस पर चालक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच शुरू की गई है।

इसके अलावा 23 सितंबर को दरोगा राम प्रताप राणा, मुख्य आरक्षी मो. तारिक व माधव सिंह की ड्यूटी पुरवा मोड़ स्थित डायवर्जन पर लगी थी। देररात जब ड्यूटी चेक की गई तो पुरवा मोड़ पर जाम लगा था और वहां पर सही तरीके से डायवर्जन नहीं किया जा रहा था। इससे आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही थी। ऐसे में उन सभी कर्मियों को उनकी लापरवाही व अनुशासनहीनता को देख सभी को एसपी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच शुरू की है।

# चेयरमैन कार्यालय में हुए विवाद में चली चाकू

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी चंदन उर्फ चंद्र प्रकाश का नगर पालिका में तैनात आउट सोर्सिंग कर्मचारी रामजी चौधरी से अरसे से किसी बात को लेकर रंजिश चली आ रही है।

बीते सोमवार चेयरमैन रामजी गुप्ता कई सभासदों के साथ अपने कार्यालय में नगर की समस्याओं को लेकर बातचीत कर रहे थे। तभी अचानक आउट सोर्सिंग कर्मचारी रामजी चौधरी व चंदन उर्फ चंद्र प्रकाश वहां आ पहुंचे। तभी दोनों में कहासुनी होने लगी। मामला तूल पकड़ते ही रामजी चौधरी ने चाकू से चंदन पर हमला कर दिया। जिससे चंदन लहूलुहान हो गया। यह देख आनन-फानन चेयरमैन ने बीच-बचाव कर दोनों को कार्यालय से बाहर किया। पुलिस ने घायल चंदन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर उसका मेडिकल कराया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# जिले में बनेंगे 4 नये स्टेडियम, 2 मिनी स्टेडियम का होगा विस्तार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए युवा कल्याण विभाग करोड़ों रुपये से स्पोर्ट्स स्टेडियम बनवाने की तैयारी कर रहा है। विभाग ने दो गावों में बने स्टेडियम के विस्तारीकरण को 14 करोड़ व चार गावों में नए स्टेडियम के निर्माण के लिए 56.22 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। जिस पर बजट प्राप्त होने पर निर्माण शुरू कराने का दावा किया जा रहा है।

नए निर्माण के साथ पुराने बने मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करने की कवायद के तहत 70.39 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा कि जिले के ग्रामीण इलाकों में बड़े स्टेडियम की युवाओं को जरूरत है। इसे देखते हुए शासन को चार नए और दो स्टेडियम को विस्तार देने का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। इनमें ब्लाक बिछिया की ग्राम पंचायत तौरा, सुमेरपुर के बिहार, बीघापुर के कैलांव, पुरवा के झूलामऊ सिकंदरपुर सरोसी की सरैंया और औरास की मैनी भावाखेड़ा में स्टेडियम बनवाए जाएंगे। जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह ने बताया कि दो गावों में स्टेडियम के विस्तारीकरण और चार में नए स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव भेजा है। जुलाई माह में प्रस्ताव भेजा था। जिस पर जल्द ही मोहर लगने की उम्मीद है। सभी छह स्टेडियम के लिए प्रस्ताव बना के भेजा गया है।



## सार-संक्षेप

### दो दिन से लापता किशोरी का फंदे से लटका मिला शव

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर तोंदा गांव के बाहर दो दिन से लापता किशोरी का शव पेड़ से लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। कोतवाली पुलिस के साथ औरास पुलिस ने भी जांच की। बहन ने हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई है। इस पर पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिया है। अजगैन कोतवाली के गौरा कठेरवा गांव निवासी शिखा मौर्य (16) माता पिता की मौत के बाद से बीते डेढ़ साल से औरास थानांतर्गत मुन्ना खेड़ा गांव निवासी बड़ी बहन सोनम पत्नी मुन्नीलाल के साथ रह रही थी। 22 सितंबर को वह किसी काम से घर से निकली लेकिन वापस नहीं लौटी। जीजा ने उसकी तलाश की लेकिन पता न लगने पर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। उधर घर से करीब तीन किमी दूर हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर तोंदा गांव के बाहर सोमवार को आम के बाग में पेड़ पर दुपट्टे के सहारे किशोरी का शव लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। जानकारी पर औरास पुलिस भी परिजनों के साथ पहुंची। बहन ने हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताई है। इस पर पुलिस ने पीएम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई का भरोसा दिया। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


शिखा।


एडीजे के साथ मौजूद मजदूर।

### एडीजे ने मजदूरों को ठेकेदार से दिलवाई उनकी मजदूरी

**उन्नाव।** बीते काफी समय से एक ठेकेदार 11 मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं दे रहा था। इसे देखते हुए रोजा संस्था के संस्थापक बिंदालाल ने इन मजदूरों की मजदूरी दिलवाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में वाद दायर किया था। मंगलवार को अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष निगम ने सभी श्रमिकों की बकाया मजदूरी का भुगतान करवाया। अपनी मजदूरी पाकर श्रमिकों के चेहरों पर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अपर जिला जज ने बताया कि रोजा संस्था के संस्थापक बिंदालाल चौहान ने 11 मजदूरों को ठेकेदार द्वारा मजदूरी न देने पर प्री-लिटिगेशन वाद दायर किया था। जिसमें आपसी सुलह समझौते के आधार पर ठेकेदार मजदूरों को उनकी मजदूरी देने पर राजी हो गया। इसके बाद सभी को उनकी मजदूरी दिलवा दी गई।

### आरोपी को गिरफ्तार करने की एसपी से लगाई गुहार

**उन्नाव।** कोतवाली हसनगंज क्षेत्र निवासी महेंद्र कुमार ने बताया कि वह 20 दिसंबर-2023 को बिजली का बिल जमा करने हसनगंज पावर हाउस गया था। वहां उसकी मुलाकात जी-662 ट्रांस यमुना कॉलोनी फेस-2 आगरा निवासी गौरव शर्मा से हुई। उसने खुद को एक्सईएन का बाबू बताया और उसका काम कराने की बात कही। जिस पर महेंद्र ने गौरव शर्मा को बिजली बिल का बकाया 52 हजार रुपया दे दिया। जब फरवरी-2024 तक बिल का भुगतान नहीं हुआ तो वह पावर हाउस में पूछताछ करने गया। जहां पता चला की गौरव शर्मा हसनगंज कार्यालय में है ही नहीं। इस पर जब उसने एक्सईएन से शिकायत की तो वे गौरव शर्मा को मार्च में वापस बुलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने एसडीएम हसनगंज से मिलकर आपबीती बताई। आरोप सही मिलने पर हसनगंज कोतवाली में गौरव शर्मा के विरुद्ध धोखाधड़ी व जालसाजी करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। लेकिन, इसके बाद भी पुलिस नामित आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर रही है और ना कोर्ट में चार्जशीट ही दाखिल की है। पीड़ित ने थक हार कर बीते सोमवार एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# धर्मांतरण के प्रयास में आरोपी को भेजा जेल

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कॉलेज जा रही छात्रा को बुर्का पहनाकर धर्मांतरण कराने जा रहे विशेष समुदाय के युवक पर एससीएसटी एक्ट, धर्मांतरण कराने व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली अंतर्गत एक कस्बा निवासी 22 वर्षीय युवती ने सोमवार को पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि वह परास्नातक की छात्रा है। सोमवार सुबह वह कॉलेज जा रही थी तभी रास्ते में मोहान के गांव कोट निवासी मो. इसाक पुत्र ताज मोहम्मद ने उसे गुमराह कर शादी करने की बात कह धर्मांतरण के लिए बुर्का पहनाकर बाइक पर बैठा लिया। विरोध करने पर उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसकी तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर एससीएसटी एक्ट, धर्मांतरण के प्रयास व जान से मारने की धमकी देने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा गया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।


मो.इसाक।

# अभियान चलाकर विद्युत चोरों के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग के अफसरों द्वारा क्षेत्र में भोरपहर विद्युत चोरों व बकायेदारों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 15 उपभोक्ताओं ने बकाया बिल का भुगतान किया। वहीं अफसरों ने चोरी करते मिले उपभोक्ताओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अजगैन विद्युत उपखंड अंतर्गत कस्बा नवाबगंज व सोहरामऊ में विद्युत चोरों व बकाएदारों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 45 उपभोक्ताओं के बिलों व कनेक्शन जांचे गए। इस दौरान 15 उपभोक्ताओं ने बकाया बिल का मौके पर भुगतान किया। जिससे विभाग को एक लाख की वसूली हुई। टीम ने नवाबगंज में दो व सोहरामऊ में एक जगह विद्युत चोरी पकड़ी। जिनके विरुद्ध विद्युत चोरी की धाराओं में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई।

चेकिंग के दौरान तीन उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन से वाणिज्यिक गतिविधियां संचालित करते मिले। वहीं बिल बकाया होने के चलते कटे कनेक्शन को उपभोक्ताओं द्वारा बिना बिल जमा किए दोबारा जोड़कर उपभोग करते पाया गया। इस दौरान एसडीओ रुद्र प्रताप, जेई विष्णु कुमार, जेई सोहरामऊ दिनेश गौतम, टीजी-2 व लाइन मैन आदि मौजूद रहे।



चेकिंग अभियान के दौरान मौजूद अधिकारी व कर्मचारी।

- बिजली विभाग ने 1 लाख रुपये की वसूली भी की

### विद्युत चोरी करते 14 लोगों को पकड़ा, की कार्रवाई

**बांगरमऊ।** एक्सईएन राजनाथ यादव के निर्देश पर एसडीओ राम इकबाल व जेई संतोष कुमार ने कर्मियों के साथ क्षेत्र के तीन गावों में औचक छापेमारी की। जहां कटिया डालकर बिजली चोरी करते 14 लोगों को पकड़ा गया। जबकि तीन कनेक्शन धारकों पर भारी बकाया होने पर टीम ने उनके कनेक्शन काट दिए। कटिया डालकर चोरी करने वालों में सतेंद्र, महेश, निर्मला, राम श्री, राजकुमार व उमाकांत सहित 14 लोग थे। इसके अलावा कनेक्शन धारक मीना, शमशाद व सद्दाम पर बकाया होने से उनके कनेक्शन काट दिए। साथ ही हिदायत दी कि दोबारा कनेक्शन जोड़ने पर उन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी जाएगी।

जयंती | कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दया शंकर मिश्रा भी पहुंचे

# महाकवि पं. प्रताप नारायण मिश्र को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** महाकवि पं. प्रताप नारायण मिश्र की 169वीं जयंती समारोह उनके पैत्रक गांव बेथर में धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने अगड़ों-पिछड़ों की राजनीति करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ऐसे लोगों को पं. प्रताप नारायण मिश्र के साहित्य से सीख लेनी चाहिए। जिन्होंने समाज को जोड़ने का काम किया। हिंदी-हिंदू-हिंदुस्तान के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। सपा द्वारा सुल्तानपुर में ज्वैलरी शाप में लूट की घटना में शामिल लूटेरों की मुठभेड़ पर उठाये जा रहे सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने वर्ण व्यवस्था की व्याख्या के माध्यम से यदुवंशी कृष्ण की महिमा का बखान किया। वहीं ठाकुरों को देश समाज का रक्षक बताते हुए पृथ्वीराज चौहान व डौंडिया खेड़ा के राजा राव राम बक्स सिंह के शौर्य को सराहा। कहा कि जिले की बैसवारा की धरती क्रांतिकारी इतिहास रचने वालों की धरती है। अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की वीरता, महाकवि निराला, सनेही व प्रताप की राष्ट्रभक्ति हिंदी उत्थान में योगदान पूरे भारत में यहां का यशोगान कर रहा है। प्रताप स्मारक समिति के मंत्री मदन मिश्र की मांग पर यहां के सभागार के लिए 25 लाख की धनराशि डीएम के अनापत्ति प्रमाणपत्र के बाद अपनी निधि से देने का वादा किया। वहीं विशिष्ट अतिथि खाद्य एवं औषधि प्रशासन के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दया शंकर मिश्र दयालू ने पं. प्रताप नारायण मिश्र के कृतित्व व व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर उनके बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया। भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ल ने विधायक निधि से 25 लाख रुपये से पं. प्रताप नारायण मिश्र के नाम पर हिंदी भवन व बारातशाला बनवाने की बात कही। इस दौरान जिपं अध्यक्ष शकुन सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत, मोहान विधायक ब्रजेश रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। हरिसहाय मिश्र ने सभी का आभार जताया।


पं. प्रताप नारायण मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा।


स्वतंत्र प्रभार मंत्री दया शंकर मिश्रा का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### समाजसेवी ने मंत्री का किया स्वागत

**उन्नाव।** समाजसेवी व व्यापारी अनुज पांडेय के नेतृत्व में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दया शंकर मिश्रा उर्फ दयालू गुरु का स्वागत नवाबगंज टोल प्लाजा पर किया गया। इसमें मंत्री का स्वागत 52 किलो फूलों की माला पहनाकर हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपाई व उनके समर्थक मौजूद रहे।

# पटरी दुकानदारों पर गरजा बुलडोजर, बड़ों को बख्शा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा बिना पूर्व सूचना के नगर के हरदोई-उन्नाव मार्ग पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान की जद में सिर्फ पटरी दुकानदार ही आए, जिससे उनमें रोष है। अभियान की शुरुआत नगर पालिका गेट के पास से हुई। पालिका प्रशासन का बुलडोजर लखनऊ मार्ग चौराहा होता हुआ नगर के तिकुनिया पार्क तक पहुंचा। इस दौरान अधिकांश अतिक्रमणकारियों की गुमटी व टिन शेड आदि पालिका प्रशासन ने कब्जे में ले लिया। साथ ही चालान काटकर छह अतिक्रमण कारियों से 5 हजार जुर्माना भी वसूला गया।

बिना पूर्व सूचना के पालिका प्रशासन के बुलडोजर गरजने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। पालिका के अतिक्रमण हटाओ अभियान में अपनों पर रहम, गैरों पर सितम की झलक दिखाई दी। इसमें सिर्फ पटरी की दुकानों को तोड़ा गया। लेकिन, सड़क किनारे लगे होर्डिंग पालिका प्रशासन को नजर नहीं आए। जो आमजन में चर्चा का विषय बना रहा। नगर के संडीला मार्ग निवासी भाजपा नेता विकास गुप्ता ने मार्ग किनारे बनने वाले नाले को लेकर पालिका ईओ से नियमानुसार सूचना देने के बाद सामंजस्य बनाकर निर्माण कराने की बात कही। अतिक्रमण अभियान के दौरान एसडीएम नम्रता सिंह, ईओ मुकेश मिश्रा, बेहटा मुजावर एसओ फूल सिंह, बांगरमऊ क्राइम इंस्पेक्टर मो. नईम खान, वरिष्ठ लिपिक रविंद्र कुमार, जेई प्रवीण कटियार व सफाई नायक मुकेश सहित पुलिस बल मौजूद रहा।


अतिक्रमण हटाता पालिका का बुलडोजर।

- छोटे व गरीब दुकानदारों तक अभियान सीमित रहने से लोगों में नाराजगी

## एक नजर

### मैय्या मोरी मैं नहिं माखन खायो...

**शुक्लागंज उन्नाव ।** शंकरपुर के सन्नी गांव में 18वें श्रीकृष्ण लीला महोत्सव का आयोजन किया गया, जहां मंगलवार को श्याम सगाई और माखन चोरी की लीला प्रस्तुत की गई। इस दौरान भव्य झांकियां भी प्रस्तुत हुई। जिसे देख लोग झूमने लगे। श्री कृष्ण लीला महोत्सव के दौरान पात्रों ने माखन चोरी की लीला प्रस्तुत की। जिसमें कान्हा ने कहा, पता नहीं मैया, घर में एक नन्हा बालक माखन चोरी करने आया है। मैं मना करता हूं तो मानता नहीं हैं। मैं मुस्कुराता हूं तो यह भी मुस्कुराता है। यशोदा मैया कान्हा की इस बाल लीला को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाती हैं और अपने माखनचोर को गोद में उठा कर लाड़ लड़ाती हैं। जिसके बाद मैय्या मोरी मैं नहिं माखन खायो, पर मौजूद दर्शक झूम उठे। इस मौके पर डॉ. रामबालक यादव, सुरेश, पप्पू मिश्रा, ओमनारायण त्रिवेदी, ओम प्रकाश बाजपेई, नितिन बाजपेई, छोटे बाजपेई मौजूद रहे।

### बूथों में मनाई जाएगी पं. दीनदयाल की जयंती

**शुक्लागंज ।** भारतीय जनता पार्टी बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हर बूथ पर मनाने जा रही है। पंडितजी, जिन्हें भारतीय जनसंघ का नेता माना जाता है, एकात्म मानववाद के समर्थक थे। भाजपा की इस विशेष आयोजन की तैयारी के लिए कई स्थानों पर बैठकें आयोजित की गईं। इस बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सुरेश चंद्र शुक्ला, विद्या भास्कर, विनय तिवारी, गौरव दीक्षित, अंकित पांडे सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी बूथ अध्यक्षों को क्षेत्रों में इस आयोजन को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

### 50 मरीजों को मलेरिया व डेंगू, 1 की दौरान मौत

**उन्नाव ।** बिहार थानाक्षेत्र के चोटिहा गांव निवासी शिवशंकर (12) पुत्र शिव कुमार को कई दिन से बुखार व अन्य परेशानी थी। मंगलवार को तबीयत अधिक बिगड़ने पर परिजन उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं बुखार के 12 व डायरिया के 8 मरीजों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। डेंगू व मलेरिया की संभावना पर बुखार मरीजों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। वहीं जिला संक्रामक रोग विभाग की नोडल अधिकारी डॉ. अंकिता सिंह ने बताया कि अभी तक 24 मरीजों में मलेरिया व 26 बुखार के मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है।

### हरियाणा पुलिस ने गजिया खेड़ा से शातिर ठग दबोचा

**शुक्लागंज उन्नाव ।** माखी थाना क्षेत्र के एक युवक के खिलाफ हरियाणा के फतेहाबाद साइबर थाने में दर्ज ठगी के मामलों में कार्रवाई करते हुए हरियाणा पुलिस ने मंगलवार को गंगाघाट कोतवाली के गजिया खेड़ा गांव में छापेमारी की। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से आरोपी आशू बाजपेई को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, हरियाणा के फतेहाबाद साइबर थाने की टीम, जिसमें दरोगा सतीश कुमार, एएसई गोविंद सिंह, रविंद्र और कुलदीप शामिल थे, स्थानीय पुलिस के सहयोग से गांव पहुंची। यहां पर सर्विलांस के जरिए मिली सूचना के आधार पर आशू को दबोचा गया। आरोपी कई ठगी के मामलों में फरार चल रहा था और लंबे समय से स्थान बदलकर रह रहा था। गिरफ्तारी के बाद गांव में बाहर की पुलिस की उपस्थिति से हड़कंप मच गया। दरोगा सतीश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ फतेहाबाद में ठगी के मामले दर्ज हैं उसे कार्रवाई के लिए अपने साथ ले जाया गया है।

# 25 सेंमी घटा गंगा का जलस्तर, अभी भी चेतावनी बिंदू से ऊपर

## शुक्लागंज के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कई रिहायशी इलाकों में अभी भी पानी भरा हुआ है

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर में इधर तीन दिनों से गिरावट दर्ज की जा रही है, इसके बावजूद जलस्तर चेतावनी बिंदु के ऊपर चल रहा है। जिस कारण शुक्लागंज के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कई रिहायशी इलाकों में पानी भरा हुआ है। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ रही हैं।

शुक्रवार को गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया था, लेकिन रविवार से जलस्तर में कमी आने लगी। सोमवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 112.940 मीटर दर्ज किया गया, जो मंगलवार दोपहर को घटकर 112.740 मीटर हो गया। वहीं शाम पांच बजे 112.690 मीटर दर्ज किया गया। यह खतरे के निशान से 31 सेंटीमीटर नीचे है, गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु के ऊपर चल रहा है। चौबीस घंटे के अंदर केन्द्रीय जल आयोग ने 25 सेंटीमीटर गिरावट दर्ज की गई लेकिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलमग्नता ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं चम्पापुरवा, राजीव नगर, फत्तेहपुर, गगनी खेड़ा, गोताखोर, रविदास नगर, श्रीनगर, अंबिकापुरम, गायत्री नगर, भातू फार्म और अन्य क्षेत्रों में सैकड़ों मकान जलमग्न हैं। प्रभावित गांवों में राशन और अन्य आवश्यक सामान जुटाने में लोगों को कठिनाई हो रही है। कई परिवार अपने घरों को छोड़कर अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। वहीं लोग नावों से आवामगन कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावितों ने बताया, हमारे घरों में पानी भरा हुआ है, जिससे दैनिक जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। न तो बिजली है और न ही पेयजल, जिससे हमारी समस्याएं और बढ़ गई हैं।



अंबिकापुरम रिहायशी इलाके में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

### पानी कम होने पर शुरू हुई बिजली

मंगलवार को जलस्तर कम होने के बाद विभाग ने श्रीनगर, शारदा नगर, सरजू नगर, गगनी खेड़ा, सरैयां, नेतुआ, शक्तिनगर, गंगानगर, अवस्थी फार्म में बिजली सप्लाई चालू कर दी है। वहीं अन्य मोहल्लों की बिजली बाढ़ का पानी कम होने पर चालू की जायेगी।

# बाढ़ से बीघों सब्जी की फसल हुई जलमग्न

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया था, जिस कारण गंगा नदी के किनारे बसे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी पहुंच गया था, वहीं कटरी में पानी पहुंचने से किसानों की बीघों सब्जी की फसल जलमग्न हो गई। बाढ़ का पानी खेतों में भरा होने से खेतों में भिंडी, तरोई, लौकी, और कद्दू जैसी सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गई हैं।

गंगाघाट क्षेत्र में शंकरपुर, सन्नी सरायं और कन्हवापुर के कटरी इलाके में कई किसानों ने एक साथ कई बीघा जमीन पर फसलें उगाई थीं। लेकिन अचानक आई बाढ़ ने उनकी मेहनत को नष्ट कर दिया। किसानों ने बताया कि उनके खेतों में एक सप्ताह तक पानी भरा रहा, जिससे फसलें बर्बाद हो गई हैं। दिनेश, दीपक, रामशंकर किसान कहते हैं कि फसल तैयार होने के बाद भी वे केवल एक या दो बार सब्जी मंडी ले जा पाए थे, लेकिन अब उनकी मेहनत बेकार हो गई है। किसानों ने इस नुकसान का आकलन करते हुए कहा कि फसल तैयार करने में हजारों रुपये की लागत आई थी।

त्रिभुवन खेड़ा, रजवा खेड़ा, और जुराखन खेड़ा जैसे क्षेत्रों में भी किसानों को भारी नुकसान हुआ है।



बाढ़ पीड़ितों की समस्या सुनतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन। अमृत विचार

### पूर्व सांसद ने जाना बाढ़ पीड़ितों का दर्द

**उन्नाव ।** पूर्व सांसद अन्नू टंडन मंगलवार को जिले के कटरी क्षेत्र में आई बाढ़ के चलते गांव छोड़कर रोड किनारे गुजारा कर रहे पीड़ितों की मदद करने पहुंची। उन्होंने इस दौरान बाढ़ पीड़ितों को भोजन कराने के साथ उनकी समस्याएं भी सुनीं। बता दें कि सपा नेता व पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने मंगलवार को बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र के गांव सिरघरपुर पतासिया पुलिया, गहर पुरवा, बगिया, गुलरिहा, रतई पुरवा, मुन्नी पुरवा, बुद्धा चौराहा पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं जानीं और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ से समस्याएं बहुत हैं लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। इस पर पूर्व सांसद ने उन सभी की मदद का आश्वासन दिया।

# वर्ष में 100 किलो ऑक्सीजन देते हैं हरे-भरे वृक्ष : मीनाक्षी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** धरती पर प्रदूषण के बढ़ते खतरे से पौधे ही हम सबको बचा सकते हैं। जिले में पौधरोपण की मुहिम तेज हो रही है। विकासखंडों में बीईओ व शिक्षकों के साथ ही इस मुहिम में सोहरामऊ जीजीआईसी की प्रधानाचार्या मीनाक्षी गंगवार ने विद्यालय में बच्चों के मध्य पर्यावरण संरक्षण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया।

छात्राओं ने रैली और स्लोगन लिखे पोस्टरों से सभी को पौधरोपण का संदेश दिया। शिक्षकों में आलोक कुमार और अंजलि यादव ने रैली का प्रतिनिधित्व किया। जीजीआईसी प्रधानाचार्य मीनाक्षी ने कहा की वृक्ष हवा फिल्टर कर फेफड़ों को बचाने के साथ ही हर साल 100 किलोग्राम ऑक्सीजन प्रदान करता है। बीआरसी औरास में बीईओ संजय शुक्ल ने इम्तियाज हुसैन के साथ पौधे रोपित किए। ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव लिखे पोस्टर के साथ बीईओं ने सभी को संदेश दिया की घरों के पास पेड़ लगाने से एसी, कूलर की जरूरत 30 प्रतिशत तक कम हो जाती है। सिकंदरपुर सरोसी बीआरसी में बीईओ जगदीश श्रीवास्तव के साथ शिक्षक प्रदीप पाल एवं अर्चना, बलबीर, वीरेंद्र ने पौधे रोपित किए। ग्रीन एंड क्लीन मुहिम के सह संयोजक प्रदीप वर्मा ने कहा कि पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रकृति निरीक्षण अनिवार्य विषय बनाया जाये।



सोहरामऊ में जागरूकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं।

# दबंगों ने युवक को पीटा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड के राधे नगर में रहने वाले एक युवक को दबंगों ने जमकर मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गया। युवक की पत्नी ने धारदार हथियार से हमला करने के साथ ही सोने की चेन और पांच हजार रुपये छीनने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

मंगलवार सुबह राधे नगर निवासी दिनेश विश्नोई अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने गये थे, वापस आने के दौरान वहीं के रहने वाले तीन दबंग युवकों ने रोक लिया और गाली गलौज करते हुये मारा पीटा। घायल की पत्नी निशा ने कार्यवाही को लेकर पुलिस को तहरीर दी। जहां उसने बताया कि आरोपी उसके घर के बाहर गाली गलौज करते हैं, जब इसका विरोध जताया तो उन लोगो ने पति पर धारदार हथियार मे हमला कर घायल कर दिया और गले में पहनी सोने की चेन और जेब से पांच हजार रुपये निकाल लिये। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।



मारपीट में घायल दिनेश।

● सोने की चेन व 5 हजार रुपये छीनने का लगाया आरोप

## सार-संक्षेप



वार्ड 2 में लोगों को जागरूक करते पालिका कर्मी।

### लोगों को गीले और सूखे कूड़े के बारे में बताया

**शुक्लागंज उन्नाव ।** मंगलवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय, एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वार्ड संख्या 2 आदर्श नगर में पहुंची। जहां अभियान के अंतर्गत सभासद उर्मिला देवी से अपील की गई कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सभी नागरिक सक्रिय भूमिका निभाएं। अभियान में डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें नागरिकों को सूखे और गीले कूड़े के स्रोत पृथकीकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन में अलग-अलग कूड़ा डालने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही, सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों जैसे थैले, थाली, चम्मच, और थर्माकोल के उपयोग को पूरी तरह से बंद करने की अपील की गई। इस अभियान का उद्देश्य नगर को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण को संरक्षित करना है।



नागरिक सुविधा दिवस में समस्याएं सुनतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे।

### मार्ग प्रकाश, नाली व इंटरलॉकिंग की आई शिकायतें

**शुक्लागंज उन्नाव ।** सितंबर माह के अंतिम मंगलवार को नगर पालिका गंगाघाट कार्यालय में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सुनना और त्वरित समाधान प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान, नागरिकों से दो शिकायतें मार्ग प्रकाश और दो शिकायतें नाली तथा इंटरलॉकिंग मरम्मत कार्य से संबंधित प्राप्त हुईं। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने शिकायतों का अवलोकन किया और शिकायतकर्ताओं की बात सुनकर संबंधित पटल प्रभारी तथा अधिशाषी अधिकारी को शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए। इस प्रकार, नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया गया। इस दौरान सुबह दस बजे से दो बजे तक कार्यालय के सभी पटल प्रभारी, अवर अभियंता सिविल, और पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे, सभासद अभिषेक शुक्ला के अलावा अन्य सभासद मौजूद रहे। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।





नगर पालिका में लोगों की समस्याएं सुनतीं एसडीएम नम्रता सिंह।

### नागरिक सुविधा दिवस पर लोगों की सुनीं समस्याएं

**बांगरमऊ ।** नगर पालिका सभागार में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 24 शिकायती पत्र पंजीकृत किए गए। एसडीएम नम्रता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित नागरिक सुविधा दिवस में समाज कल्याण के 3, अतिक्रमण के 3, भवन मानचित्र का 1, टैक्स संबंधित 1, बिजली विभाग व नाली खरंजा के 6, आर्थिक सहायता का 1 व अन्य 6 शिकायती पत्र पंजीकृत किए गए। एसडीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों को त्वरित समस्या के समाधान के निर्देश दिये। नागरिक सुविधा दिवस में ईओ मुकेश मिश्रा व लिपिक रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### किसानों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**गंजमुरादाबाद उन्नाव ।** कृषि विभाग द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी व उन्नतशील खेती के लिये जागरूकता लाने की मंशा से ब्लाक परिसर में किसान मेला आयोजित हुआ। विधायक श्रीकांत कटियार ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। कृषि रक्षा इकाई प्रभारी देवी सिंह के नेतृत्व में कृषि विभाग के कर्मचारियों ने ब्लाक परिसर में आयोजित मेले में उन्नत खेती करने के तरीके बताए गए। साथ ही सरकारी योजनाओं के लाभों को प्राप्त करने की विस्तृत जानकारी दी गई। कर्मचारियों ने जागरूकता लाने के लिए विभिन्न कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर आए किसानों को उन्नत खेती कर अधिक लाभ कमाने की जानकारी दी। मेले में बीडीओ दीपशिखा वर्मा, सुमित तिवारी, शिवम द्विवेदी के अलावा सैकड़ों क्षेत्रीय किसान व ब्लाक कर्मी रहे।

# फाल्ट के चलते चरमराई बिजली व्यवस्था

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार शाम को सोनिक पॉवर हाउस में खराबी होने के कारण शुक्लागंज के सभी पॉवर हाउस ठंडे पड़ गये। पूरे नगर और ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। कुछ इलाकों में रात दस से ग्यारह बजे के बीच आपूर्ति चालू की गई, वहीं कुछ फीडर की भोर पहर तक बिजली गुल रही।

मंगलवार को अंबिका पुरम और मिश्रा कालोनी में एबीसी केबल जलने से सुबह से शाम तक बिजली सप्लाई ठप रही। मिश्रा कालोनी में साढ़े चार बजे के करीब केबल धू-धू कर जल गई, जिससे न्यूटल और फेस तार आपस में चिपक गए। इस घटना के कारण कई घरों में हाई वोल्टेज से उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग को सूचना दी, जिसके बाद आपूर्ति बंद कर जली केबल हटाई गई। शाम पांच बजे नई केबल डालने के बाद बिजली सप्लाई बहाल की गई। इसी तरह, अंबिका पुरम् में सुबह 6 बजे एबीसी केबल जल गई। विभाग ने यहां भी लगभग 600 मीटर नई केबल डालने का काम किया और शाम 6 बजे तक आपूर्ति शुरू की। इस कारण, दोनों क्षेत्रों में लगभग 12 घंटे तक बिजली की कमी से हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



फाल्ट की मरम्मत करते बिजली कर्मी।

# नेत्र शिविर में 130 मरीजों का हुआ परीक्षण

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित चित्रकूट आई केयर सेंटर पर डॉ. शिवम गौड़ चैरिटी फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण कैंप आयोजित किया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के गरीब व जरूरतमंद लोगों को नेत्र चिकित्सा सेवा देना था। कैंप में 130 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। इसमें मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गईं और 16 मरीजों को चश्मा भी बांटे गए। वहीं, 18 मरीजों को मोतियाबिंद के लेंस प्रत्यारोपण के लिए चिन्हित किया गया।

कैंप आयोजक डा. शिवम गौड़ ने कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों को चिकित्सा सहायता दिलाना है। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों का इलाज कानपुर के प्रकाश आई हॉस्पिटल श्यामनगर में निःशुल्क किया जाएगा। कैंप में नेत्र सर्जन दीपमाला व अभिषेक श्रीवास्तव ने मरीजों की जांच की। दीपमाला ने कहा कि बहुत से लोग अपने आखों के स्वास्थ्य को नजर अंदाज करते हैं। नियमित जांच कराने से गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। कैंप में सहायक के रूप में मनीष पांडेय, गुलशन गौतम, विशाल कुशवाहा और मो. दानिश इकबाल उपस्थित रहे। कैंप में पहुंचे मरीजों ने शिवम गौड़ व उनकी टीम का धन्यवाद किया। एक ने कहा कि उसके पास चश्मा खरीदने के पैसे नहीं थे लेकिन, आज उसे मुफ्त चश्मा मिला। शिवम गौड़ ने कहा कि हम आगे भी इस तरह के शिविर आयोजन करते रहेंगे।



शिविर में महिला की आखों की जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

● मरीजों को निःशुल्क दवाइयां और चश्मे बांटे, 18 मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए किया चिह्नित

**प्रदर्शन** | जिला प्रशासन को किसानों की समस्याएं बताते हुए सौंपा ज्ञापन, समस्याओं का समाधान न होने पर दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

# किसान संगठन ने जनसमस्याओं को लेकर उठाई आवाज

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को किसानों की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को अपनी समस्याएं बताते हुए डीएम कार्यालय पहुंचकर 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं को हल करने की मांग की है। इसमें जुटे किसानों की समस्याओं को मुद्दा बनाकर उनके समाधान तक संघर्ष करने की रणनीति तैयार कर मांग पूरी न करने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

जिलाध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा कि इससे पूर्व एक ज्ञापन 20 सितंबर 2023 को दिया था। लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। किसानों की पीड़ा पर चर्चा कर उनके हितों की रक्षा करने के लिए तय की गई रणनीति पर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन के किसानों के हितों की रक्षा करने और उनके विकास के लिए काम करेंगे।

समस्याओं के निस्तारण को लेकर डीएम गौरांग राठी को किसानों ने ज्ञापन दिया है। जिसमें नहरों व माइनरों की टेल तक सफाई, अधाधुंध बिजली कटौती पर रोक, हसनगंज के पटकापुर गांव में चकरोड को अराजक तत्वों से कब्जा मुक्त, बिछिया के तारगांव के मजरों में नहर का पानी न पहुंचने से सूखती फसलें, ब्लॉकों में पेंशन कैंप, पात्रों को आवास, खाद, सड़कें, पीआरवी की वसूली बंद कराने सहित 19 मांगों को लेकर पत्र सौपा है। इस दौरान किसान संगठन के पदाधिकारियों के साथ आधा सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहे।



जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायती पत्र देते संगठन के पदाधिकारी।

# एनपीएस व यूपीएस के विरोध में कल प्रदर्शन करेंगे शिक्षक संगठन

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार ने मंगलवार को अटेवा संगठन के जिला संयोजक व जिलामंत्री को संगठन की ओर से समर्थन पत्र सौंपा है। बता दें कि अटेवा संगठन द्वारा 26 सितंबर को मुख्यालय पर एनपीएस और यूपीएस पेंशन स्कीम के विरोध में जन आक्रोश मार्च प्रस्तावित है। जिसमें शिक्षकों के साथ अन्य कर्मचारियों को शामिल करने की तैयारी की जा रही है। जिससे शासन के कानों तक नई पेंशन के नुकसान और शिक्षकों का दर्द पहुंचाया जा सके। शिक्षक किसी भी दशा में पुरानी पेंशन के इतर कोई भी अन्य विकल्प मानने को तैयार नहीं है। जिला मंत्री ने बताया कि अटेवा की लड़ाई में शामिल होने के लिए संरक्षक नरेंद्र सिंह यादव को मांगपत्र सौंपा गया है। जिसके प्रत्युत्तर में संगठन से भी समर्थन पत्र जारी किया गया है। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों व शिक्षकों के साथ आंदोलन में सभी की उपस्थिति का विश्वास दिलाया है। प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव संखवार ने कहा कि हमारे सभी अध्यक्ष पूरी टीम के साथ प्रतिभाग करेंगे। कहा कि पदाधिकारियों में अमित तिवारी, शिव दर्शन वर्मा, सौरभ, अतुल, कौशल, दीपेंद्र, सुरेंद्र, प्रभाकर, मनोज, राजदीप, शौर्या, रेखा यादव, अमित नागी, सौरभ ने शिक्षकों की भीड़ जुटाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। संजीव ने बताया कि अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु द्वारा हमारे प्रांतीय अध्यक्ष विनय सिंह से इस पर लगातार वार्ता की जा रही है।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेक : परमापदां पदम् ।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धा : स्वयमेव संपद : ॥

हमें अचानक आवेश या जोश में आकर कोई काम नहीं करना चाहिए। क्योंकि विवेक हीनता सबसे बड़ी विपतियों का कारण होती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है। गुणों से आकृष्ट होने वाली मां लक्ष्मी स्वयं ही उसका चुनाव कर लेती है।

## संपादकीय

# भारत के लिए अच्छी शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की संरचना में सुधारों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। भारत लगातार आवाज उठाकर पहली बार यूएनएससी पर दबाव बनाने में सफल रहा है। परिणामस्वरुप यूएनएससी में सुधारों की पहल लिखित रूप से शुरू हो गई है। सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता समेत अन्य सुधारों को लेकर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना भारत की कूटनीतिक जीत मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे भारत को सुरक्षा परिषद में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। विश्व के नेताओं ने भविष्य के जिस समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार किया है, उसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया है। ये मुद्दा अमेरिका में हाल ही में क्वाड समिट के दौरान भी उठा। रविवार को क्वाड नेताओं ने यूएनएससी की सीटें बढ़ाने और इस निकाय को ज्यादा जवाबदेह बनाने के लिए इसमें सुधार का आह्वान किया। अमेरिका ने भी यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की मांग का समर्थन किया है। क्वाड में यूएनएससी का मुद्दा उठना भारत के लिए सफलता है। भारत के लिए ये अहम है क्योंकि उसकी ओर से लगातार यूएनएससी में स्थायी सीट की मांग की जा रही है।

गौरतलब है कि भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाली रही है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इससे हिंद महासागर को शांति का क्षेत्र घोषित किया जा सकता है और यह चीन को उसकी विस्तारवादी नीतियों का उचित जवाब होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता भारत को वैश्विक राजनीति के स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के समकक्ष ला खड़ा कर देगी। सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जिसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में हुआ था। सुरक्षा परिषद के स्थायी पांच सदस्यों के पास वीटो का अधिकार होता है। परिषद की वर्तमान संरचना पहले की शक्ति संतुलन की व्यवस्था पर बल देती है। यह समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद शांति और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी विफल रही है। उसके सदस्य यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर बंटे हुए हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक हैं। सुधार की पहल संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में मुद्दे को शामिल किए जाने से होना भारत के लिए एक अच्छी शुरुआत है।

# सम-विषम परिस्थितियों में संतुलन सिखाती है शिक्षा


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है।

मेरे अनुभव में यह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने असफलता को सेलिब्रेट किया। पार्टी की तिथि, स्थान और समय निश्चित किया तथा अपने सभी सहकर्मियों को पार्टी दी। सहकर्मियों को उस समय यह वाकया हास्यास्पद लगा, पर कुछ समय बाद ही उनकी ओर से पुनः पार्टी का निमंत्रण प्राप्त हुआ। सभी चौंके, क्या फिर से? पर नहीं! "इस बार यह सज्जन अपनी सफलता के साथ थे। बढ़े-चढ़े रुतबे के साथ नवीन नियुक्ति पत्र उनके हाथ में था। मैं अपने सपने का पीछा करता रहा और अब अपने मन के काम में आ पाया"-गर्मजोशी से गले मिलते हुए वे बोले। "कुछ छोटा छूटना भविष्य में कुछ बड़ा मिलने का संकेत होता है, इसलिए निराश होने के बजाय हर स्थिति को सेलिब्रेट करना चाहिए और निरंतर प्रतिबद्ध प्रयास भी। उस समय मैंने यही किया था।" उन्होंने याद दिलाया। उनकी अभी की स्थिति को देखकर उनसे असहमत होने का कोई कारण ही नहीं था। अपने सपने को साधने की साधना उनके रोम-रोम से प्रकट हो रही थी।

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है। सपनों को पूरा करना भी, लेकिन जब सपनों का पीछा करने की बात आती है तो कम ही लोग उस राह के हमराह होते हैं और जो सच में इस राह के राहगीर होते हैं वे अपने सपनों को पूरा कर ले जाते हैं। प्रतिबद्धता, परिश्रम, जुनून और अनुशासन इसमें प्रमुख भूमिका निभाते हैं। कई बार बच्चे मुझसे सफलता का शॉर्ट कट पूछते हैं। मेरा पहला जवाब होता है-कोई नहीं। सफलता नियमबद्ध कठोर परिश्रम का प्रतिफल होती है, जिसके लिए अपना सर्वोत्तम झोंकना होता है। साथ ही धैर्य, धीरज और अपने आप पर विश्वास को भी निरंतर कायम रखना होता है। इनमें से कोई भी एक कड़ी टूटती है तो सफलता दूर होती जाती है। हम लक्ष्य सिद्धि के लिए अर्जुन का उदाहरण देते हैं। पांडवों में केवल अर्जुन ही थे, जिन्होंने परीक्षा की घड़ी में कहा - "गुरुदेव! मुझे केवल चिड़िया की आंख दिख रही है"।



शिक्षा मुख्यत : जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन- पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं, बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें।

यह लक्ष्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम उदाहरण है। हमारे इर्द-गिर्द भी ऐसे कितने ही उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने तमाम चुनौतियों के बावजूद कठिन परिश्रम के द्वारा अपने लक्ष्य को हासिल किया। ऐसा नहीं कि उनके जीवन में असफलताएं नहीं थीं। हां, इतना जरूर कि उन्होंने असफलताओं से हताश या निराश होने के बजाय उन्हें सेलिब्रेट किया तथा अपने आप को और मजबूती से लक्ष्य की ओर उन्मुख किया। करियर निर्माण के दिनों में विद्यार्थियों को विद्यालयीय परीक्षाओं के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का हिस्सा होना पड़ता है। इनमें से कम ही होते हैं, जो अपने पहले प्रयास में सफलता अर्जित कर लेते हैं। वरना अधिसंख्य वर्ग को परीक्षा-दर-परीक्षा अपने आप को आजमाना पड़ता है। यह प्रतीक्षा, प्रतिबद्धता और संघर्ष की आजमाइश का वक्त होता है। इस समय जरूरी होता है कि बिना विचलित हुए, धैर्य पूर्वक और पूरे मन से सफलता का पीछा किया जाए। साथ ही कदाचित असफलता की स्थिति में निराश या हताश होने के बजाय असफलता के कारणों की समीक्षा कर पुनः दोगुने जोश से तैयारी में लगा जाए।

शिक्षा मुख्यतः जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन-पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं, बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें। पाठ्य पुस्तकों में ऐसे तमाम प्रसंग, कविता, कहानियां, उद्धरण मौजूद हैं, जो एक के बाद एक असफलताओं के बावजूद सफलता की इबारत को उकेरते हैं। इस प्रकार के प्रसंगों पर बच्चों से निरंतर बात हो तथा विषम परिस्थितियों में उनके दृष्टिकोण को जाना-समझा जाए। उन्हें स्पष्ट किया जाए कि किसी भी किरदार के जीवन में एक पराजित मन को कई स्तर पर युद्ध करना होता है। स्वयं से, परिवार की अपेक्षाओं से और समुदाय की टिप्पणियों से। निश्चित तौर पर इस स्थिति का दुष्परिणाम कई आत्मघाती निर्णयों के रूप में सामने आता है। स्ट्रेस, शर्मिंदगी, भविष्य की चिंता, हीनता बोध जैसी भावनाओं के चलते बच्चे भटकाव की उन अंधेरी गलियों की ओर मुड़ जाते हैं, जहां से वापसी मुश्किल होती है। अतः आवश्यक है कि विद्यालय और समुदाय के स्तर पर इस बारे में पर्याप्त चर्चा- विमर्श हों कि किसी के संघर्षों में साझेदार होते हुए उसे किस तरह अभिप्रेरित किया जाता है।

शिक्षा अपनी परिभाषाओं में विविधता के सम्मान की बात भी करती है। निश्चित तौर पर यह विविधता बच्चों और उनके साथ किए जा रहे क्रियाकलापों की ओर इंगित करती है। अतः सफलता के तयशुदा मानकों पर काम करते समय हमें इस विविधता पर भी पर्याप्त विचार करना चाहिए। वैसे भी कोई बच्चा असफल होने के लिए विद्यालय नहीं आता।

## प्रसंगवश

# प्रशासनिक दुनिया के असामान्य व्यक्तित्व

यह सामान्य धारणा है कि प्रशासकीय सेवाओं में चुनाव बड़ी कठिन प्रतियोगिता के पश्चात होने के कारण उनमें बड़े मेधावान एवं विवेकशील व्यक्ति ही चयनित हो पाते हैं। परंतु उनके विवेकशील होने के विषय में न तो कोई टेस्ट होता है और न कोई गारंटी।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अतः सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्रायः हास्य का विषय बनाते रहते हैं। वे अपने संपर्क में आने वाले सहयोगियों और जनता के व्यक्तियों के जीवन की तनावपूर्ण दिनचर्या को सरस एवं चटपटा मसालेदार बनाने में अनजाने ही लगे रहते हैं। उनका रहन-सहन, खानपान, बातचीत, सहकर्मियों से व्यवहार एवं जनता की समस्याओं पर प्रतिक्रिया इतनी हास्यजनक होती है कि वे अनायास टॉक ऑफ द फ्रैटर्निटी बन जाते हैं। प्रशासन में एब्नार्मल्स की एंट्री कोई नई बात नहीं है। अंग्रेजी जमाने में भी आईसीएस और आईपी में एब्नोर्मल्स चयनित हो जाते थे। एक श्री सिंह नैनीताल में कमिश्नर हुआ करते थे, जिनकी किसी भी सरकारी कागज पर हस्ताक्षर करने में रूह कांपती थी। अतः वह कोई भी फाइल अपने सामने प्रस्तुत होने पर किसी न किसी बहाने संबंधित बाबू को डांटकर भगा देते थे। इसके फलस्वरुप उनके कार्यालय के कमरे फाइलों से पटे रहते थे। कलेक्टरों के टीए बिलों पर उनके हस्ताक्षर न हो पाने के कारण वे भी परेशान रहते थे और इस प्रतीक्षा में रहते थे कि वह कब छुट्टी पर जाएं और वह अपने बिलों पर ऑफशियाटिंग कमिश्नर से हस्ताक्षर करवा लें।


महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अत : सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्राय : हास्य का विषय बनाते रहते हैं।

इसी तरह एक पुलिस अधिकारी रामपुर रियासत में आईजी हुआ करते थे, जिनको रियासतों के भारत में विलय के समय उत्तर प्रदेश पुलिस में उपाधीक्षक पुलिस के पद पर नियुक्ति दे दी गई थी। कुछ वर्ष बाद वह पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर नियुक्त हुए थे। वह भी सिग्नेचरोफोबिया से ग्रस्त थे। एक दिन उनको वायरलेस से पुलिस मुख्यालय का आदेश प्राप्त हुआ कि ए असेंबली क्वेश्चन का उत्तर अविलंब अपने हस्ताक्षर से भेजें। वायरलेस को उन्होंने चुपचाप रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। फिर दो दिन बाद टेलीफोन पर आदेश दोहराया गया। अधीनस्थ अधिकारियों ने उत्तर का ड्राफ्ट बनाकर उनके सामने रख भी दिया, तब भी उन्होंने असेंबली क्वेश्चन के उत्तर पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस पर मुख्यालय ने एक उपाधीक्षक को उनसे हस्ताक्षर करवाने हेतु सुल्तानपुर रवाना किया। इसकी सूचना मिलते ही वह दौरे पर प्रस्थान कर गए। सुल्तानपुर आकर जब उपाधीक्षक ने उनके दौरे के स्थान को प्रस्थान किया, तो वह दूसरी जगह चले गए और फिर डिप्टी साहब पीछे-पीछे और एसपी साहब आगे-आगे भागते रहे। अंत में डिप्टी साहब हारकर वापस लौट गए, क्योंकि कप्तान साहब चालाकी कर कहीं अज्ञातवास पर चले गए। उल्लेखनीय यह है कि फिर भी उन्हें कोई जनपद के चार्ज से न हटा सका, क्योंकि वे अधिकारियों को खुश रखने में माहिर थे। जब मैं एसपी बस्ती नियुक्त था, तब मेरे डीआईजी को बात करने का बहुत शौक था। जनपद में मुआइने पर आने पर वह अपनी बातों के दौरान एक किस्सा बार-बार दोहराया करते थे कि वह जब एसपी इटावा थे, तब उन्होंने अपने बंगले पर एक शेर पाला था, जो उनके बंगले के गेट पर रखे एक बड़े से पिंजड़े में रहता था। वह अक्सर कॉन्स्टिपेशन का शिकार रहता था और अंततः कॉन्स्टिपेशन का शिकार होकर मर गया था। उनका शेर पालन का यह किस्सा इतना लंबा खिंचता चला जाता था कि मुझे कॉन्स्टिपेशन होने लगता था, परंतु फिर भी मैं ध्यान की मुद्रा बनाकर उनकी कथा सुना करता था, क्योंकि उनके मुआयने का परिणाम मेरे कार्य पर निर्भर न होकर इस पर अधिक निर्भर करता था कि मैं कितने मनोयोग से उनकी बात सुनता था।

# संकट भी बढ़ा सकती है नकली बरसात


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं।

इस बार जाड़ा पड़ने से बहुत पहले जब दिल्ली हर बारिश के बाद डूब रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को यह बताने के लिए कहा कि सर्दियों में प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी से कैसे निपटेगा। जब इस बारे में कार्य योजना की बात हुई तो दिल्ली सरकार का विंटर प्लान के नाम पर एक नया शिगूफा सामने आ गया, कृत्रिम बरसात।

असल यह समझना होगा कि पर्यावरण से जुड़ी किसी भी समस्या का संपूर्ण निराकरण किसी तकनीकी में नहीं, बल्कि आत्म नियंत्रण में छुपा है। तकनीकी तात्कालिक कुछ राहत दे सकती है, लेकिन वह निराकरण नहीं है। जिस कृत्रिम बरसात का झांसा दिया जा रहा है, उसकी तकनीक को समझना जरूरी है। इसके लिए हवाई जहाज से सिल्वर-आयोडाइड और कई अन्य रासायनिक पदार्थों का छिड़काव किया जाता है, जिससे सूखी बर्फ के कण तैयार होते हैं। असल में सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड ही होती है। सूखी बर्फ की खासियत होती है कि इसके पिघलने से पानी नहीं बनता और यह गैस के रूप में ही लुप्त हो जाती है। यदि परिवेश के बादलों में थोड़ी भी नमी होती है तो यह सूखी बर्फ के कणों पर चिपक जाते हैं और इस तरह बादल का वजन बढ़ जाता है, जिससे बरसात हो जाती है।

एक तो इस तरह की बरसात के लिए जरूरी है कि वायुमंडल में कम से कम 40 फीसदी नमी हो। फिर यह थोड़ी सी देर की बरसात ही होती है। इसके साथ यह खतरा बना रहता है कि वायुमंडल में कुछ ऊंचाई तक जमा स्माग और अन्य छोटे कण फिर धरती पर आ जाएं। साथ ही सिल्वर आयोडाइड सूखी बर्फ के धरती पर गिरने से उसके संपर्क में आने वाले पेड़, पौधे, पक्षी और जीव ही नहीं नदी-तालाब पर भी रासायनिक खतरा संभावित है। यह वैश्विक रूप से प्रामाणिक तथ्य हैं कि नकली तरीके से बरसात करवाना कई बार बहुत भारी पड़ता है। फिर उस दिल्ली एनसीआर में जहां कुछ मिनट की बरसात से सड़कों पर नदी, नाले भरने से जाम होता है और यही जाम तो दिल्ली के हवा में सबसे अधिक जहर घोलता है। जाहिर है बरसात से जितना प्रदूषण कम नहीं होगा उससे अधिक बरसात के कारण वाहनों के ठिठकने से उपजे धुएं से बढ़ेगा ही।

समझना होगा कि कृत्रिम बारिश से होने वाली भारी बारिश से बाढ़ आ सकती है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। पिछले साल दुबई और पास के अरब देशों में अचानक भयानक बरसात और बाढ़ का कारक वहां कृत्रिम बारिश को भी माना जा रहा है। यही नहीं किसी एक इलाके में इस तरह की बरसात से दूसरे इलाकों में सूखा पड़ सकता है। कृत्रिम बारिश हवा के पैटर्न और तापमान में अचानक बदलाव ला सकती है। इससे कई संक्रामक रोगों के वायरस उपजने की संभावना होती है। एक बात और इस तरह की बरसात से जलवायु परिवर्तन की गति तेज होने की प्रबल आशंका है। यह वैश्विक जल चक्र में बदलाव का औजार भी बन सकता है।

वायुमंडल में ओजोन का स्तर 100 एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स होना चाहिए, लेकिन जाम से हलकान दिल्ली में यह आंकड़ा 190 तो सामान्य ही रहता है। वाहनों के धुंए में बड़ी मात्रा में हाईड्रो कार्बन होते हैं और तापमान चालीस के पार होते ही यह हवा में मिलकर ओजोन का निर्माण करने लगते हैं। यह ओजोन इंसान के शरीर, दिल और दिमाग के लिए जानलेवा है। इसके साथ ही वाहनों के उत्सर्जन में 2.5 माइक्रो मीटर व्यास वाले पार्टिकल और गैस नाइट्रोजन ऑक्साइड है, जिसके कारण वायु प्रदूषण से हुई मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं। दिल्ली में जो भी तरीका अपनाया वह सारा देश बगैर दूरगामी परिणाम जाने अपनाने लगता है। जाहिर है कि दिल्ली के असफल प्रयोग सारे देश के लिए त्रासदी बन जाते हैं। ऐसे में यहां कोई भी कदम उठाने से पहले इसके व्यापक प्रभाव पर गहन अध्ययन जरूरी है। शहरों में भीड़ कम हो, निजी वाहन कम हों, जाम न लगे, हरियाली बनी रहे, इसी से जहरीला धुंआ कम होगा। मशीनें मानवीय भूल का निदान होती नहीं। हमें जरूरत है ऐसी प्रक्रिया की, जिससे वायु को जहर बनाने वाले कारक ही जन्म न लें।

## सोशल फोरम

# भ्रष्टाचार का मुद्दा

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा, इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था।


प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। दूसरा बड़ा कारण साहित्य का मास कल्चर के सामने आत्मसमर्पण और उसके साथ सामंजस्य बिठाने की कोशिश करना है। साहित्य में मूल्य, नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है। अबाधित पूंजीवादी विकास हुआ है। उपभोक्तावाद की लंबी छलांग लगी है और संचार क्रांति हुई है। इन लक्षणों के कारण सोवियत अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। सोवियत संघ और उसके अनुयायी समाजवादी गुट का पराभव हुआ। फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छलयोजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने, येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई।

आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहाराव-मनमोहन। यह मनमोहन अर्थशास्त्र है। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता।

-फेसबुक वॉल से

# किस्म-किस्म की रस्सियां


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है।

जब कभी किसी को रस्सी के फंदे से झूलकर आत्महत्या की खबर पढ़ता हूं तो मैं विचलित ही नहीं व्यथित भी हो जाता हूं। सीधा चालीस साल पीछे चला जाता हूं। उन दिनों मैं अवसाद के दौर से गुजर रहा था। मुझे याद आता है। मैं बाजार जाता हूं रस्सी खरीदने एक दुकान में घुसता हूं। भांति-भांति की रस्सियां टंगी थीं। उन दिनों नायलोन की रस्सी नहीं मिलती थी। सूत वाली या नारियल वाली रस्सियों की भरमार होती थी।

मैंने दुकानदार से कहा-"कोई मजबूत किस्म की रस्सी चाहिए, जो सत्तर किलो का बोझ सह सके"। दुकानदार ने कहा-"मिल जाएगी, लेकिन श्रीमान जी प्रयोजन तो बताएं"। सुनकर गुस्सा आ गया - "अरे भाई, तुमको इससे क्या मतलब? मुझे आत्महत्या करनी हो या चाहे कुएं से आदमी को बाहर खींचना हो"। दुकानदार समझदार था। बोला-"माफ करना भाई। मैंने तो यों ही पूछ लिया"। फिर दुकानदार ने एक मजबूत रस्सी की ओर इशारा करते हुए कहा- "यह वाली ले लें। दोनों ही प्रयोजन संपन्न करेगी, आदमी के झूला झूलने का भी और कुएं से बाल्टी खींचने का भी, लेकिन इस बात का ख्याल रहे कि हुक मज़बूत हो"।

मुझे ख्याल आता है कि यूपी आवास-विकास परिषद् से जब मकान खरीदा था बताया गया था कि यह हुक सिर्फ पंखा लटकाने के लिए ही है। पंखा इंसान से हल्का होता है। इसका मतलब यह हुआ कि हो सकता है कि हुक मेरा सत्तर किलो का बोझ न सह सके। हुक के टूटने का मतलब यह होगा कि मेरे साथ पंखा भी नीचे आ गिरे। सर पर चोट लग सकती है। चोट ज्यादा हुई तो डॉक्टर सीटी स्कैन रेफर करेगा। फिर ऑपरेशन लंबा खर्चा बैठ जाएगा। आत्महत्या का उद्देश्य तो पीछे छूट जाएगा और फिर पिछले महीने पैसा-पैसा जोड़कर खरीदे पंखे की ठंडी-ठंडी हवा का अभी कायदे से लुत्फ भी नहीं उठा पाया हूं।

एक मुसीबत और भी है। पत्नी दिन भर साए की भांति चिपकी रहती है। हर पंद्रह मिनट पर झांकने आती है कि निठल्ला पति कर क्या रहा है? हुक से रस्सी फंसाने के लिए कम से कम आधा घंटा टाइम चाहिए। सुसाइड नोट भी तो लिखना होगा। बहुत सोच-समझकर लिखना होगा, लेकिन ठोस कारण भी तो होना चाहिए। किससे परेशान हूं? खुद से या पत्नी से? या ऑफिस के कामकाज या साथियों से। या फिर अड़ोस-पड़ोस से। मगर इनमें से कोई भी तो कारण नहीं? ऐसा न हो कि इतना हल्का कारण हो कि किसी को यकीन ही न हो कि सुसाईड का इतना हल्का कारण भी हो सकता है। खिल्ली उड़ेगी अलग से। फिर तो फिलहाल सुसाइड प्लान स्थगित करना ही उचित होगा। तभी पीछे से कोई चीखा- "अबे अंधा है क्या? देखता नहीं पीछे सड़क का बाप चला आ रहा है। मैंने पीछे मुड़कर देखा"। अरे यह क्या? जाने कब बेख्याली में मैं सड़क के बीचो-बीच आ गया था और एक ट्रक ड्राइवर मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था-"मरण जोग्यां नूं जाणे जाने क्यों मेरा ही ट्रक मिलदा है, भूतनी दिया"।

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है। हटाओ, छोड़ो। साला सुसाइड करने में कितना झंझट है, मगर इस रस्सी का क्या करूं? रखे रहो। कभी किसी कुएं में डूबते हुए को सहारा देने के काम आएगी। तभी घर आ गया। पत्नी ने हाथ में रस्सी देखी तो बोली-" अरे वाह! मैं इसी के बारे में सोच रही थी। आंगन में बांधेंगे कपड़े सुखाने के लिए"।

# बागवानी उत्पादन में गिरावट

हार्टिकल्चर अर्थात बागवानी लेटिन शब्द हार्ट्स (उद्यान) और कल्चर (कृषि) से मिलकर बना है, इस समय भारत बागवानी फसलों के उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है। वही निर्यात के मामले में भारत सब्जियों के मामले में 14 वें और फलों के मामले में 23 वें स्थान पर है, जबकि भारत में उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल बागवानी उत्पादन में शीर्ष राज्य है। बागवानी उत्पादन के हाल में जारी तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2023-24 (जुलाई से जून) में पिछले वर्ष के 355. 48 मिलियन टन से . 65 प्रतिशत घटकर 355.19 मिलियन टन रहने का अनुमान है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अधिकारियों का मानना है कि कुल बागवानी उत्पादन में गिरावट सब्जियों के कम उत्पादन के कारण आई है। प्याज का उत्पादन 242.4 लाख टन रहने की उम्मीद है। आलू का उत्पादन 5.70 करोड़ टन रहने की संभावना है। बिहार और पश्चिम बंगाल में कम उत्पादन के कारण यह आंकड़ा सालाना आधार पर गिरावट दर्शाता है। जबकि फलों की फसल में कुछ वृद्धि हुई है। इस बार सब्जी का उत्पादन 205. 80 मिलियन टन रहने का अनुमान है, जो 2022-23 के 212. 55 मिलियन टन से कम है। हालांकि टमाटर, गोभी और फूल गोभी के उत्पादन में वृद्धि ने आलू और प्याज जैसी प्रमुख फसलों के गिरावट की भरपाई कर दी है।

फलों का उत्पादन 2023-24 में 2.29 प्रतिशत बढ़ कर 112.73 मिलियन टन होने का अनुमान है।

मंत्रालय के अनुसार आम, केला, नीबू, अंगूर और शरीफे आदि का उत्पादन बढ़ा है, जबकि सेब, अमरूद, लीची, अनार आदि का उत्पादन थोड़ा कम हुआ है। यह आंकड़े भारत में बागवानी क्षेत्र के मिश्रित प्रदर्शन को बताते हैं, जिसमें कुछ फसलें तो फल फूल रही हैं, परंतु अन्य को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है।

# पुलिस लाइन के आवास में मिला सिपाही का शव

## महकमे में हड़कंप, शव कई दिन पुराना होने से काफी सड़ गल चुका था, परिजनों को भेजी सूचना

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- औरैया का रहने वाला है, जीआरपी में तैनात था
- 13 अक्टूबर 23 को पुलिस लाइन में कराई थी आमद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ पुलिस लाइन परिसर में मंदिर के सामने बने आवास के अंदर सिपाही का शव मिलने पर हड़कंप मच गया। पड़ोसियों ने मकान से दुर्गंध आने की शिकायत अधिकारियों से की थी। इस पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर मकान के दरवाजे को खुलवाया था। शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। मृतक की शिनाख्त औरैया निवासी धर्मेंद्र के रूप में हुई जो यहां जीआरपी में तैनात था।


धर्मेंद्र।

फतेहगढ़ पुलिस लाइन परिसर स्थित आवासीय परिसर के लोगों ने मंगलवार दोपहर को अधिकारियों से ब्लाक 6 कमरा 8 से कई दिनों से दुर्गंध आने की शिकायत की। बताया गया कि आवासीय कैंपस के पूर्वी तरफ के अंतिम कमरे से काफी बदबू आ रही है। इस पर सीओ लाइन रविंद्र नाथ राय और आरआई अविचल पांडे फोर्स और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। कमरे के पास मधुमक्खियों का छत्ता होने की वजह से वे लोग अंदर नहीं जा पाए। इसके बाद सीढ़ी भी लगाई गई काफी प्रयास के बाद कमरे के गेट को तोड़ा जा सका। कमरे के अंदर एक युवक की सड़ा गला शव पड़ा मिला। मौके पर मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक की शिनाख्त 2011 बैच के सिपाही धर्मेंद्र निवासी औरैया के रूप में हुई जो जीआरपी में तैनात था। शव मिलने की सूचना पर मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने बताया कि मृतक धर्मेंद्र कुमार पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी सलैया थाना जनपद औरैया 2011 बैच का सिपाही था। उसने 13 अक्टूबर 23 को जीआरपी से पुलिस लाइन में आमद कराई थी, उसके बाद वह गैर हाजिर चल रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों के सूचना भेज दी गई है।

### चारा लेने गए वृद्ध की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना कंपिल क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी 69 वर्षीय वृद्ध रामभरोसे की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। वह पशुओं के लिए चारा लेने गया थे। चारा लाते समय वह पानी में डूब गया। मामले की सूचना थाना कंपिल पुलिस को दी गई। मंगलवार सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पुत्र भूरे ने बताया कि पिता सोमवार की शाम को जानवरों के लिए चारा लेने गए थे। देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उन्हें तलाशना शुरू किया लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। देर रात पानी के आसपास तलाश किया तब उनकी छड़ी पानी में बहती मिली। उसके बाद गांव के लोगों ने पानी में तलाश किया और करीब 5 घंटे तलाशने के बाद उनका शव बाढ़ के पानी में उतराता मिला।

## लूट की झूठी सूचना पर दौड़ी पुलिस

**अछल्दा, औरैया।** सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बंबा के पास एक मास्टर को कुछ लोगों ने लूट लिया है। मौके पर जब पुलिस मामले की जांच करने पहुंची तो मामला मारपीट का निकला। मास्टर ने भी मारपीट की बात स्वीकार की।

थाना क्षेत्र के ग्राम मुहम्मदाबाद निवासी अनिल कुमार पाण्डे पुत्र राम सागर रोज की तरह नगरिया स्थित एक कॉलेज में पढ़ाने के लिये जा रहे थे तभी अछल्दा अटसू मार्ग पर नगरिया गांव के पास से निकले बंबा के नजदीक दो अज्ञात लोग बाइक पर सवार होकर आए तथा बाइक खड़ी कर अभद्रता कर मारपीट करने लगे। उसी समय मेरे जेब से 11 सौ रुपये जमीन पर गिर पड़े। किसी ने पुलिस को लूट की फर्जी सूचना दे दी।

पीड़ित ने बताया कि 11 सौ रुपये जमीन पर गिर पड़े थे जो कि बाद में ढूंढने पर हमको मिल गए थे। थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि लूट की सूचना फर्जी है। मामला मारपीट का है।

## ससुराल आए युवक ने पत्नी से विवाद के बाद लगाई फांसी

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- जनपद कन्नौज का निवासी था मृतक
- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया

**अमृत विचार।** जनपद कन्नौज के निवासी एक युवक ने सुसराल में पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगा ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

क्षेत्र के गांव नरैनामऊ निवासी शिवकुमार कटियार की पुत्री कामनी की शादी 7 वर्ष पूर्व जनपद कन्नौज के थाना तालग्राम के गांव ताहपुर निवासी विकास पटेल के साथ हुई थी। शादी के बाद से आए दिन उसका पति आएदिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था जिसके चलते वह अपने मायके आ गई थी। मुकद्मा के बाद उसका पति तीन साल बाद उसे बुलाने आया था। 6 माह पहले वह फिर मायके आ गई थी। 14 सितंबर को उसका पति दिल्ली से उसे बुलाने ससुराल आया था। ससुराल में विकास का पत्नी से विवाद हुआ। शनिवार को वह घर जाने के बात कहकर ससुराल से चला गया था। मंगलवार को कैनाल रोड़ स्थित एक आम के बाग में गांव के एक ग्रामीण ने उसका रस्सी के सहारे लटका शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। मृतक की पत्नी ने बताया कि विकास शराब पीने का आदी था। शराब के नशे में वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। मृतक दिल्ली में मजदूरी का कार्य करता था। मृतक के एक 4 साल की पुत्री मिष्टी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## छत से सोलर प्लेट चोरी कर ले गए

**सौरिख, कन्नौज।** छिबरामऊ रोड पर स्थित घर में चोर पड़ोस में निर्माणाधीन मकान का सहारा लेकर दूसरी मंजिल की छत पर पहुंच गए। यहां से हजारों रुपये की सोलर प्लेट चोरी कर ले गए। पुलिस जांच में जुटी हुई है। छिबरामऊ रोड देव भवन निवासी आशा रानी पत्नी छत्रपाल सिंह के मकान के बगल में कुछ लोग मकान का निर्माण करा रहे हैं। सोमवार की रात चोर निर्माणाधीन मकान के खुले जीने से उनके घर की दूसरी मंजिल की छत पर पहुंच गए और छत पर लगी चार सोलर प्लेट चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज राकेश पटेल ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। आशा रानी ने निर्माणाधीन मकान के ठेकेदार एवं मालिक से जीना बंद करने के लिये कहा था फिर भी जीना बंद न कराए जाने के आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# जेल में हुए बवाल में 13 को सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- 2017 में जिला जेल में बंदियों ने उप कारापालों पर बोला था हमला
- 7-7 साल की जेल व 15-15 हजार रुपये जुर्माना देना होगा

**अमृत विचार।** सात साल पहले जिला जेल में हुए बवाल के मामले में सुनवाई पूरी होने पर 13 आरोपियों पर दोष सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश ने सात साल की सजा व 15 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता कमलेश कुमार ने बताया कि सात साल पहले 21 मई 2017 को गुरसहायगंज प्रभारी निरीक्षक ने जिला कारागर में निरुद्ध 32 नामजद व कुछ अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तालाबंदी करवाने के लिए उप कारापाल सुरेंद्र मोहन सिंह, गिरीश कुमार, रामऔतार कार्यालय पर मौजूद थे। शाम करीब 7.10 बजे अहाता संख्या 1,2,3,4 के 30-35 बंदी चक्र गुमटी पर पहुंच गए और तीनों उपकारापाल से एक अन्य बंदी विनोद पुत्र संतराम को कारागार प्रशासन द्वारा पीटे जाने के अनर्गल आरोप लगाने लगे। उपकारापाल सुरेंद्र मोहन बंदियों से बात कर रहे थे तभी बैरक संख्या 3 बी के बंदी स्वदेश, अंशू, मोहित ने उनको कुर्सी से धकेल दिया व बंदी जसवीर ने कुर्सी उनके सिर पर मार दी। राम औतार व गिरीशकुमार ने बंदियों को बैरकों में जाने को कहा लेकिन बंदी हमलावर हो गए। सुरेंद्र मोहन को घसीटते हुए अहाता संख्या 3 व 4 में तथा इसी प्रकार उपकारापाल रामऔतार को अहाता संख्या 1 व 2 में ले जाने लगे। इससे उनके हाथ में गंभीर चोट लग गई। इस पर उन्होंने बंदियों को ललकार कर बंदियों से घिरे जेल वार्डरों को छुड़ाया। बंदियों को उनकी बैरकों में बंद करवाया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचक ने सुनवाई के दौरान आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई पूरी होने के पश्चात अपर सत्र न्यायाधीश लोकेश वरुण ने दोष सिद्ध अभियुक्तों इस्तिखार उर्फ जौनी उर्फ रमेशा, नजर हुसैन उर्फ वाखिर उर्फ पंजाबी उर्फ नत्थू उर्फ जंगली, अजमल, साबिद, मोईन उर्फ तीतर, शारिक उर्प गोली, शाबिद उर्फ मिथुन, तैयब, महफूज उर्फ मुन्ना, जान निवास उर्फ महफूज, मुनव्वर उर्फ सलमान उर्फ रूलिया, चांद मियां उर्फ अर्जुन व आशिक को सात साल के सश्रम कारावास व 15 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

## नवाब, नीलू व बुआ पर गैंगस्टर आज

**कन्नौज।** बुधवार को किशोरी के दुष्कर्म मामले के आरोपी नवाब सिंह यादव, भाई नीलू यादव व किशोरी की बुआ पर कोतवाली पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई करेगा। पुलिस ने तैयारी पूरी करली है। अधिकारियों ने सहमति भी देदी है।

किशोरी से दुष्कर्म के मामले में तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास निकाल लिया है। सारी पत्रावली भी तैयार करली है। मंगलवार को उच्च अधिकारियों ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति दे दी है। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि बुधवार को गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिये कोतवाली पुलिस न्यायालय में पत्रावली पेश कर देगी। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ कई मुकदमें दर्ज हैं। अभी तक पुलिस दुष्कर्मके मामले में चार्जशीट लगाने का प्रयास कर रही थी। इसके चलते पुलिस को गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिये कागजी कोरम पूरा करने का समय नहीं मिल रहा था। अब दुष्कर्मके मामले में चार्जशीट लग जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को गैंगस्टर के कागजात तैयार कर लिये हैं।

## जिला अस्पताल के पैथोलॉजी कर्मी ने महंत से की अभद्रता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीएमओ व सीएमएस से शिकायत, नोटिस भेज मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में कर्मचारी ने सरायमीरा के काली दुर्गा मंदिर के महंत से अभद्रता कर दी। महंत ने सीएमओ व सीएमएस से लिखित शिकायत की है। सीएमएस ने कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टी करण मांगा है।

शहर के मोहल्ला देबिन टोला निवासी काली दुर्गा मंदिर के महांत स्वामी अखण्डा नंद मंगलवार को मंदिर के किसी कर्मचारी की के ब्लड की जांच कराने के लिये जिला अस्पताल की पैथोलॉजी पहुंचे। यहां मरीजों की भीड़ अधिक होने से वृद्ध महांत कक्ष के अंदर घुस गये। यहां मौजूद लैब टेक्नीशियन अनिल कुमार ने महांत स्वामी अखण्डा नंद को फटकार लगाते हुए अभद्रता की। उनको कक्ष से बाहर निकाल दिया। यही नहीं उसका पर्चा भी फेक दिया। महांत ने संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाईकी मांग करते हुए शिकायती पत्र मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री व जिलाधिकारी को भी प्रतिलिप भेजी है। शिकायत मिलने के बाद जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने संबंधित कर्मचारी को कारणबताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टी करण मागा है। ठीक जवाव न मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के लिये सीएमओ डॉ. विनोद कुमार को को पत्र भेजा जायेगा। इस संबंधमें लैव टेक्नीशियन अनिल कुमार का कहना है कि मंगलवार को लैव में मरीजों की भीड़ अदिक थी। बाबा उनके कक्ष में ब्लड की जांच कराने पहुंचे। कक्ष में उनके साथ ही कई अन्य मरीज भी घुस आये। इस पर उन्होंने बाबा को रोका था। इसी बात पर महांत भड़क गये। उन्होंने महांत को पूरा सम्मान दिया किसी तरह से अभद्रता नहीं की है। न ही उनका पर्चा फेका है। इस संबध में जिला अस्पताल के सीएमएस का कहना है कि मामले में संबंधित को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। मामले की जांच कराई जायेगी।

## युवक पर किया फायर बाल -बाल बचा

**जसवंतनगर, इटावा।** कचौरा बाईपास मार्ग पर सिरहोल नहर पुल के समीप बाइक सवार युवक पर दबंगों ने ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग किए लेकिन वह बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। मौके से खाली खोखे बरामद किए लेकिन कोई हमलावर पकड़ा नहीं गया।

थाना में इसी क्षेत्र में गांव कैस्त के रहने वाले भानू प्रताप सिंह ने मामला दर्ज कराया है कि वह गांव से मॉडल तहसील के सामने से बाईपास होता हुआ नहर पुल कचौरा रोड पर जा रहा था। अहीर टोला के आदित्य यादव उर्फ अंजली, विनीत यादव व गांव प्रतापपुर के अजय यादव उर्फ कन्हैया 15-20 अज्ञात साथियों सहित बाइकों पर आए जिन्होंने गाली गलौज करते हुए रोकने की कोशिश की, न रुकने पर कई राउंड फायर कर दिए जिसमें वह बाल-बाल बच गया। फायरिंग के धमाके सुनकर शोर मचने पर जान से मारने की धमकी दी, किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग आया। सीओ नागेंद्र चौबे ने बताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मंगला नदी में डूबने से युवक की मौत

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सिकरी रहमानपुर में मंगलवार दोपहर को मंगला नदी में पैर फिसलने से गिरे 30 वर्षीय युवक की डूबकर मौत हो गई। 2 घंटे तक लगातार नदी में युवक की खोजबीन की गई। जिसके बाद युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया, वहीं नायब तहसीलदार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मौके की जानकारी ली।

मुन्ना सिंह सिकरी रहमानपुर में रहकर जीवन यापन कर रहा था, 24 सितंबर को मुन्ना सिंह गांव के किनारे से निकल रही मंगला नदी में पहुंच गया, बताते हैं कि अचानक पांव फिसलने से मुन्ना सिंह नदी में डूब गया। मुन्ना के नदी में डूबने की खबर से गांव में हड़कम्प मच गया तथा उसकी खोजबीन शुरू कर दी गई। सूचना पाकर ग्राम प्रधान रविन्द्र सिंह व नायब तहसीलदार तारा शुक्ला एवं चुर्खी थाना पुलिस के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया गया है। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के निर्देशन पर नायब तहसीलदार तथा राजस्व कर्मचारियों के द्वारा दैवीय आपदा राहत कोष से मदद दिलाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। नायब तहसीलदार ने बताया कि मृतक का शव दोपहर 1:30 बजे नदी से बाहर निकाला गया।

### मवेशी चराते समय नदी में गिरा चरवाहा, चली गई जान

**उरई।** चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सीकरी रहमानपुर में भैंसे चराते समय चरवाहे की नदी में गिरकर मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज गया। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरी रहमानपुर निवासी चरवाहा मुन्ना 35 वर्ष रोज की तरह मंगलवार को नदी के समीप भैंस चराने गया था। पैर फिसलने से वह नदी में गिर गया और डूबकर उसकी मौत हो गई। मौजूद लोगों ने जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बरामद कर लिया।

**आक्रोश** लेखपाल ने दी तहरीर व किसान ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन, ग्राम लौना क्यामदी क्षेत्र का है मामला

# किसान व लेखपाल भिड़े, संघ ने किया काम का बहिष्कार

संवाददाता, जालौन


एसडीएम को ज्ञापन देते लेखपाल संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम लौना के क्यामदी क्षेत्र में फसल सर्वे करने को लेकर लेखपाल व किसान भिड़ गए, लेखपाल ने किसान पर मारपीट का आरोप लगाकर कोतवाली में तहरीर दी है। इधर लेखपाल के साथ हुई मारपीट के बाद लेखपालों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। वहीं, किसान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर लेखपाल पर 50 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है।

तहसील में ग्राम लौना क्यामदी क्षेत्र में तैनात लेखपाल विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसल का सर्वे चल रहा है। वह मंगलवार की सुबह करीब सात बजे मौजा अम्मरगढ़ में फसल का सर्वे करने के लिए गए थे। इसी दौरान गांव का एक किसान दो साथियों के साथ वहां आया और उनके खेत का पहले मुआयना करने और उन्हें मुआवजे के 20 हजार रुपये पहले देने का दबाव बनाने लगे। जबकि वह पहले ही उनके खेत का मुआयना कर चुके थे। यही बात जब उन्होंने कही कि वह उनके खेत का मुआयना कर चुके हैं और मुआवजे की धनराशि स्वीकृति के बाद उनके खाते में आएगी तो वह अभ्रदता करते हुए गाली, गलौज करने लगे। उनकी बाइक की चाबी भी निकाल ली। मना करने पर उन्होंने व उनके साथियों ने मिलकर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं मौजा का नक्शा भी उनके हाथ से छीनकर मलंगा नाले में फेंक दिया। लेखपाल के साथ हुई मारपीट की जानकारी जब तहसील क्षेत्र के लेखपालों को हुई तो उन्होंने काम बंद कर लिया। लेखपाल संघ के अध्यक्ष वैभवकांत त्रिपाठी ने बताया कि जब तक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज और कार्रवाई नहीं होती है तब तक कार्य बहिष्कार किया जाएगा। मामले को लेकर कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### किसान बोला, बीमा धनराशि दिलाने के नाम पर लिए 50 हजार

किसान रामनिवास ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को शिकायती पत्र देकर आरोप बताया कि गांव में तैनात लेखपाल विनोद कुमार ने 17 अप्रैल को उन्हें तहसील में बुलाकर किसान कार्ड से किसान बीमा धनराशि दिलाने को लेकर पचास हजार रुपये नगद ले लिए फिर भी उसे कोई बीमा लाभ नहीं मिला। उसने कई बार लेखपाल से रुपये वापस करने को कहा लेकिन लेखपाल ने रुपये वापस नहीं किए। 24 सितंबर को लेखपाल उनके गांव आया तो उसने लेखपाल से अपने रुपये मांगे। इस पर लेखपाल ने उसे धमकाया है।

## ठगी में निलंबित अधिकारी समेत तीन लोग गिरफ्तार

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाने के सामियाना गांव के विनोद कुमार व गंभरी गांव के मनोज, रामचंद्र को 2022 में गंभरी गांव के रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त देवीदीन कुशवाहा ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर लोक भवन में अनुभाग अधिकारी रामराज से मिलवाया। वह मूल रूप से खागा कोतवाली के कुंभीपुर निवासी है। अनुभाग अधिकारी ने विमल कुमार निवासी रजनियापुर थाना जहानाबाद, देवीदीन और आजमगढ़ जिले दुर्वासा कोथवा निवासी विनय कुमार गिरी के सहयोग से तीनों से 14 लाख की ठगी की थी। विनय गिरी पश्चिम बंगाल में रेलवे कर्मी है। विवेचक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि निलंबित अनुभाग अधिकारी रामराज, देवीदीन व विमल कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## सार-संक्षेप

### जिलाधिकारी ने वृद्धा को गाड़ी से भिजवाया उसके घर

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी ने जनता दर्शन के दौरान एक बुजुर्ग महिला की फरियाद को सुना और साथ ही मानवता का परिचय देते हुए बुजुर्ग महिला को तहसील की गाड़ी से उसके गंतव्य तक पहुंचाया। ककोर मुख्यालय में आज एक बुजुर्ग महिला अपनी फरियाद लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंची तो जिलाधिकारी ने महिला की बात को सुनकर तुरंत तहसीलदार अजीतमल को उनकी समस्या का निस्तारण करने के लिए आदेश कर दिया। बुजुर्ग महिला ने बताया कि वह औरैया की तिलक नगर मोहल्ले में रहती है। जिसकी जमीन अजीतमल तहसील के अंतर्गत पड़ती है उसके परिजनों ने जमीन की खतौनी में वीणा देवी की जगह रीना देवी व पति कैलाश चन्द्र की जगह कैलाश प्रकाश दर्ज करवा दिया है जिस कारण उसे उसके परिवारीजनों ने उसे जमीन से बेदखल कर दिया। खतौनी में नाम संशोधन के लिए वह कई महीनों से परेशान थी और लेखपाल उसे तहसील के चक्कर कटवा रहा था। वह ककोर मुख्यालय पर अपनी फरियाद लेकर डीएम के जनता दर्शन में पहुंची थी। डीएम ने बुजुर्ग वृद्धा की समस्या का निस्तारण करने का आदेश तहसीलदार अजीतमल को दिया और साथ ही उसे तहसीलदार की गाड़ी से उसके घर तक पहुंचाया।


तहसीलदार की गाड़ी से जाती महिला।

### कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**बकेवर।** एक महीने पहले किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ व दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। थाना बकेवर में दर्ज कराए गए अभियोग में कहा गया है कि 16 वर्षीय बेटी विद्यालय व कोचिंग पढ़ने के लिए नगर में आते जाते समय रास्ते नामजद आरोपित अश्लील हरकते और छेड़छाड़ करते थे। 28 अगस्त को जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की तब न्यायालय में गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर नगर बकेवर के मोहल्ला सुभाष नगर के असलम उर्फ अलवेले, शोहिल तथा इनके पिता नफीस खां के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। जिसकी जांच सीओ भरथना अतुल प्रधान द्वारा की जाएगी।

### वृद्धाश्रम चलाने वाली संस्था को ब्लैक लिस्ट करने की संस्तुति

**इटावा।** जिले में भरथना में संचालित वृद्ध आश्रम में अनियमितताएं मिलने पर जिलाधिकारी ने आवंटित रकम का विशेष ऑडिट करने तथा संस्था को ब्लैक लिस्टेड करते हुए अनुदान रोके जाने की संस्तुति की है। संस्तुति प्रमुख सचिव समाज कल्याण को भेज दी गई है। इस वृद्ध आश्रम का संचालन लखनऊ की एक संस्था करती है। 18 जुलाई को वृद्ध आश्रम में कार्यरत रहे कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान न करने और अन्य अव्यवस्थाओं के संबंध में शिकायत की गई थी। इस शिकायत की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। वृद्ध आश्रम में पहुंचकर इन शिकायतों की जांच की तथा बिल वाउचर आदि देखें। समिति के सदस्यों के समक्ष संस्था की ओर से कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। नियमावली के अंतर्गत वृद्ध आश्रम में संवासियों को अवसान, पर्सनल केयर, भोजन व्यवस्था तथा मनोरंजन आदि की सुविधा उपलब्ध नहीं है। समिति की सिफारिश पर डीएम अवनीश राय ने इस वृद्ध आश्रम में हुई वित्तीय अनियमितताओं को ध्यान में रखते अनुदान का विशेष ऑडिट कराने की कार्रवाई करते हुए संस्था को ब्लैक लिस्ट करके अनुदान रोकने की संस्तुति की है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव नगला केहरी निवासी हंसराज की 22 वर्षीय पत्नी संजू की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पति ने बताया पिछले चार-पांच दिनों से उसे बुखार आ रहा था। स्थानीय चिकित्सक से उपचार चल रहा था। सोमवार की शाम उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे मायके पक्ष के जनपद शाहजहांपुर के मदनपुर निवासी सत्यराम व अन्य परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। जिस पर थाना प्रभारी तरुण कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। दरोगा वीरपाल ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

### दुष्कर्म के बाद गर्भवती हुई किशोरी, आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र की निवासी 15 वर्षीय किशोरी कक्षा पांच की छात्रा है। वह पांच माह पहले मकान की छत पर खेल रही थी, तभी गांव रसीदपुर निवासी अवनीश उर्फ प्रद्युम्न ने छात्रा से दुष्कर्म किया और परिजनों को न बताने की चेतावनी दी। इससे छात्रा डर गई और परिजनों को नहीं बताया। कुछ दिन से परिजनों को छात्रा के गर्भवती होने का आभास हुआ तो जांच कराई, जिसमें इसकी पुष्टि हो गई। पुलिस ने मां की ओर से मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### सीढ़ी पर चढ़ते समय फिसला पैर, मौत

**कंपिल फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी 45 वर्षीय नन्हकू बाथम चौराहे पर चाट की ठेली लगाता था। उसका इकलौता पुत्र अजय पत्नी के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। नन्हकू घर में अकेला रहता था। नन्हकू शराब पीने का आदी था। सोमवार देर शाम नन्हकू शराब के नशे में घर की सीढ़ी से छत पर जा रहा था। अचानक उसका पैर फिसल गया जिससे वह सिर के बल जमीन पर आ गिरा। घर में अकेला होने पर किसी को घटना की जानकारी नहीं हुयी। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गयी। मोहल्ले वालों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर परिजनों को सूचना दी।

### स्टे होने से होटल पर नहीं चल सका बुलडोजर

**कन्नौज।** नोटिस देने के बाद जीटी रोड सरायमीरा स्थित होटल पर प्रशासन का बुलडोजर नहीं चल सका। कोर्ट का स्टे आड़े आने से प्रशासन के हाथ बंध गए। अब प्रशासन पहले कोर्ट से लिया स्टे खारिज करायेगा। इसके बाद अवैध निर्माण को गिराया जा सकेगा। नवाब सिंह यादव की मां के नाम पर सरायमीरा में जीटी रोड किनारे सांई होटल का भवन है। इस भवन को सरकारी भूमि पर बने होने की बात तहसील प्रशासन कर रहा है। इसी के चलते प्रशासन ने भवन के मालिक को नोटिस दिया था। नोटिस का समय पूरा होने के बाद मंगलवार को नगर पालिका ईओ से बात करके भवन को गिराने के लिये सुबह 08 बजे का समय निर्धारित कर दिया गया था। प्रशासन को जानकारी मिली कि उक्त भूमि पर कोर्ट से स्टे लिया गया है। इस पर तहसील प्रशासन समेत तैयार बैठी पुलिस व पीएसी को भी रोक दिया गया।

### महिला के फाड़े कपड़े, विरोध पर किया हमला

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला 9 सितंबर को घर में अकेली मौजूद थी। बच्चे स्कूल गए थे। आरोप है कि तभी आदमपुर उम्मेद गांव निवासी मोहित एवं बुली लाठी डंडा एवं टकोरा लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दुष्कर्म के प्रयास में जमीन पर गिरा लिया और कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर टकोरा से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुन ग्रामीणों को आता देख दोनों जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया गया था।

### प्रसव के बाद प्रसूता की इलाज के दौरान मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तालग्राम देहात के ग्राम रसूलाबाद निवासी अंसार कुरैशी की पत्नी फिजा बेगम (33) को प्रसव पीड़ा हुई। इस पर उसे सोमवार को तालग्राम सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पुत्री को जन्म दिया। प्रसव के बाद उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया जहां उस की हालत खराब हो गई। स्टाफ नर्स ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां से कानपुर के हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय फिजा बेगम की मौत हो गई। लोगो ने बताया कि फिजा बेगम के इलाज के लिए ग्रामीणों ने रुपये एकत्र कर दिए थे। पति अंसार कुरैशी मजदूर है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने बताया कि प्रसूता को जिला अस्पताल भेजा गया था। उसके बाद की जानकारी नहीं है।

### ट्रेन में बेहोश मिले वृद्ध की जिला अस्पताल में मौत

**कन्नौज।** सोमवार को दोपहर के समय फर्रुखाबाद से कानपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन में में एक वृद्ध की हालत खराब हो गई। जानकारी पर कन्नौज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी के सिपाहियों ने उसे नीचे उतारा। इसके बाद जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने प्रयास किया लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं पाई। इस के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। कुछ लोग बताते हैं कि वृद्ध रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद पर भीख मांगता था। वह ट्रेन में बैठा था तभी उसकी हालत खराब हो गई।

### भाजपा नेता के बेटे को छोड़ने के लिए मांगे डेढ़ लाख

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के आदर्शनगर निवासी राजेश सिंह बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष हैं। उनका बेटा अभिनव लखनऊ में पढ़ाई करता है। उन्होंने बताया कि एक सितंबर को उनके पास अलग-अलग नंबर से फोन आया। फोन करने वाला बोला कि वह सब इंस्पेक्टर विजय कुमार लखनऊ से बोल रहा है। कहा कि उनका पुत्र अभिनव सिंह एक मामले को लेकर कब्जे में है। उसे धमकी देकर लड़के को छुड़वाने के लिए फिरौती के रूप में डेढ़ लाख रुपये मांगे। रुपये फोन पे या गूगल पे पर मांगे। वह बोला कि रुपये मिलने के बाद पुत्र को छोड़ देगें। उसके भेजे दो मोबाइल नंबर पर दोस्तों से पांच-पांच हजार रुपये दो बार में भेजा। करीब एक घंटा बीतने पर पुत्र लखनऊ में अपने घर पहुंच गया। आरोप लगाया कि राजनैतिक रंजिश के चलते साजिश की जा रही है। कोतवाल तारकेश्वर राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जम्मू में भाजपा तो कश्मीर में निर्दलीयों के हाथ सत्ता की चाबी

## केंद्र शासित प्रदेश में आज दूसरे चरण में 26 सीटों पर डाले जाएंगे वोट, कांटे के मुकाबले में फंसे प्रमुख दलों के उम्मीदवार

जम्मू-कश्मीर सत्ता संग्राम

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क



जम्मू कश्मीर के चेनानी विधान सभा क्षेत्र में आयोजित सभा में शामिल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

**अमृत विचार।** केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दूसरे दौर में 26 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा। इस चरण में 5 जिलों जम्मू के रियासी, राजौरी और पुंछ के साथ कश्मीर घाटी के श्रीनगर और बडगाम में 26 विधानसभा क्षेत्रों में 239 उम्मीदवारों ने जमकर प्रचार किया है। 18 सितंबर को पहले चरण में राज्य की 24 सीटों के लिए करीब 61 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले थे। इस चरण में सबसे बड़ा मुकाबला बडगाम और गंदेरबल सीट पर माना जा रहा है। इन दोनों सीटों से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला चुनाव लड़ रहे हैं। पीडीपी दूसरे चरण में सभी 26 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के 20 और कांग्रेस के 6 सीटों पर उम्मीदवार हैं। भाजपा 17 सीटों पर मैदान में है। लेकिन प्रमुख दलों की नींद इस दौर में 99 निर्दलीय प्रत्याशियों ने उड़ा रखी है।

दूसरे चरण के मतदान में भी पहले चरण की ही तरह भाजपा जम्मू क्षेत्र में मजबूती से चुनाव लड़ती नजर आई है, जबकि कश्मीर में उसने निर्दलीय और छोटे-छोटे दलों से उम्मीद लगा रखी है। घाटी में अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य को केंद्र शासित बनाने से लोग नाराज नजर आते हैं। ऐसे में भाजपा कश्मीर की सीटें एनसी-कांग्रेस गठबंधन, पीडीपी, निर्दलीय और अन्य दलों में विभाजित होने से अपने लिए सत्ता की राह खुलती देख रही है। इसके लिए पार्टी जम्मू क्षेत्र में 35 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कांग्रेस उसे इस आंकड़े से आगे बढ़ने से रोकने में ताकत लगा रही है।

चर्चित बडगाम सीट पर उमर अब्दुल्ला की टक्कर 7 उम्मीदवारों से हुई है। इस सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का दबदबा रहा है। पिछले 10 विधानसभा चुनावों में सिर्फ एक बार उसे हार मिली है। मुख्य मुकाबला उमर अब्दुल्ला और पीडीपी के आगा सैयद मुंतजिर मेहदी के बीच हुआ है। आगा सैयद मुंतजिर प्रमुख शिया मौलवी और हुर्रियत नेता आगा सैयद हसन मोसावी के बेटे हैं। आगा परिवार कश्मीर के तीन प्रमुख शिया मौलवी परिवारों में से एक है।

बडगाम में 30 से 33 हजार वोटर शिया हैं। अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता आगा सईद अहमद मूसवी भी यहां मजबूती से चुनाव लड़ते दिखे हैं। आगा सईद 3 बार 2002, 2008 और 2014 के विधानसभा चुनाव में यहां से जीत चुके हैं। उमर अब्दुल्ला की दूसरी सीट गंदेरबल को उनके परिवार का गढ़ माना जाता है।

उनके दादा शेख अब्दुल्ला 1977 और पिता फारूक अब्दुल्ला 1983, 1987 और 1996 में सीट से चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि 2002 में नेशनल कॉन्फ्रेंस यह सीट हार गई थी। 2008 के चुनाव में उमर अब्दुल्ला सीट से चुनाव जीते। इसके बाद वह मुख्यमंत्री भी बने। 2014 में शेख इशफाक जब्बार ने नेशनल कॉन्फ्रेंस से यहां जीत दर्ज की थी। यहां पीडीपी नेता बशीर अहमद मीर और नेशनल पैंथर्स पार्टी के अब्दुल राशिद समेत एक दर्जन से ज्यादा और प्रत्याशियों ने प्रचार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। कश्मीर के मौलवी सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती जो जेल में बंद हैं, वह भी गंदेरबल से चुनाव लड़ रहे हैं। आतंकी बुरहान वानी की मौत के बाद विरोध रैली निकालने वालों में सरजन बरकती अगुवा रहे थे। वह आजादी चाचा के नाम से मशहूर हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को मिल रही कड़ी चुनौती

- जम्मू कश्मीर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना जम्मू की राजौरी सीट पर भी दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे। 2014 का विधानसभा चुनाव रैना इसी सीट से जीते थे। लेकिन उन्हें सुरिंदर चौधरी नेशनल कॉन्फ्रेंस के टिकट पर चुनौती दे रहे हैं। 2014 के चुनाव में भी सुरिंदर चौधरी ने उन्हें कड़ी टक्कर दी थी। पीडीपी से एडवोकेट हक नवाज चौधरी ने यहां मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है। नौशेरा कभी कांग्रेस का गढ़ रहा है। 8 बार कांग्रेस ने यहां जीत दर्ज की, लेकिन 2008 के चुनावों में यह सीट नेशनल कॉन्फ्रेंस से हार गई थी। जम्मू कश्मीर कांग्रेस के अध्यक्ष तारिक हामीद कर्रा श्रीनगर की सेंट्रल शालटेंग सीट से मैदान में हैं। तारिक हामीद को पीडीपी के अब्दुल कयूम भट्ट और अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता रियाज अहमद मीर और अपनी पार्टी के जफर हबीब डार से मुकाबला करना पड़ा है। तारिक हामीद पहले पीडीपी में थे। लेकिन पीडीपी-भाजपा गठबंधन के खिलाफ पार्टी से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। अपनी पार्टी के नेता अल्ताफी बुखारी की किस्मत का फैसला श्रीनगर की चन्नपोरा सीट के मतदाता करेंगे। यहां पीडीपी के मोहम्मद इकबाल, नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुश्ताक गुरु और भाजपा से हिलाल अहमद वानी उन्हें चुनौती देते नजर आ रहे हैं।

# पूर्व विधायक की 8.24 करोड़ की संपत्तियां जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आवासीय, कृषि और वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल
- उप्र. पुलिस की कार्रवाई के बाद अब ईडी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** उतरौला के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हासमी और उनकी पत्नी की 21 संपत्तियों को ईडी ने मंगलवार को जब्त कर लिया। संपत्तियों की कुल कीमत 8.24 करोड़ रुपए आकी गई है। यह कार्यवाई ईडी ने पीएमएलए एक्ट के अंतर्गत की है। जब्त हुई संपत्तियों में आवासीय, कृषि और वाणिज्यिक भूमि शामिल है।

ईडी ने आरिफ अनवर हाशमी, उनके भाइयों और अन्य सहयोगियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाते हुए यूपी पुलिस द्वारा आईपीसी, 1860 और अन्य अधिनियमों की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की है। पूर्व विधायक को उप्र. गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंगस्टर के रूप में भी सूचीबद्ध किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक आरिफ अवैध अतिक्रमण और जमीन पर कब्जा करने में शामिल रहा है। जांच के बाद, पुलिस ने आरिफ अनवर हाशमी और अन्य के खिलाफ अवैध अतिक्रमण, जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के अपराध स्थापित करते हुए कई आरोप पत्र भी दायर किए था। ईडी की जांच से पता चला कि आरिफ अनवर हाशमी वर्ष 1984 से अवैध अतिक्रमण और जमीन हड़पने के अपराधों में शामिल हैं। ईडी की जांच में भूमि रिकॉर्ड से संबंधित सरकारी दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़, अवैध लाभ के लिए भूमि की प्रकृति को बदलने के लिए ग्राम पंचायतों का उपयोग करने के कई उदाहरण भी सामने आए। दूसरों के साथ मिलीभगत करके और अतिक्रमित संपत्तियों पर व्यवसाय, कॉलेज चलाकर भारी अवैध धन कमाना। जांच में पता चला कि कुर्क की गई।

# हिरण का मांस खाया, जमीन में दबाए अवशेष

संवाददाता, मुजरिया (बदायूं)

- वन दरोगा पर लगाया हिरण के शिकार का आरोप
- गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम को भेजे अवशेष



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हिरण का शिकार कर मांस खाने के बाद अवशेष वन विभाग की जमीन में दबा दिए गए। पुलिस ने जमीन की खोदाई कराके अवशेष बरामद किए। वन दरोगा पर मांस पकाकर खाने के आरोप लगे हैं। पुलिस जांच कर रही है। अवशेष पोस्टमार्टम को भेजे गए हैं।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव कौल्हाई में हिरण का शिकार कर उसके अवशेष वन विभाग की नर्सरी में दबाए जाने की जानकारी पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा को मिली। उन्होंने अपने साथी संजीव प्रजापति को बताया। संजीव पुलिस को साथ लेकर नर्सरी पहुंचे। जमीन की खोदाई कराने पर हिरण के अवशेष मिले। पुलिस ने आरोपी वन दरोगा को कई बार फोन किया, परंतु फोन रिसीव नहीं किया गया। वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो हिरण के अवशेष एक दिन पूर्व मिले। उन्हें बिना पोस्टमार्टम के दफना दिया गया था। पोस्टमार्टम से पता लगेगा कि अवशेष कितने दिन पुराने हैं।

> बिल्सी तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा गुसांई में हिरण का शव पड़े होने की जानकारी वन दरोगा को मिली थी। उसे बिना पोस्टमार्टम के ही दफना दिया गया। अब अवशेषों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। दोषियों पर कार्रवाई होगी।
>
> -प्रदीप वर्मा, डीएफओ

# मोदी-योगी के निर्देश पर करें अमल : राजभर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर की अध्यक्षता में मंगलवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मेहनत से कार्य कर रहे हैं। विभाग की तरफ से भी पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में जो निर्देश प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा मिला है, उसको धरातल पर उतारने में हम सभी को मिलकर सहयोग करना होगा। 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' को सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी क्षेत्र प्रमुखों को अपना अमूल्य सहयोग देने का आह्वान किया। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि पंचायतीराज विभाग द्वारा ओडीएफ प्लस योजना पर कार्य किया जा रहा है। गांवों में कूड़े के प्रबंधन के दृष्टिगत सॉलिड एवं लिक्विड मैनेजमेंट की दिशा में पंचायतीराज विभाग काम कर रहा है। कूड़े के निस्तारण की व्यवस्था गांवों में ही की जा रही है।

### 5 लाख बढ़ेगी कार्ययोजना की धनराशि

इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की तरफ से 09 सूत्रीय मांग पत्र मंत्री ओमप्रकाश राजभर को दिया गया, जिस पर मंत्री ने विचार कर निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। प्रमुख मांगों में से वित्तीय कार्ययोजना को कराने के लिए स्वीकृत 10 लाख रुपये की राशि को बढ़ाकर 15 लाख रुपये तक करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति को प्रत्येक वर्ष 10 प्रतिशत तक बढ़ाने पर भी विचार किया जायेगा।

# पॉलीटेक्निक में काउंसिलिंग पूरी

**लखनऊ :** राज्य के पॉलीटेक्निक संस्थानों में छह चरणों में आयोजित प्रवेश काउंसिलिंग के बाद भी कुल डेढ़ लाख सीटों के सापेक्ष लगभग एक लाख सीटें अभी खाली हैं। इनमें से सरकारी कॉलेजों में भी लगभग छह हजार सीटें रिक्त हैं। फिलहाल प्राविधिक शिक्षा विभाग आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) को अतिरिक्त समय मिलने संबधी न्यायिक आदेश का इंतजार है। पॉलीटेक्निक संस्थानों में इंजीनियरिंग व अन्य कोर्स (फार्मेसी छोड़कर) में प्रवेश की प्रक्रिया अभी 15 सितंबर तक पूरी हुई है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के अनुसार राज्य में 150 सरकारी, 19 सहायता प्राप्त, 18 पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप व 270 प्राइवेट पॉलीटेक्निक हैं। इसमें लगभग 1.60 लाख सीटें हैं। प्रवेश काउंसिलिंग के माध्यम से लगभग 60 हजार सीटों पर ही प्रवेश हुआ है।

## सार-संक्षेप

### प्राविधिक शिक्षा संस्थानों में शुरू हुई भर्तियां

**लखनऊ :** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में विधान सभा स्थित सभागार में प्राविधिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने शैक्षिक और गैर-शैक्षिक पदों पर भर्ती, नए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना, सत्र नियमन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। बैठक के दौरान बताया गया कि हरकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू), कानपुर में शैक्षिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया मार्च 2024 में पूरी हो चुकी है। वहीं, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी), गोरखपुर और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में शैक्षिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। मंत्री ने एकेटीयू को 31 अक्टूबर 2024 तक सभी शैक्षिक पदों पर भर्ती पूरी करने के निर्देश दिए। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के शैक्षिक पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया तेज की जा रही है और 504 पदों का अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेजा गया है, जिस पर कार्यवाही जारी है। बैठक में यह भी बताया गया कि एमएमएमटीयू गोरखपुर और एचबीटीयू कानपुर ने सत्र 2024-25 के लिए अपने शैक्षणिक कैलेंडर क्रमश: 10 जून और 12 जून को जारी कर दिए थे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में सत्र नियमन और प्रवेश प्रक्रिया को समयबद्ध और अधिक पारदर्शी बनाया जाए ताकि, छात्रों को कोई असुविधा न हो। डिग्री सेक्टर के पिछले तीन वर्षों के प्रवेश और प्लेसमेंट का विवरण भी बैठक में प्रस्तुत किया गया। डिप्लोमा सेक्टर के संस्थानों में शिक्षकों और विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती की स्थिति पर भी बैठक में चर्चा की गई।

### रिश्ता ये हमजोली सा है, चोर के घर चोरी सा है

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार दोपहर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक न्यूजिपेपर की कटिंग शेयर करते हुए यूपी के पूर्व चर्चित नौकरशाह की उत्तरराखंड स्थित आलीशान कोठी का जिक्र करते हुए लिखा कि कोठी से 50 करोड़ की चोरी हो गई। लिखा कि "रिश्ता ये हमजोली-सा है, चोर के घर में चोरी-सा है। अखिलेश यादव ने जिस अखबार की कटिंग शेयर की है, उसमें लिखा है "सूबे के एक पूर्व चर्चित नौकरशाह की उत्तेराखंड में आलीशान कोठी से 50 करोड़ की चोरी होने की चर्चा इन दिनों नौकरशाही में खूब हो रही है। पर साहब ने चुप्पीद की चादर ओढ़ रखी है। खास बात यह है कि इतनी बड़ी चोरी के बाद भी साहब ने न तो मुकदमा दर्ज कराया और ना ही कोई कार्रवाई होने दी। अंदरखाने ही चोरों का पता लगाने की कोशिश जरूर हो रही है। पूरा मामला गोपनीयता के साथ सलटाने के जतन किए जा रहे हैं। इसलिए चोरी से अधिक चर्चा मामले पर चुप्पीह को लेकर है। उन्होंने आगे लिखा कि गोपनीयता का आलम यह है कि साहब के बगलगीरों को भी इसकी भनक नहीं लगने दी गई। अब तो अफसरों की शाम की पार्टी में भी इस पर चर्चा हो रही है। बताने वाले यहां तक कह रहे हैं कि पूर्व चर्चित नौकरशाह तो बाहर से नॉर्मल दिखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं पर मैडम गहरे सदमे में हैं।

### वसूली का विकेन्द्रीकरण है कमिश्नरेट: अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा राज में कमिश्नरेट दरअसल करेप्शनरेट बन गये है। कमिश्नरेट वसूली का विकेन्द्रीकरण है। आम जनता कहीं बाढ़, कहीं जंगली जानवर और बीमारियों से परेशान और त्रस्त हैं। मंगलवार को जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा कि उप्र. की तमाम समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए सरकार के इशारे पर निर्दोषों को झूठें मुकदमों में फंसाने और फर्जी एनकाउण्टर का खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि कमजोर लोग एनकाउण्टर को अपनी शक्ति मानते है। किसी का भी फर्जी एनकाउण्टर नाइंसाफी है।

### आज ईडी कार्यालय में पेश होंगे मोहिंदर सिंह

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कॉडर के पूर्व आईएएस एवं नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को पूछताछ के लिए तलब किया है। सूत्रों के मुताबिक मोहिंदर सिंह से नोएडा सेक्टर 75 के भूखंडों के आवंटन एवं बिल्डरों से संबंध के बारे में पूछताछ की जाएगी। बतादें कि ईडी ने पूर्व आईएएस के चंडीगढ़ स्थित आवास पर छापा मारा था, इस दौरान सात करोड़ के आभूषण सहित करोड़ों की नगदी आदि बरामद हुई थी। जांच के दौरान मोहिंदर सिंह द्वारा पद पर रहते हुए अरबों के भ्रष्टाचार का भी मामला उजागर हुआ था।

# भ्रमण के दौरान ओबीसी के लोगों से संवाद करे आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिलों में भ्रमण के दौरान ओबीसी आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य संबंधित वर्ग के लोगों से संवाद करें। संवाद के बाद आशाओं-अपेक्षाओं से सरकार को भी अवगत कराएं। मुख्यमंत्री मंगलवार को सरकारी आवास पर आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य के साथ विशेष बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बीते साढ़े सात वर्षों में सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों से ओबीसी समाज को मुख्य धारा में स्थान मिला है। ओडीओपी प विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं के केंद्र में ओबीसी समाज ही है। सरकार की लाभार्थीपरक योजनाएं हों या आरक्षण जैसे संवैधानिक अधिकारों का लाभ, वर्तमान सरकार में ओबीसी समाज पूरा लाभ प्राप्त कर रहा है।

### बेहतर कार्ययोजना बनाए आयोग : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओबीसी समाज को राष्ट्रवाद की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए आयोग को सकारात्मक भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज के युवाओं में बहुत प्रतिभा व मेधा है, आवश्यकता उन्हें मंच देने की है। आयोग को इस दिशा में बेहतर कार्ययोजना बनानी चाहिए। विभागीय अधिकारियों को आयोग के कार्यालय में अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों के लिए पर्याप्त कक्षों की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए।

# शहर में जुटेंगे प्रदेश भर के टेनिस खिलाड़ी

**लखनऊ।** दीपावली के बाद प्रदेश भर के टेनिस खिलाड़ी यहां पर अपने प्रदर्शन की चमक बिखेरते नजर आयेंगे। नवबंर माह उत्तर प्रदेश टेनिस संघ की देखरेख में टेनिस चैंपियनशिप के आयोजन की तैयारी की जा रही है। शहर में आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप को लेकर जगह और तारीख को फाइनल करने को बैठक शुरू हो चुकी है। संघ के पदाधिकारी इस चैंपियनशिप में आने वाले खिलाड़ियों का ब्योरा जुटा रहे हैं। संघ से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार विभिन्न जिलों से जानकारी ली जा रही है। प्रदेश के खिलाड़ी कहीं परीक्षा या किसी अन्य कार्यक्रम में व्यस्त तो नहीं है। प्रयास किया जा रहा है कि इस चैंपियनशिप में सभी जिलों के रैंकिंग खिलाड़ी यहां पहुंच सके।

# उद्यमियों का महाकुंभ आज से शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का द्वितीय संस्करण
- मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे शुरुआत, 29 को समापन समारोह में होंगे केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल

**अमृत विचार :** आस्था का महाकुंभ अभी भले ही दूर हो, लेकिन उद्यमियों की आशाओं और संभावनाओं का महाकुंभ यानी उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण की शुरुआत बुधवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होने जा रहा है। बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इस मेगा शो का शुभारंभ करेंगे। दूसरा संस्करण पहले संस्करण से भी बड़ा होने जा रहा है।

इस आयोजन के माध्यम से दुनिया प्रदेश के क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर से रूबरू होगी। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित और बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा, तो भारत और वियतनाम का जायका भी आगंतुकों को आकर्षित करेगा। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए उन्हें प्रदेश के कल्चर से भी अवगत कराया जाएगा। शो का समापन 29 सितंबर को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया जाएगा।

एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि आयोजन में 2500 स्टाल्स एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के हुनर को प्रदर्शित किया जा रहा है। अब तक 70 देशों के 350 से अधिक क्रेताओं द्वारा अपना प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण कराया जा चुका है, यह संख्या और भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आयोजन में 3,50,000 से अधिक लोगों के आने की संभावना है।

### फैशन शो भी होगा

- राकेश सचान के मुताबिक, इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस के सहयोग से वियतनाम, बोलीविया, रूस, वेनेजुएला, मिश्र एवं कजाकिस्तान के सांस्कृतिक ग्रुप्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन भी किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के परम्परागत परिवेश एवं परिधान को दुनिया के सामने एक फैशन शो के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा | दीपोत्सव तक होगी संचालित, गुम हुए तो कर्मचारी करेंगे गाइड

# 3 .95 करोड़ की लागत से बनी शीशे की भूल भुलइया

सत्य प्रकाश, अयोध्या



बेनीगंज स्थित जल निगम में बना भूल भुलाइया। अमृत विचार



भूल भुलाइया का द्वार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामायण प्रसंग में शामिल माता सीता की खोज की थीम पर नगर में एक शीशे की भूल-भुलइया तैयार कराई गई है। बेनीगंज क्षेत्र स्थित जलकल कार्यालय में आरके इंटरप्राइजेज के द्वारा 1400 स्क्वायर फीट में तीन करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से तैयार यह भूल-भुलइया दीपोत्सव तक लोकार्पित की जाएगी। दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र होगा।

योगी सरकार ने रामनगरी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक दर्जन से अधिक योजनाएं संचालित की हैं। इसी क्रम में नगर निगम की पहल से पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए शीशे की भूल भुलाइया को तैयार किया गया है।

कंपनी के डायरेक्टर शरद शाश्वत ने बताया कि स्टेट स्मार्ट सिटी योजना के माध्यम से इसका निर्माण कराया गया है, जिसे मिरर बेस्ट सीता जी की खोज का नाम दिया गया है। इसके अंदर जाने के बाद बाहर निकलने के लिए रास्ता खोजना होगा। इसके लिए अंदर शीशे के अलग-अलग चैंबर्स बनाए गए हैं।

### एक बार में 20 लोग करेंगे प्रवेश

भूल भुलइया नगर निगम के द्वारा संचालित किया जायेगा। इसमें एक बार में 20 लोग ही प्रवेश कर सकेंगे। प्रतिदिन सुबह 10 से रात में 8 :00 तक ही संचालित होगा। इस भूल भुलइया में एक व्यक्ति अधिकतम 8 से 10 मिनट तक रह सकता है। अगर किसी को इसके अंदर रास्ता नहीं मिलता है और वह भूल गया है तो उसको कंपनी के कर्मी गाइड करेंगे।

### आध्यात्मिक के साथ रोमांचक भी

नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि यह योजना अयोध्या वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। इससे लोगों को इस बात का बोध कराया जाएगा कि उस समय कैसी परिस्थितियां रही होंगी जब हनुमान जी माता सीता की खोज के लिए गए थे। अपने आप में यह योजना धार्मिक आध्यात्मिक के साथ मनोरंजक और रोमांचक भी है। अभी किराया तय नहीं हुआ है। दीपोत्सव के पूर्व ही शहर वासियों को इस योजना की सौगात मिलेगी।

# मंदिर को उड़ाने की धमकी देने का आरोपी जेल गया

**अयोध्या ।** रामजन्मभूमि को चार हजार किलो आरडीएक्स से उड़ने की धमकी का संदेश भेजने के आरोपी मक़सूद अंसारी की पुलिस कस्टडी रिमांड मंगलवार को ख़त्म हो गई, जिसके चलते पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण करवा वापस जिला कारागार में दाखिल कराया है। वहीं आरोपी के साले से पूछताछ में भी कुछ खास जानकारी हाथ नहीं आई है। उधर पूछताछ के लिए बुलाए गए एक अन्य संदिग्ध को पुलिस ने वापस जाने दिया है।

बिहार प्रांत के भागलपुर जिले के बरारी थाना क्षेत्र स्थित बड़ी खंजरपुर मस्जिद गली निवासी मक़सूद अंसारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मकसूद ने घटना के समय उसका मोबाइल साले अरमान उर्फ़ अमन निवासी सकरुल्लाचक, हुसैनाबाद के पास होने की बात कही थी। वारदात की गुत्थी सुलझाने और कड़िया जोड़ने के लिए विवेचक ने आरोपी मकसूद का 96 घंटे का पुलिस कस्टडी रिमांड लिया था। दोनों से कई चक्र पूछताछ और पड़ताल के बावजूद इनके किसी चर्चित संगठन से जुड़ाव की बात साबित नहीं हो पाई है।

### पं. दीनदयाल की जयंती पर आज होंगे कार्यक्रम

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी बुधवार को जनसंघ के संस्थापक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रदेशभर में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा बूथ स्तर पर सदस्यता का महाभियान भी चलाएगी। पार्टी के सभी पदाधिकारी, राज्य सरकार के मंत्रिगण, सांसद, विधायक सहित सभी प्रमुख नेता बूथ स्तर पर पार्टी के सदस्यता अभियान के कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी राजधानी लखनऊ में चारबाग स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा कर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 1182 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2024-25/ दिनांक: 12/09/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुदेश कुमार तिवारी पुत्र बालमुकुन्द तिवारी | श्री लक्ष्मी पुत्र हीरालाल | पठानपुरा-1 | 02 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी

नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

# 82 खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ शासन ने शिक्षकों के वेतन वृद्धि को रोकने पर जारी किया कारण बताओ नोटिस

**अमृत विचार :** प्रदेश में 82 खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। शासन ने शिक्षकों की वेतन वृद्धि को रोकने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

प्रदेश में एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित होकर गए 27,000 शिक्षकों की वेतन वृद्धि संबंधित मामले लंबित हैं। विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने इस मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाते हुए शिक्षकों के वेतन वृद्धि आदेश जारी कराने की मांग की थी। मुख्यमंत्री सचिवालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा विभाग से अद्यतन जानकारी मांगी थी। बताया जा रहा है कि बेसिक शिक्षा विभाग ने जब संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों से पूछताछ की तो ज्यादातर ने वेतन वृद्धि संबंधित पत्रावलियों को लंबित रखने का मुख्य कारण रिकॉर्ड मिलान न हो पाना बताया। शासन ने उनके तर्क से असहमति जताते हुए कहा था कि सभी की सेवा पुस्तक ऑनलाइन हैं। इस जवाब को कतई संतोषजनक नहीं माना जा सकता। ऐसे में शासन ने नई नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर संबंधित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से जवाब मांगने के निर्देश दिए हैं।

विभाग के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि सभी शिक्षकों की सेवा पुस्तिका ऑनलाइन है, सभी के रिकॉर्ड का मिलान कुछ मिनट में किया जा सकता है। ऐसे में रिकॉर्ड मिलान के नाम पर पत्रावलियों को लटकाए रखना उचित नहीं है।

# भिक्षावृत्ति में फंसे बच्चों को भी मुक्त कराना महिला आयोग के जिम्मे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ प्रदेश सरकार का निर्देश, ऐसे बच्चों की पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने में महिला आयोग निभाएं प्रभावी भूमिका

▶▶ राज्य महिला आयोग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक कहा- सकारात्मक भाव से करें दायित्वों का निर्वहन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने नवगठित राज्य महिला आयोग की पदाधिकारियों, सदस्यों से कहा कि देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि भिक्षावृत्ति की अवैध गतिविधियों में फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उनकी पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की मुहिम में भी राज्य महिला आयोग प्रभावी योगदान करे।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य महिला आयोग के गठन के उद्देश्यों, दायित्वों, अधिकारों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर महिला आयोग के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग के पदाधिकारियों को जनपदीय प्रवास के दौरान इन प्रयासों, कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए। वहां से प्राप्त फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाना अपेक्षित है। यदि कतिपय कारणों से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग द्वारा संस्तुति भी की जानी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आयोग के सुचारु कामकाज के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## एक नजर

### सीमावर्ती गांवों में लंपी से बचाव को टीकाकरण तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोवंशों को लंपी स्किन डिजीज बीमारी से बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने सीमावर्ती गांवों में चेन बनाकर टीकाकरण तेज कर दिया है। पहले से टीकाकरण होने से गोवंश आसपास जिलों से फैलने वाले संक्रमण की चपेट में नहीं आएंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में 15 सितंबर से लंबी स्किन डिजीज विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया है। 31 अक्टूबर तक गोशाला व पशुपालकों के 1,71,500 गोवंशों को गोट पॉक्स वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए 18 टीमें क्षेत्रों में सक्रिय हैं। 60 हजार से अधिक गोवंशों का टीकाकरण हो चुका है। यह वायरस गोवंशों में एक से दूसरे जिले में फैलकर बढ़ता है। इसकी रोकथाम के लिए जिले की सीमा में 10 किमी तक के गांव में चोरोंतरफ से चेन बनाकर गोवंशों का विशेष टीकाकरण करा रहे हैं। बाहर गोवंशों के सुरक्षित होने से संक्रमण नहीं फैलेगा।

### पान-मसाला का उपयोग न करने के लिए किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत मंगलवार को राजभवन में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक 'आईईटी' की नाट्य संस्था 'जोश' की ओर से 'रेड स्पॉट' नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान व पान मसाला खाने के दुष्प्रभाव व इसे खाकर इधर-उधर थूकने से होने वाली गंदगी से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने उपस्थित लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी, कुलपति डॉ. जय प्रकाश पांडेय समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# 15 दिन में सड़कों को बनाएं ऐसा कि चलने पर हो सुखद अनुभूति

## मुख्यमंत्री ने की खराब सड़कों के सुधार कार्यों की विभागीय समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ कहा, नई बनने वाली हर सड़क की 5 वर्ष की हो गारंटी, सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण

▶▶ एनएचएआई से बोले योगी अधूरे हाइवे पर न हो टोल वसूली



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आने वाले शारदीय नवरात्रि, दशहरा और दीपावली आदि पर्व और त्योहारों के मद्देनजर राज्य की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। हर एक आदमी के लिए सड़क पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। गड्ढामुक्ति, सड़कों की मरम्मत का काम अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सड़कों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसानों की सुविधा का खास ध्यान रखा जाए। एफडीआर पद्धति से सड़कें बनाई जाएं। इस पद्धति के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों, धन व समय की बचत होती है तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मंडी समिति के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत व ड्रेनेज का कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जाए। क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हाईवे का निर्माण कार्य पूरा न हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली न की जाए।

गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क बनाने वाली एजेंसी, ठेकेदार सड़क बनने के अगले पांच वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लेखित की जाएं।

विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करें। कार्यों के प्रति जवाबदेही भी तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज़्ड किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सीवर लाइन व पाइप लाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। सड़कों पर ऊंचे ब्रेकर से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। अतः सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर का निर्माण किया जाए।

### महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए

मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर मंडी समिति व औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सीएसआर पद्धति के माध्यम से पेयजल, टॉयलेट, कैंटीन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस कार्य से महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए। मंडियों में कैंटीन के माध्यम से किसानों के लिए कम कीमत में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट तथा साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### एमपी-एमएलए निधि से बनीं सड़कों की कार्य योजना बने

योगी के मुताबिक, एक्सप्रेसवे की मरम्मत का कार्य भी आगे बढ़ाया जाए। एमपी तथा एमएलए निधि के अंतर्गत बनी सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना विभाग द्वारा गन्ना समिति तथा विद्यालयों के भवनों की मरम्मत की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालयों की अवधारणा को केंद्र सरकार ने मॉडल के रूप में स्वीकार किया है। ग्राम सचिवालयों की तर्ज पर गन्ना समिति के कार्यालयों का अपग्रेडेशन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए।

### गड़बड़ी पर आधार से पकड़े जाएंगे सर्वेयर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के सर्वे में इस बार फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। जांच या शिकायत में अपात्र मिलने पर सर्वेयर की आधार कार्ड से पहचान करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सरकार का मकसद जरूरतमंदों को हर हाल में आवास देकर लाभान्वित करना है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत प्रदेश में लाभार्थियों का चयन करने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। सिर्फ केंद्र से सर्वे करने के लिए एप लांच होने का इंतजार है। इस वर्ष सरकार का मकसद किसी भी हालत में नए व पुराने लाभार्थी आवास योजना से छूटने नहीं चाहिए। इसके लिए कई नियम बनाएं हैं और प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए बदलाव किया गया है। सर्वे ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो मौके पर सीधे घर आदि की स्थिति देखकर फोटो लेंगे और मुखिया व सदस्य का पूरा विवरण रजिस्टर पर दर्ज करेंगे। इससे संपूर्ण समाधान दिवस व अन्य जनसुनवाई के दौरान यदि कोई व्यक्ति आवास से वंचित होने की शिकायत करता है तो रजिस्टर पर विवरण देखा जाएगा। यदि रजिस्टर में नाम नहीं या अपात्र आदि की शिकायत मिली तो सर्वेयर को उसके आधार कार्ड से ट्रेस करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सामान्य प्रक्रिया में संबंधित कर्मचारियों की पहचान मुश्किल से होती।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के सत्यापन में कौशांबी आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ 27 लाख से अधिक लोगों ने किया था आवेदन

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना में 27 लाख से अधिक लोगों के आवेदन के दूसरे चरण में सत्यापन में कौशांबी आगे है। तीन चरणों में सत्यापन पूरा होने के बाद चयनित लोगों को योजना का लाभ दिया जाएगा।

पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से 27,47,017 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इन आवेदनों का त्रिस्तरीय सत्यापन कार्य जारी है। सत्यापन के साथ ही इन सभी आवेदनकर्ताओं के नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत अब तक 17,32,536 आवेदन का प्रथम स्तर पर, 2,09,172 आवेदन का द्वितीय स्तर और 80,844 आवेदन का तृतीय स्तर पर सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी आवेदन का त्रिस्तरीय सत्यापन कराया जा रहा है। कौशांबी 80 प्रतिशत से अधिक सत्यापन के साथ शीर्ष पर है। गाजियाबाद दूसरे, बलरामपुर तीसरे, फिरोजाबाद चौथे व फतेहपुर 5वें स्थान पर है।

सभी का नामांकन पूरा होने के बाद प्रशिक्षण व ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत लाभार्थियों को पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट व आईडी कार्ड के साथ स्किल अपग्रेडेशन, टूलकिट इंसेंटिव, क्रेडिट सपोर्ट समेत डिजिटल ट्रांजेक्शन पर इंसेंटिव व मार्केटिंग सपोर्ट जैसे लाभ मिलेंगे। साथ ही एक लाख और दो लाख लोन की सुविधा दी जाएगी।

अधिकरियों ने बताया कि 7,606 आवेदन को बैंक को भेजा गया है। इनमें से अब तक 2,457 आवेदन को स्वीकृत कर दिया गया है जबकि 1,326 लोगों को ऋण वितरित किया जा चुका है।

# आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में स्थापित होंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ चार करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत, वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार हो सकेंगे शिक्षक और छात्र

▶▶ शोध, नवाचार व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनेंगे विश्वविद्यालय

▶▶ रुहेलखण्ड विवि बरेली पूर्वांचल विवि जौनपुर, लखनऊ विवि, छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर समेत अन्य विश्वविद्यालय शामिल

**अमृत विचार :** राज्य सरकार आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुल 58 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने जा रही है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देना है। इससे छात्र और शिक्षक इस क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनेंगे। इसके लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों को कुल 3 करोड़ 88 लाख 77 हजार 800 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से छात्रों और शिक्षकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

उच्च शिक्षा मंत्री, योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से न केवल छात्रों को शोध और तकनीकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी, बल्कि यह विश्वविद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधनों का लाभ उठाकर अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकें।

दरअसल, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत विश्वविद्यालयों में प्रोजेक्ट फेलो के साथ-साथ अत्याधुनिक शोध उपकरण, पुस्तकालयों का विकास और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाना है। यह न केवल छात्रों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें उद्योग और अनुसंधान क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय स्तर पर योजना की मॉनीटरिंग की जाएगी और शासन को अवगत कराया जाएगा।

### ये विश्वविद्यालय शामिल

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को शामिल किया गया है।

## वर्ग पहेली-202

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोस्ते की फली 2. कुछ विशिष्ट पौधों की बड़ी कली जिसमें उस पौधे के फल या बीज रहते हैं, बौड़ी।
3. 1. नशीले पेय तथा फलों के रस से बनाया जाने वाला एक पेय, एकाधिक मदिराओं का मिश्रित पेय मांड़ा
6. मरने की इच्छा, मरण कामना, मरणाशंसा।
8. (अंधविश्वास) एक प्रकार के भूत-प्रेत, एक योनि जिसमें पड़ी आत्माएं मनुष्य जीवन में बाधा उत्पन्न करती हैं।
9. 1. नम्रता, शालीनता 2. लज्जाशीलता, शिष्टता, सुशीलता।

**ऊपर से नीचे**

2. पुराने आधे पैसे के बराबर का सिक्का, अधेले के मूल्य का सिक्का।
4. 1. दूषित अथवा मलिन होने की अवस्था या भाव, मैल, मलिनता, गंदगी 2. पाप, पातक 3. गुस्सा, क्रोध 4. कलंक, अपयश, बदनामी 5. अपवित्रता 6. कालिमा 7. विकार।
5. 1. जो ख़ास हो, जो मामूली न हो, असाधारण, विशिष्ट 2. प्रचलित परंपरा से भिन्न।
7. 1. तपना, गरमाना, गरम होना 2. संतप्त होना 3. जलना।
8. 1. बाप, तात, जनक 2. संतान का जन्मदाता पुरुष।



### वर्ग पहेली -201 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | हा | ल | 2 य | | 3 घा |
| ज़ा | | | था | | नी |
| 4 कि | ब | ला | नु | मा | |
| या | | | पा | | 5 नं |
| | | 6 ए | त | का | द |
| | | | | | रा |
| | 7 अ | भि | मा | नि | नी |

### सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | | | | | 7 | | 9 |
| 9 | | | 2 | | | | | 3 |
| | 5 | | 3 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | 4 | 5 | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 2 | | |
| | 7 | | | | 8 | 4 | | 5 |
| | 1 | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 6 | | | | | 1 | | | 4 |
| 3 | | 8 | | | | | 5 | 1 |

### सुडोकू - 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.10 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 22.23 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। माता या मातातुल्य स्त्रियों का सम्मान करें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। मित्रों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

**वृष** — आज किसी रिश्तेदार से सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपकी आय में भी वृद्धि होने की संभावना है। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को जबरदस्त सफलता मिल सकती है।

**मिथुन** — आज आपके स्वभाव में ताजगी रहेगी। अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को तय समय पर पूर्वनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

**कर्क** — आज अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें। भावुक होने के बजाय व्यवहारिक रहें तभी प्रसन्न रह पाएंगे। नई जानकारियों को एकत्र करने में लगे रहेंगे। व्यापार में आ रही गिरावट दूर होगी।

**सिंह** — आज आपके ऊपर काम का दबाव रह सकता है। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें। पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें।

**कन्या** — आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। घर की समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लेंगे। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

**तुला** — आज आपकी दिनचर्या बहुत ही व्यवस्थित रहेगी। कॉलेज विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

**वृश्चिक** — आज किसी पुराने मामले को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। घर में मेहमान आ सकते हैं। लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। असंतुलित खानपान के कारण आपको परेशानी हो सकती है। स्त्री जातकों को कष्टपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर** — आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों का बेहतरीन लाभ मिलेगा। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज लोग आपसे काफी अपेक्षा करेंगे। साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। नौकरीपशा लोगों को ज्यादा काम करना पड़ेगा। मेडिकल शोध से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

**मीन** — आज आपके जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। बड़ों के द्वारा होने वाले सुझावों पर गौर अवश्य करें। बुखार और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपनी कार्यक्षमता को लेकर भ्रम की स्थिति रहेगी। क्रोध के कारण अवसरों को खो सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
16 दिसंबर — सुबह : 09.41
छतरीवाली — रात : 07.56

&pictures
बोल राधा बोल — सुबह : 10.49
शर्माजी नमकीन — रात : 08.00

SONY PIX
रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10.41
स्पाइडर मैन 2 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 11.45
भीमा — रात : 08.00

ZEE ACTION
वज्रकाया — सुबह : 10.50
गद्दार — रात : 09.51

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस-हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चलकर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2625-2650 आर.आर.21. 2725-2750 गेहूंफारम 2850-2900 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300 -7400 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12100-12200 चनादाल 8800-8900 मटरदाल 4500-4600 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न.1. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500-1600 मैदा 1600-1630 सूजी 1620-1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500-1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5600-5700 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दाना षिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800-11200 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14700-14800 अलसी 10600-10700 अण्डी 12800-13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1790 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5100-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1790 मयूर 1790 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलडडू 4900-4950 देशीभेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4100-4160 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 91000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 75400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56200-56400 |

# एसएंडपी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर रखा बरकरार

### रेटिंग्स एजेंसी को उम्मीद- आरबीआई मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में करेगा कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठोस वृद्धि से मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने पर आरबीआई कर सकेगा ध्यान केंद्रित

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8% पर मंगलवार को बरकरार रखा और कहा कि उसे उम्मीद है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9% बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। एजेंसी ने कहा कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि



यह 2024-25 के लिए हमारे सकल घरेलू उत्पाद के 6.8% की दर के अनुमान के अनुरूप है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी थी। एसएंडपी ने कहा कि हमारा परिदृश्य यथावत बना हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई जल्द से जल्द अक्टूबर में दरों में कटौती शुरू कर देगा और चालू वित्त वर्ष (मार्च 2025 में समाप्त होने वाले) में दो बार दरों में कटौती की योजना बनाएगा। एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहेगी।

### सरकार का मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने का है लक्ष्य

सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दोनों तरफ दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। आरबीआई की ब्याज दर निर्धारित करने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक सात से नौ अक्टूबर को होने वाली है। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 से नीतिगत दर को 6.5% पर यथावत रखा है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की कटौती की है। इसके बाद आरबीआई के अगले महीने इसमें 0.25% की कटौती करने की उम्मीद है।

## 85,000 अंक लांघने के बाद फिसला सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक और एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंचा। हालांकि, बाद में दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और कुछ बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद हुए।



- एनएसई के निफ्टी ने भी 26,000 अंक को किया पार

सेंसेक्स 14.57 अंक यानी 0.02% की गिरावट के साथ 84,914.04 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 85,000 अंक पहुंचा था। यह 234.62 अंक यानी 0.27% की बढ़त के साथ उच्चतम स्तर 85,163.23 अंक पर पहुंच गया। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की घोषणा से धातु शेयरों को गति मिली। दोपहर में रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली से यह दिन के निचले स्तर 84,716.07 अंक तक आ गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। एनएसई का निफ्टी 1.35 अंक यानी 0.01% की बढ़त के साथ 25,940.40 अंक पर बंद हुआ। यह 72.5 अंक चढ़कर नये रिकॉर्ड स्तर 26,011.55 अंक तक चला गया था।

## कीमत स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई गवर्नर बोले- केंद्रीय बैंकों को नियमन और निगरानी के उपायों को अपनाना चाहिए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि कीमत स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी है। अगर केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता देता है और इसके लिए बड़े स्तर पर वृद्धि के साथ समझौता करता है ऐसी परिस्थिति में दोनों के बीच सामंजस्य बैठाने की जरूरत पड़ती है। दास ने काठमांडू में कहा कि अर्थव्यवस्था की मदद के लिए, केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति के साथ नियमन और निगरानी जैसे उपायों को अपनाना चाहिए।



उन्होंने नेपाल राष्ट्र बैंक के हिमालय शमशेर स्मृति व्याख्यान में कहा कि मूल्य स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मूल्य स्थिरता के लिए वृद्धि को छोड़ा जाता है। दास के अनुसार, यह हो सकता है कि मूल्य स्थिरता के लिए उपाय वित्तीय स्थिरता के लिए उपयुक्त नहीं हों। हाल ही में कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऐसा ही देखा गया। वहां जब सख्त मौद्रिक नीति ने बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संदर्भ में आरबीआई के कार्य मूल्य स्थिरता से कहीं अधिक व्यापक हैं और इसमें वित्तीय स्थिरता बनाए रखना शामिल है। दास ने कहा कि इससे हमें अर्थव्यवस्था के बारे में समग्र दृष्टिकोण अपनाने, तालमेल के साथ आगे बढ़ने और हमारे पास जो भी साधन हैं, उसका उपयोग कर कदम उठाने में मदद मिलती है।

## बैंक जमाराशि वृद्धि में कमी से बॉण्ड से धन जुटाने के लिए मजबूर : इक्रा

मुंबई, ,एजेंसी

- 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से किए जाएंगे जारी

धीमी जमा वृद्धि से बैंकों को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बॉण्ड जारी कर 1.3 लाख करोड़ तक जुटाने पर मजबूर होना पड़ेगा। मंगलवार को रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, बॉण्ड की राशि 1.2-1.3 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी और यह अभी तक का सर्वाधिक है। यह बॉण्ड राशि ऐसे समय में जारी होगी जब जमा तथा ऋण वृद्धि के बीच लगातार अंतर जारी है। 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा जारी किए जाएंगे।

इसी के साथ ऋणदाताओं के बीच बुनियादी ढांचा बॉण्ड के लिए बढ़ती मांग बाजार को गति प्रदान करेगी। एजेंसी ने कहा कि नकदी की कठिन परिस्थितियों तथा ऋण वृद्धि के जमा वृद्धि से अधिक होने के कारण बैंकों के लिए वैकल्पिक स्रोतों से धन जुटाना आवश्यक हो गया है। बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में बॉण्ड जारी कर एक लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। इससे पहले 2022-23 में 1.1 लाख करोड़ जुटाए गए थे, जो मौजूदा बॉण्ड राशि से पहले सर्वाधिक था।

## उद्योग जगत से चार लाख करोड़ की ऋण मांग : एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा है कि बैंक को भारतीय उद्योग जगत से चार लाख करोड़ रुपये के कर्ज की मांग मिल चुकी है। उन्होंने 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी आने की उम्मीद भी जतायी। शेट्टी ने कहा कि हम निजी पूंजीगत व्यय में अच्छी रुचि देख रहे हैं। बुनियादी ढांचे के लिए वित्तपोषण मुख्य रूप से सड़कों, नवीकरणीय ऊर्जा और कुछ रिफाइनरियों से आ रहा है। सार्वजनिक व्यय की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1% बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ कर दिया था। यह देश के जीडीपी का 3.4% है। शेट्टी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने पुरानी परियोजनाओं का विस्तार शुरू किया है, जिसके लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण उनके नकदी स्रोतों से किया गया है।

## फर्जी पंजीकरण : 10,700 जाली कंपनियों का लगा पता

नई दिल्ली, एजेंसी

- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 20 राज्य करेंगे आधार प्रमाणीकरण शुरू

कर अधिकारियों ने जीएसटी के तहत 10,700 फर्जी पंजीकरण का पता लगाया है, जिनमें 10,179 करोड़ की कर चोरी शामिल है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण पहले से ही 12 राज्यों में लागू है और चार अक्टूबर तक अन्य चार राज्य को भी इसमें शामिल किया जाएगा। अंततः मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित 20 राज्य आधार प्रमाणीकरण शुरू करेंगे।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा कि भविष्य में कर अधिकारी नए करदाताओं पर उनके जोखिम प्रोफाइल के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे।

## चीनी बैंक ने आरक्षित दरों में की कटौती

**बीजिंग।** चीनी केंद्रीय बैंक ने संपत्ति क्षेत्र में मंदी से निपटकर सुस्त अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से कई कदम उठाने की मंगलवार को घोषणा की। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर पैन गोंगशेंग ने कहा कि बैंकों के लिए आवश्यक आरक्षित दर (रिजर्व रेट) में 0.5% की कटौती होगी तथा केंद्रीय बैंक इसमें और भी कटौती करेगा। केंद्रीय बैंक शेयर बाजार के स्थिर विकास में सहयोग के लिए नयी नीतियां बना रहा है। दूसरा घर खरीदने वालों के लिए अग्रिम भुगतान की अनिवार्यता 15% होगी तथा गिरवी दरों में कटौती होगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सुरक्षबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि चिंतलनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिंतावागू नदी के किनारे जंगल में हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। सोमवार को चिंतलनार थाना और मुकरम गांव स्थित शिविर से जिला बल, जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को करकनगुड़ा और गांव में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

### कोलकाता में एक हिस्से को छोड़कर ट्राम सेवा होगी बंद

**कोलकाता।** बंगाल सरकार ने मैदान से एस्प्लेनेड तक एकमात्र हेरिटेज खंड को छोड़कर कोलकाता में 150 साल पुरानी ट्राम सेवा को बंद करने का फैसला किया है। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी। हालांकि, ट्राम प्रेमियों ने इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने का फैसला किया है। कोलकाता देश का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां ट्राम का संचालन जारी है।

### मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रोहिणी के प्रेम नगर इलाके में अपने घर के पास खड़े एक टेम्पो का शीशा तोड़ने पर मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि घटना के सिलसिले में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना प्रेम नगर के अगर नगर इलाके में हुई। दीपक (32) खड़ा था तभी कुछ लोगों ने उस पर रॉड और डंडों से हमला कर दिया।

# मुठभेड़ में मृत शिंदे के खिलाफ केस दर्ज, जांच के आदेश

### बदलापुर यौन शोषण : गोलीबारी की घटना के वक्त शिंदे को नवी मुंबई की तलोजा जेल से लाया जा रहा था ठाणे

ठाणे, एजेंसी

ठाणे पुलिस ने पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी के लिए बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। साथ ही आरोपी की आकस्मिक मौत का भी मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पहले बताया था कि सोमवार शाम को जिस वक्त गोलीबारी हुई, उस वक्त शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में नवी मुंबई की तलोजा जेल से ठाणे जिले के बदलापुर ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, इस घटना में शिंदे की मौत हो गई थी।



आरोपी अक्षय शिंदे के मुठभेड़ में मार जाने के बाद वैन की जांच करती फोरेंसिक टीम।

### आरोपी के रिश्तेदारों ने पुलिस के दावे पर सवाल उठाया

**ठाणे।** बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के परिजनों ने पुलिस के इस दावे को चुनौती दी है कि पहले अक्षय ने पुलिसकर्मी पर गोली चलाई, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हो गई। शिंदे के परिजनों ने दावा किया कि पुलिस ने जुर्म कबूलने के लिए उस पर दबाव बनाया था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शिंदे की मौत संबंधी घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

शिंदे (24) पर बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप है। बदलापुर के एक स्कूल में संविदा सफाईकर्मी शिंदे को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

### आरोपी की मौत की जांच करेगी सीआईडी

**मुंबई।** महाराष्ट्र का अपराध जांच विभाग (सीआईडी) बदलापुर के आरोपी अक्षय शिंदे की मौत की जांच करेगा। फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों के दल ने मंगलवार को उस पुलिस वाहन की जांच की, जिसमें पुलिसकर्मी ने शिंदे को गोली मारी थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूंकि यह घटना पुलिस हिरासत में मौत से जुड़ी है अतः इसकी जांच महाराष्ट्र सीआईडी करेगी। सीआईडी अधिकारियों का दल मुंब्रा बाईपास जाएगा जहां घटना हुई। वे उन पुलिसकर्मियों का बयान दर्ज करेंगे जो घटना के वक्त वाहन में थे। सीआईडी शिंदे के माता-पिता के बयान भी दर्ज करेंगे। शिंदे के शव का पोस्टमार्टम मुंबई के जेजे हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में हुआ। शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने बेटे की हत्या की जांच की मांग की है।

### राउत बोले- सरकार स्कूल प्रबंधन का बचाव कर रही

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने अक्षय शिंदे की मुठभेड़ में मौत पर संदेह जताया और दावा किया कि राज्य सरकार स्कूल प्रबंधन के बचाव का प्रयास कर कर रही है। यह मुठभेड़ संदिग्ध है, लेकिन ऐसे आरोपी के प्रति सहानुभूति दिखाने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह हत्या या मुठभेड़ मुख्य आरोपी (स्कूल प्रबंधन) का बचाव करने के लिए की गई थी।

## लेखा परीक्षण से धन की सुरक्षा के साथ जन विश्वास बढता है: मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि लेखा परीक्षण संस्थान लेखा परीक्षण और आकलन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनविश्वास बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा आयोजित लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16 वीं सभा का उद्घाटन किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर गैर पारदर्शी लेखांकन प्रथाओं से घिरी रहती है। ऐसी स्थिति में स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक संसाधनों को कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग से



- लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16वीं सभा का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

और ईमानदारी के साथ प्रबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के लेखा परीक्षण और आंकलन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कैग देश की सार्वजनिक वित्त व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पत्नी के जीविकोपार्जन में सक्षम होने से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पत्नी के जीविकोपार्जन के लिए सक्षम होने की वजह से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता। अदालत ने कहा कि पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने निचली अदालत द्वारा पत्नी को भरण-पोषण देने के निर्देश के खिलाफ पति की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की देखभाल करने, बच्चों की जरूरतों और पति तथा उसके माता-पिता की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ देती हैं। याचिकाकर्ता पति के बारे में कहा जा रहा है कि उसने पत्नी और बच्चों को छोड़ दिया है और वह दूसरी महिला के साथ रह रहा है। निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 30,000 रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था, साथ ही उसे मानसिक यातना, अवसाद और भावनात्मक पीड़ा आदि के लिए पांच लाख देने का आदेश दिया था। निचली अदालत ने उसे अपनी पत्नी को मुआवजे के तौर पर तीन लाख देने का निर्देश दिया था, जिसमें मुकदमेबाजी की लागत के रूप में 30,000 रुपये शामिल हैं।

## राहुल ने भाजपा से पूछा- क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की समस्या को लेकर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और सवाल किया कि आख़िर राज्य के युवा डंकी होने पर मजबूर क्यों हैं? उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिसमें युवाओं को सपनों के लिये अपनों से दूर नहीं होना पड़ेगा। यहां डंकी का तात्पर्य अवैध तरीके से दूसरे देश में जाने से है जिसे डंकी फ़्लाइट भी कहा जाता है।

राहुल गांधी ने अमेरिकी दौरे पर भारत से अमेरिका जाने वाले कुछ लोगों से मुलाकात की थी। इनमें से एक अमित भी थे जिनके परिवार से कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को



- बेरोजगारी की समस्या को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा को घेरा

करनाल जाकर मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इसका वीडियो एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया कि क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा? भाजपा द्वारा फैलाई बेरोज़गारी की बीमारी की कीमत लाखों परिवार अपनों से दूर हो कर चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान हरियाणा के उन युवाओं से मुलाकात हुई जो घर परिवार से दूर खुद को पराए मुल्क में खपा रहे हैं। भारत लौटने पर जब उनके परिवार से मिला तो उनकी आंखें दर्द से छलक उठीं।

### भाजपा ने बेरोजगारी की महामारी फैलाई : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। प्रदेश में कुल 4.5 लाख सरकारी पद हैं जिनमें से 1.8 लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा ने हरियाणा के युवाओं से भविष्य की सारी उम्मीदें छीनकर उनके साथ घोर अन्याय किया है।

## ऑटो-ट्रक की भिड़ंत में 6 की मौत, 3 घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में कटनी राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर ट्रक ने ऑटो को कुचल दिया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि समन्ना गांव के पास ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर कलेक्टर और एसपी के साथ एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए दमोह से जबलपुर तक कॉरिडोर भी बनाया गया। क्रेन की मदद से ऑटो को ट्रक के नीचे से निकाला गया। घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।

## महिला को किराये के मकान में मिले गुप्त कैमरे, मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में महिला किरायेदार के बेडरूम और स्नानकक्ष में गुप्त कैमरे लगाने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रही महिला कुछ महीनों से इस मकान में अकेली रहती थी और शहर से बाहर जाने पर वह मकान मालिक के बेटे करण को चाबियां दे देती थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि महिला को व्हाट्सअप में असामान्य गतिविधि दिखी। जांच के बाद उसने पाया कि उसका व्हाट्सएप एकाउंट अज्ञात लैपटॉप पर लॉगइन है। उसने स्नानकक्ष में बल्बहोल्डर में कैमरा देखा और पीसीआर कॉल की, पुलिस ने उसके बेडरूम में कैमरा मिला।

- व्हाट्सएप में असामान्य गतिविधि से हुआ मामले का खुलासा

## आरटीआई पोर्टल को लेकर 11 राज्यों से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद अब तक नहीं शुरू हुआ पोर्टल

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत पोर्टल शुरू करने के लिए दाखिल याचिका पर आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित 11 राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत के 2023 के फैसले के बावजूद इन राज्यों ने अब तक पोर्टल नहीं शुरू किया है। न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश और उच्च न्यायालयों को तीन महीने में आरटीआई वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया था। अदालत ने रेखांकित किया था कि इस सुविधा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पादीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता अनुज नकाडे के वकील की दलील पर संज्ञान लिया जिन्होंने बताया कि 11 राज्यों ने अब तक अपनी आरटीआई वेबसाइट शुरू नहीं की है।

## प. बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

**कोलकाता।** प. बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले के न्यू मैनागुड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजकर 20 मिनट पर यह घटना हुई, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। गुवाहाटी से आ रही यह मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी। अलीपुरद्वार के संभागीय रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) अमर जीत गौतम ने बताया कि इस मार्ग पर साढ़े 12 बजे ट्रेनों का यातायात बहाल कर दिया गया। क्षतिग्रस्त डिब्बों को पटरी से हटाया जा रहा है और पटरी से गुजर रहे तारों को दुरूस्त कर लिये जाने के बाद सामान्य (ट्रेन) परिचालन बहाल हो जायेगा।

- गुवाहाटी से आ रही मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी

## स्कूल सुरक्षा के निर्देश अधिसूचित करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा पर केंद्र के दिशानिर्देश अधिसूचित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2021 में जारी दिशानिर्देशों को लागू करने का अनुरोध किया गया था। गैर सरकारी



- पीठ ने गैर सरकारी संगठन बीबीए याचिका पर की सुनवाई

संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का ने कहा कि आज तक केवल पांच राज्यों ने केंद्र के 2021 के स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर दिशानिर्देश को अधिसूचित किया है। पीठ ने वर्ष 2019 की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ वकील ने कहा कि याचिका में उन अभिभावकों की आशंका को दर्शाने का प्रयास किया गया है, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। याचिका में कहा गया है कि दिशानिर्देशों का उद्देश्य और लक्ष्य, सभी बच्चों को हर प्रकार के शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके शारीरिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और नैतिक कल्याण की गारंटी देने के लिए एक व्यापक कानून बनाना है।

# टीम की तैयारियों से खुश हूं : हरमनप्रीत कौर

- 20 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा महिला टी-20 विश्वकप

मुंबई, एजेंसी


मुख्य कोच मजूमदार के साथ पत्रकारों से वार्ता करतीं कप्तान कौर। ● एजेंसी

हरमनप्रीत कौर लंबे समय से खिताब के करीब पहुंचकर चूकने के अहसास से परेशान हैं लेकिन भारतीय कप्तान को लगता है कि उनकी टीम ने तीन से 20 अक्टूबर तक यूएई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने की दावेदारी पेश करने के लिए अच्छी तैयारी की है।

वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है और तब वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए थे। भारत 2017 में महिला एकदिवसीय विश्व कप फाइनल भी खेला और वहां भी उप विजेता रहा। हरमनप्रीत दोनों टीमों का हिस्सा रहीं और उन्होंने 2020 टी-20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व भी किया था। टी-20 विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले हरनमप्रीत ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसके साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। खिलाड़ी लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं। हम पिछली बार इतने करीब आ गए थे और सेमीफाइनल (2023) में हार गए। हमारी सभी विभागों में तैयारी काफी अच्छी है। जुलाई के अंत में एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से भारतीय टीम को खेलने का मौका नहीं मिला है।

टीम ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में एक व्यापक तैयारी शिविर में हिस्सा लिया जहां खिलाड़ियों ने फिटनेस और क्षेत्ररक्षण में बहुत समय बिताया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां टीम अतीत में कमजोर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य कोच अमोल मजूमदार और मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड भी मौजूद थे। अब तक सभी टी-20 विश्व कप में खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा एशिया कप के दौरान हमने अच्छी क्रिकेट खेली, एक दिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं। हरमनप्रीत ने अपने लगभग डेढ़ दशक के करियर में कई वैश्विक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन उन्हें लगता है कि वह अब भी अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप की तरह ही उत्साहित हैं।

### मानसिक ट्रेनिंग को भी दी तरजीह : मजूमदार

मुख्य कोच मजूमदार में बेंगलुरू में ट्रेनिंग शिविर पर अधिक प्रकाश डाला। हमने कुछ चीजों की पहचान की (श्रीलंका से हार के बाद) और हमने अगले शिविर में इन पर काम किया। हमने पहले फिटनेस और क्षेत्ररक्षण शिविर लगाया। फिर हमने 10 दिन का कौशल शिविर लगाया। हमने एक खेल मनोवैज्ञानिक (मुग्धा बावरे) को भी बुलाया। वह टीम के साथ शानदार रहीं। हमने एथलेटिक क्षमता, ऑलराउंड क्षेत्ररक्षण क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया, योग सत्र और मनोवैज्ञानिक सत्र भी जोड़े गए। बांग्लादेश में अशांति के कारण इस टूर्नामेंट को वहां से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन।** गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद एलिस पेरी (36) और एश्ली गार्डनर (33) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले पांच गेंदे शेष रहते न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया हैं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 146 रन का स्कोर बनाया।

आज यहां 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 26 के स्कोर पर उसने बेथ मूनी (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जॉर्जिया वेयरहम ने कप्तान अलीसा हीली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में एमेलिया केर ने अलिसा हीली (27) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। तीसरे विकेट के रूप में जॉर्जिया वेयरहम (26) रन और एलिसा पेरी 29 गेंदों में (36) रन बनाकर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (5) और तालिया मैक्ग्रा (6) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 148 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## पैरालंपिक पदक विजेता व पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने पिछले महीने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले देश के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कुल 50 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस खेलों में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते थे।

पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में स्वर्ण जीतने वाले नितेश कुमार को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा रजत पदक विजेता सुहास यथिराज (पुरुष एकल एसएल4) और तुलसीमति मुरुगेसन (महिला एकल एसयू5) को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। कांस्य पदक विजेता मनीषा रामदास और नित्या श्री सिवन (महिला एकल एसएच6 श्रेणी) प्रत्येक को सात लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। तुलसीमति, मनीषा और नित्या ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

## खेल डायरी

### राफेल नडाल स्पेन की डेविस कप टीम में शामिल



**मैड्रिड।** स्पेन ने डेविस कप के लिए अपनी टीम में फिटनेस से जूझ रहे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को टीम में जगह दी है। नवंबर में होने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट के लिए 38 वर्षीय राफेल नडाल को कार्लोस अल्काराज, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ स्पेन की टीम में जगह दी गई है। डेविड फेरर टीम के कोच होंगे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। ओलंपिक के बाद नडाल को फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण यूएस ओपन और लेवर कप से हटना पड़ा। उन्होंने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते है। डेविस कप के लिए आठ देशों ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। डेविस कप क्वार्टर फाइनल 19 से 21 नवंबर के दौरान होंगे। सेमीफाइनल 22 और 23 नवंबर को और फाइनल 24 नवंबर को खेला जाएगा। मेजबान स्पेन का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नीदरलैंड से होगा।

### फीफा ने नए कायदे कानून की पुस्तिका प्रकाशित की

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल नियामक संस्था (फीफा) ने दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नए नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र वाली कानूनी पुस्तिका का 2024 संस्करण प्रकाशित किया। फीफा द्वारा सोमवार को जारी की गई पुस्तिका के नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों तथा मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हाल ही में हुए बदलाव और संशोधन के बारे में जानकारी दी गई हैं। फीफा ने 2020 में इस पुस्तिका प्रकाशित किया था तब से प्रत्येक वर्ष यह कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा कानूनो के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर नियम और महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल है।

### मालोर्का ने रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया

**सेविले (स्पेन)।** मालोर्का ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया। शुक्रवार की रात अलावेस और सेविला के बीच हुए मैच की तरह ही इस मुकाबले के दौरान भी कुछ घरेलू प्रशंसकों ने मैच की शुरुआत में अपनी सीट पर बैठने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि किकऑफ (मैच शुरू होने का समय) का समय असुविधाजनक है। फुटबॉल पारंपरिक रूप से सप्ताहांत और सप्ताह के मध्य में खेला जाता है लेकिन टीवी दर्शकों को संतुष्ट करने और बढ़ते मैचों की संख्यों से निपटने के लिए शुक्रवार और सोमवार की रात को अधिक से अधिक मैच जोड़े गए हैं। पिछले सप्ताह गेटाफे पर 2-1 की जीत में बेटिस के दोनों गोल करने वाले जियोवानी लो सेल्सो ने सात मिनट के बाद 25 मीटर की दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। डेनी रोड्रिगेज ने एक मिनट बाद मालोर्का को बराबरी दिला दी जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में वैलेरी फर्नांडीज ने गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से मालोर्का 11 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया जो बेटिस से तीन अंक अधिक हैं। बेटिस ने हालांकि एक मैच कम खेला है।

### त्रीशा-गायत्री मकाऊ ओपन बैडमिंटन में जीते

**मकाऊ।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने अकारी सातो और माया तागुची की जापान की जोड़ी को मंगलवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में लगभग एक घंटे चले मुकाबले में 15-21, 21-16, 21-14 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में एन सिक्की रेड्डी रुतविका शिवानी की जोड़ी ने महिला युगल क्वालीफिकेशन क्वार्टर फाइनल में चेयुंग यान यू और च्यु विंग ची की जोड़ी को 21-15, 21-10 से हराया। आर्यमन टंडन ने पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हमवतन तरूण मानेपल्ली को 11-21, 21-15, 21-17 से हराया लेकिन इसके बाद क्वार्टर फाइनल में एक अन्य हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा के खिलाफ 10-21, 22-24 से हार गए।

# चीन में चमके भारतीय सितारे

## जीवन-विजय ने जीता हांग्झोऊ ओपन , भांबरी-ओलिवेटी चेंगदू ओपन के उपविजेता बने



हांग्झोऊ ओपन के पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में खिताब जीतन के बाद जीवन और विजय, साथ में चेंगदू ओपन के उपविजेता युकी भांबरी और अल्बानो। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के जीवन नेदुनचेझियान और उनके जोड़ीदार विजय सुंदर प्रशांत ने मंगलवार को हांग्झोऊ ओपन का चैंपियन बनने के साथ पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता, जबकि युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी मंगलवार को चेंगदू ओपन में उपविजेता रहे।

जीवन और विजय की गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 49 मिनट तक चले मुकाबले में कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैर वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को 4-6, 7-6(5), 10-7 से शिकस्त दी। 35 साल के जीवन के लिए यह एटीपी टूर स्तर का दूसरा खिताब है। उन्होंने 2017 में रोहन बोपन्ना के साथ चेन्नई ओपन जीता था। विजय के लिए यह एटीपी टूर का पहला खिताब है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती सेट को 4-6 से गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को 7-6 से जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक खींचा। टाई ब्रेक में भारतीय जोड़ी 10-7 से आगे रही। जीवन और विजय की जोड़ी अपनी सर्विस पर अंक भुनाने के मामले में शानदार रही।

### चेंगदू ओपन में भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने डौम्बिया और रेबौल को हराया

भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी चेंगदू ओपन के रोमांचक फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांस के सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की जोड़ी से 4-6, 6-4, 4-10 से हारकर अपने तीसरे खिताब से चूक गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में शुरुआती सेट को गंवाने के बाद भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। भारत और फ्रांस के खिलाड़ियों की जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो ऐस की तुलना में छह ऐस लगाये लेकिन छह डबल फॉल्ट करना उन्हें महंगा पड़ा। फ्रांस की जोड़ी के लिए यह भांबरी-ओलिवेटी पर उनकी पहली जीत थी। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने इस साल अप्रैल में म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन और मई में गस्ताद में स्विस ओपन के खिताब जीते थे।


चेन्नई हवाई अड्डे पर डी गुकेश का स्वागत करते लोग। ● एजेंसी

## डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा, वैशाली और श्रीनाथ का जोरदार स्वागत

चेन्नई, एजेंसी

**नायकों की घर वापसी**

- ओलंपियाड में देश को स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद पूरी भारतीय टीम लौटी

ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय टीमों के सदस्यों का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर प्रशंसकों, अधिकारियों और परिवारों के सदस्यों ने स्वागत किया। डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और पुरुष टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन आज सुबह तड़के चेन्नई पहुंचे।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने रविवार को इतिहास रचते हुए हंगरी में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। उनकी असाधारण जीत ने भारत की नई शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को मजबूत किया। चारों के हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। टूर्नामेंट में अजेय अभियान के साथ भारतीय पुरुष टीम के दबदबे में अहम भूमिका निभाने वाले गुकेश ने अपने व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिखाए। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए चुनौती पेश करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने 18 वर्षीय गुकेश अब नवंबर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए तैयार हैं।

## शेष भारत एकादश और मुंबई के बीच खेला जाएगा मैच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ में पहली बार 1 से 5 अक्टूबर के बीच होगा ईरानी ट्रॉफी प्रतिस्पर्धा

**अमृत विचार :** लखनऊ में पहली बार होने वाले ईरानी ट्रॉफी के मुकाबले में शेष भारत की टीम ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में शहर के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ उतरेगी। रणजी चैंपियन मुंबई की कमान अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। ईरानी ट्रॉफी का यह मुकाबला 1 से 5 अक्टूबर तक खेला जाएगा। इस पांच दिवसीय मुकाबले के लिए मुंबई के 27 सितंबर और शेष भारत की टीम के 28 सितंबर के आने की संभावना है। दोनों टीमों के 29 सितंबर से अभ्यास करने की उम्मीद है।

**टीमों हैं ये सितारे**

**मुंबई-** रहाणे (कप्तान), पृथ्वी शॉ, आयुष महात्रे, मुशीर खान, श्रेयस अय्यर, सिद्धेश लाड, सूर्यांश शेडगे, हार्दिक तमोरे, सिद्धांत अधटराव, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, हिमांशु सिंह, शार्दुल ठाकुर, मोहित अवस्थी, जुनैद खान, रॉयस्टन दियास।

**शेष भारत-** ऋतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, ईशान किशन, मानव सुथार, सारांश जैन, प्रसिद्ध कृष्णा, मुकेश कुमार, यश दयाल, रिकी भुई, शाश्वत रावत, खलील अहमद, राहुल चाहर।

# दूसरे टेस्ट के लिए कानपुर पहुंची भारतीय टीम

- 27 से औद्योगिक नगरी में खेला जाएगा शृंखला का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच

कानपुर, एजेंसी


कानपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते रोहित शर्मा, विराट कोहली और बांग्लादेश की टीम। ● एजेंसी

बांग्लादेश के खिलाफ 27 सितंबर से शुरु होने वाले शृंखला के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिये भारतीय टीम के सदस्य मंगलवार को कानपुर पहुंचे। भारतीय टीम के सदस्य टुकड़ियों में यहां पहुंचे। सबसे पहले चकेरी हवाई अड्डे से भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली बाहर निकले जबकि कुछ देर बाद शुभमन गिल,रोहित शर्मा को औद्योगिक नगरी में आगमन हुआ।

बांग्लादेश की टीम भी यहां पहुंची। दोनों टीमें बुधवार से ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम पर बारी-बारी से अभ्यास करेंगी। दोनो टीमों को शहर के एकमात्र तीन सितारा होटल लैंडमार्क में ठहराया गया है। टीमों के अभ्यास के शेड्यूल जारी होना बाकी है हालांकि सूत्रों का दावा है कि सुबह के सत्र में मेहमान बांग्लादेश की टीम ग्रीनपार्क में नेट प्रैक्टिस करेगी जबकि शाम को भारतीय टीम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। अरसे बाद ग्रीनपार्क पर टेस्ट मैच के आयोजन को लेकर कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ होटल के बाहर दोपहर से ही जम गयी। सुरक्षा के लिहाज से हालांकि पुलिस प्रशंसकों को धकियाते दिखायी दी। होटल में क्रिकेट सितारों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम के लिए आईसीसी टेस्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में अपनी रैंकिंग को मजबूत करने का कानपुर में भरपूर मौका होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू



**पेरिस।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में ग्लैमरस अंदाज में डेब्यू किया। आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में डेब्यू कर धमाल मचा दिया है। आलिया पहली बार में पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनकर सबका दिल जीत गईं। आलिया ने इतने स्टाइलिश अंदाज में रैंप वॉक किया कि हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। आलिया ने मैटेलिक कॉरसेट पहनकर रैंप पर एंट्री मारी। जिसे पहन वह चांदी सी चमकी और सबसे अलग नजर आईं। ब्यूटी ब्रांड लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए आलिया ने स्टाइल में रैंप वॉक किया। वह मैटेलिक सिल्वर बस्टियर में सजी नजर आईं, जिसे उन्होंने ब्लैक ऑफ-शोल्डर जंप सूट के साथ पेयर किया। मेकअप के लिए उन्होंने अपने होठों पर गुलाबी रंग का टच दिया। गीले बालों के साथ उनका लुक और भी आकर्षक लग रहा था। गौरतलब है कि हाल ही में आलिया को लोरियल पेरिस के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया था। वह कुछ दिन पहले पेरिस आई थीं। उन्हें अपने पति रणबीर कपूर के साथ पेरिस की सड़कों पर टहलते हुए भी देखा गया। दोनों ने एक प्रशंसक के साथ तस्वीर खिंचवाई, जो तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

### आलिया ने देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने आने वाली फिल्म देवरा का गाना चुट्टमल्ले तेलगु में गाया। 27 सितंबर को जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की फिल्म देवरा सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के जरिए जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान दोनों ही साउथ में डेब्यू कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल हो रही है जोकि आलिया भट्ट और जूनियर एनटीआर के ज्वाइंट इंटरव्यू की है। आलिया इस दौरान जिगरा का प्रमोशन कर रही थीं जबकि जूनियर एनटीआर देवरा के प्रमोशन के लिए साथ आए थे। इस सेशन को करण जौहर ने ऑर्गेनाइज किया था। वीडियो में आलिया भट्ट देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देवरा के एक्स हैंडल से शेयर किया गया है। आलिया का गाना सुनकर जूनियर एनटीआर उनकी तारीफ करते हुए वॉव कहते हैं।

### वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंचे ऋतिक



**रोम।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रोशन वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंच गए हैं। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर एक शानदार लोकेशन की तस्वीर शेयर की, जहां फिल्म वॉर 2 की शूटिंग हो रही है। तस्वीर में उन्हें इटली की प्राकृतिक खूबसूरती का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। ऋतिक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा इटली वॉर 2 में सब कुछ कैद कर लिया गया है। ग्रे टी-शर्ट और धारीदार पैंट में ऋतिक बेहद आकृषक और स्टाइलिश लग रहे हैं। उनकी पोस्ट पर नेटिजन्स की दिल को छू लेने वाली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उन्हें उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद से भी तारीफ मिली। सबा ने कमेंट किया मेरा प्यार। गौरतलब है कि अपनी शानदार सुपरहिट फिल्मों वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र के निर्देशन से प्रसिद्ध अयान मुखर्जी वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म वॉर 2 में मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म वॉर 2 वर्ष 2019 में प्रदर्शित एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर का सीक्वल है। वॉर में ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर की अहम भूमिका थी।

## भारत दो हॉकी मैचों की शृंखला के लिए जर्मनी की करेगा मेजबानी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय शृंखला खेलेगी भारतीय टीम



भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय शृंखला खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह शृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा हम इस शृंखला की मेजबानी से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक प्रतियोगिता रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं और मेरा मानना है कि यह शृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को बेहतर बनाने का मौका देगी।

जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच ने कहा कि राष्ट्रीय टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। हॉकी के लिए भारत हमेशा विशेष स्थान रहा है और हमारी टीम उत्साही भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए रोमांचित है। यह शृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंध मजबूत करने का शानदार मौका है जबकि दोनों टीमों को आगामी वैश्विक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी मंच भी देगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के गोरोंटालो प्रांत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया की जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गयी, लेकिन इसके कारण समुद्र में ऊंची लहरें नहीं उठीं। एजेंसी ने बताया कि भूकंप के झटके जकार्ता समयानुसार मंगलवार को तड़के 02:51 बजे महसूस किये गये। इसका केंद्र गोरोंटालो शहर से 77 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 132 किमी की गहराई में था।

### ईरान में कोयला खदान में मृतक संख्या बढ़कर 49 हुई

तेहरान, 24 सितंबर (एपी) ईरान ने मंगलवार को कहा कि देश के पूर्वी हिस्से में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण उसमें फंसे शेष श्रमिकों की भी संभवत: मौत हो गई होगी। इसके साथ ही, घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 49 हो गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक रिपोर्ट में, प्रांतीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली अखौंदी ने मृतक संख्या की जानकारी दी। यह घटना देश के तबास स्थित खदान में हुई।

### चीन ने समुद्र से आठ उपग्रह लॉन्च किए

**हैयांग।** चीन ने मंगलवार को पूर्वी प्रांत शेडोंग के हैयांग शहर के पास समुद्र से आठ उपग्रहों का प्रक्षेपण किया और उन्हें नियोजित कक्षा में स्थापित किया। वाणिज्यिक रॉकेट स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह करीब 10:31 बजे तियानयी-41 और अन्य उपग्रहों को लेकर रवाना हुआ। यह प्रक्षेपण ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।

### तुर्की एयरलाइंस ने लेबनान के लिए उड़ानें निलंबित की

**इस्तांबुल।** तुर्की की प्रमुख विमान कंपनी टर्किश एयरलाइंस और देश की कम लागत वाली विमान कंपनी, पेगासस एयरलाइंस ने बढ़ते जोखिमों के कारण लेबनान के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैबर्टर्क दैनिक के अनुसार, यह निर्णय लेबनान पर इज़रायल के हवाई हमलों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे बुधवार को बेरूत से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुईं। वर्तमान में, तुर्की एयरलाइंस की वेबसाइट पर मंगलवारके लिए इस्तांबुल से बेरूत का टिकट उपलब्ध नहीं हैं, हालांकि गुरुवार के लिए बुकिंग खुली हुई है।

### नेपाल में आर्थिक सुधार के शुरुआती संकेत :आईएमएफ

**काठमांडू।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि नेपाल की अर्थव्यवस्था में सुधार के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। नेपाल की 11 दिवसीय यात्रा के बाद संयुक्त राष्ट्र की वित्तीय एजेंसी ने सोमवार शाम को जारी एक बयान में आयात में वृद्धि, कर संग्रह में सुधार और सार्वजनिक निवेश में वृद्धि को सुधार के कारणों में से एक बताया गया। नेपाल में क्रेडिट वृद्धि में सुधार हो रहा है और यह सांकेतिक जीडीपी वृद्धि से बहुत नीचे है। जुलाई के मध्य तक मुद्रास्फीति में लगभग 3.6 प्रतिशत की गिरावट जारी रही, जो आंशिक रूप से अनुकूल कमोडिटी की कीमतों और कमजोर मांग प्रदर्शित करती है।

# सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व मंत्री दोषी करार

- अगले महीने पूर्व मंत्री ईश्वरन को सुनाई जाएगी सजा

सिंगापुर, एजेंसी

लोक सेवक के रूप में कीमती वस्तुएं प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने के आरोपों में मंगलवार को दोषी ठहराए गए सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को तीन अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में मंगलवार को सुनवाई के बाद 62 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री की जमानत की अवधि बढ़ा दी गई।

अभियोजन पक्ष ने 62 वर्षीय पूर्व मंत्री को छह से सात महीने की जेल की सजा दिए जाने का अनुरोध किया था। ईश्वरन ने कहा था कि वह स्वयं को ईमानदार साबित करने के लिए मुकदमा लड़ेंगे लेकिन सुनवाई के पहले ही दिन उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति विन्सेंट हुंग ने दलीलें पेश करने के लिए बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष को धन्यवाद दिया।

#### अभियोजन पक्ष ने छह महीने की कैद का अनुरोध किया

अभियोजन पक्ष ने ईश्वरन के लिए छह से सात महीने की कैद का अनुरोध किया जबकि बचाव पक्ष ने दलील दी कि यदि न्यायाधीश को लगता है कि इस मामले में जेल की सजा देना उचित है तो ईश्वरन को आठ सप्ताह से अधिक कारावास की सजा नहीं दी जानी चाहिए। आरोप पढ़े जाने के बाद ईश्वरन से पूछा गया कि क्या वह आरोप स्वीकार करते हैं।

# वर्कलोड से लाखों मौतें, काम के बोझ में भारत दूसरे स्थार पर

पुणे में युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट की कथित तौर पर ज्यादा वर्कलोड के कारण असामयिक मृत्यु की खबर ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इस घटना ने न केवल हर किसी को परेशान किया, बल्कि टॉक्सिक वर्कप्लेस कल्चर और कॉर्पोरेट जगत में ओवरवर्क इश्यू पर एक महत्वपूर्ण बहस भी खड़ी कर दी। डब्ल्यूएचओ और इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (आईएलओ) के मुताबिक, 2016 में लंबे समय तक काम करने के कारण स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट डिजीज से 7,45,000 लोगों की मृत्यु हुई, जो वर्ष 2000 की तुलना में 29% ज्यादा है। स्टडी ये भी बताती है कि 35-40 घंटे काम करने की तुलना में प्रति सप्ताह 55 या इससे अधिक घंटे काम करने से स्ट्रोक का खतरा 35% और कोरोनरी हार्ट डिजीज से मृत्यु का खतरा 17% बढ़ जाता है।



#### भारत में एक सप्ताह में कितने घंटे काम करते हैं लोग

भारत दुनिया के सबसे लंबे वर्किंग आवर्स वाले देशों में से एक है, जहां कर्मचारी औसत से अधिक घंटे काम करते हैं। यहां प्रति कर्मचारी सप्ताह में 46.7 घंटे वर्क करते हैं। साथ ही 51% कर्मचारी प्रति सप्ताह 49 या उससे ज्यादा घंटे काम करते हैं, जिससे भारत दुनिया के सबसे ज्यादा काम के घंटों वाले देशों में दूसरे स्थान पर है। जब आप ऑफिस के काम के बोझ को निपटाने के लिए एक्स्ट्रा आवर में वर्क करते हैं या ऑफिस वर्क को घर पर करते हैं, इसे ही ओवरवर्क करना कहते हैं। अगर आप इसे रोजाना करते हैं तो ये आपकी मेंटल हेल्थ, फिजिकल हेल्थ और सोशल लाइफ पर असर डालता है। इस आंकड़े को देखने के बाद ये तो साफ है कि भारत में 50% से अधिक लोग सप्ताह में 49 घंटे से अधिक काम करते हैं। ये आंकड़े वाकई हैरान करने वाले हैं। हालांकि, कुछ ऐसे भी देश हैं, जहां काम के घंटे बेहद कम हैं। यहां कर्मचारियों के हितों का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है। नीचे ग्राफिक में सबसे कम घंटे काम करने वाले 10 देशों की लिस्ट देख सकते हैं।

#### विकसित देशों में कितने घंटे काम

आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया के विकसित देशों में लोग एक सप्ताह में 40 घंटे से भी कम काम करते हैं, जो डब्ल्यूएचओ के बताए एक स्वस्थ मानक पर भी फिट बैठता है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन और स्विटजरलैंड समेत कई विकसित देश शामिल हैं। नीचे ग्राफिक में इस बारे में जानकारी दी गई है।

#### सेहत पर क्या असर

- बहुत ज्यादा काम करने से थकान के कारण नींद संबंधी समस्या हो सकती है।
- हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है, जिससे स्ट्रोक, हार्ट डिजीज और किडनी फेलियर का खतरा रहता है।
- डिप्रेशन और एंग्जाइटी का शिकार होने की संभावना बढ़ जाती है।
- टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा बढ़ सकता है।
- फैमिली को टाइम न दे पाने से परिवार में अनबन हो सकती है, जिससे आपकी पर्सनल लाइफ भी प्रभावित होती है।
- आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। मेंटल हेल्थ खराब हो सकती है।

# जेलेंस्की ने शांति प्रक्रिया में भारत से मांगी मदद

## तीन महीने में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। गौरतलब है कि मोदी और जेलेंस्की की पिछले एक महीने में यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले मोदी के यूक्रेन दौरे के दौरान दोनों नेता कीव में मिले थे।

मोदी ने संघर्ष के समाधान के लिए भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को भी दोहराया और कहा कि दोनों पक्षों (यूक्रेन और रूस) को शांतिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने के लिए एक मेज पर बैठना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक से पहले दोनों नेता गर्मजोशी से गले मिले। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के मौके पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। मीडिया में जारी बयान में कहा गया प्रधानमंत्री मोदी ने 23 सितंबर को समिट ऑफ द फ्यूचर इन न्यूयॉर्क के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने मोदी की हाल की यूक्रेन यात्रा को याद किया और द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर सुदृढ़ीकरण पर संतोष व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान मोदी ने कूटनीति और संवाद के साथ-साथ सभी हितधारकों के बीच सहभागिता के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने कहा कि संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि पिछले तीन महीने से भी कम समय में दोनों नेताओं की यह तीसरी मुलाकात है।



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बाताचीत करते मोदी। एजेंसी

#### सिख प्रतिनिधिमंडल मोदी से मिला

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में सिख समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने समुदाय के लिए भारत सरकार के किए कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सिख ऑफ अमेरिका संगठन के जसदीप सिंह जस्सी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में मोदी से मुलाकात के बाद कहा हम बहुत खुश थे और उनसे मुलाकात के बाद हमें बहुत सकारात्मक अनुभूति हुई। प्रधानमंत्री के कमरे में आते ही हमने सिखों के पारंपरिक जयकारे जो बोले सो निहाल के साथ उनका स्वागत किया और प्रधानमंत्री ने बहुत ही विनम्रता से जवाब में सत श्री अकाल कहा। विस्कॉन्सिन के प्रमुख सिख नेता दर्शन सिंह धालीवाल ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की। जस्सी ने कहा हमारी चर्चा बहुत अच्छी रही। प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए बहुत कुछ किया है। जस्सी ने कहा मुझे नहीं लगता कि भारत के इतिहास में किसी अन्य प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए उतना किया जितना प्रधानमंत्री मोदी ने।

#### भारत ने यूएनएससी सुधारों पर भविष्य के समझौते को अच्छी शुरुआत बताया

**न्यूयॉर्क।** भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में सुरक्षा परिषद में सुधार पर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना एक अच्छी शुरुआत है और नई दिल्ली 15 देशों के निकाय में सुधार के लिए एक निश्चित समय सीमा में पाठ आधारित वार्ता की शुरुआत की आशा करती है। पाठ-आधारित वार्ता से तात्पर्य किसी समझौते की ऐसी विषय वस्तु तैयार करने की प्रक्रिया से है जिसे स्वीकार करने और जिस पर हस्ताक्षर करने के लिए सभी पक्ष तैयार हों। भविष्य के शिखर सम्मेलन के पहले दिन रविवार को विश्व नेताओं ने भविष्य के समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया जिसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया। अधिकारियों ने काफी समय से लंबित सुरक्षा परिषद सुधारों को लेकर भविष्य के समझौते की भाषा को अभूतपूर्व बताया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री से जब पूछा गया कि भारत भविष्य के समझौते में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर इस भाषा को किस प्रकार देखता है, उन्होंने कहा मैं आपका ध्यान केवल इस तथ्य पर दिलाना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर पहली बार कोई विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया गया है।

# ट्रंप की तुलना में अधिक लोकप्रिय हैं कमला हैरिस

- मतदाताओं के मुताबिक हैरिस की पृष्ठभूमि व नीतिगत विचार बेहतर
- अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण में आया सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव में एशियाई अमेरिकी, हवाई के मूल निवासी और प्रशांत द्वीप के मतदाता उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में अधिक उपयुक्त उम्मीदवार मान रहे हैं। एएपीआई (एशियाई अमेरिकी एवं प्रशांत द्वीप वासी) मतदाताओं का यह भी मानना है कि हैरिस ऐसी उम्मीदवार हैं जो उनकी पृष्ठभूमि और नीतिगत विचारों का बेहतर प्रतिनिधित्व करती हैं।

एएपीआई डेटा और एपीआईएवोट के नये सर्वेक्षण में पाया गया है कि 10 एएपीआई मतदाताओं में से लगभग 6 हैरिस के बारे में बहुत या कुछ हद तक अनुकूल राय रखते हैं, जबकि लगभग एक तिहाई की राय कुछ हद तक या बहुत प्रतिकूल है। प्रत्येक 10 एएपीआई मतदाताओं में तीन की ट्रंप के बारे में सकारात्मक राय है और करीब दो-तिहाई की नकारात्मक राय है। यह अक्टूबर 2023 से हैरिस के पक्ष में माहौल बेहतर होते जाने को दर्शाता है, जब एपी-एनओआरसी/एएपीआई डेटा सर्वेक्षण में पाया गया कि एएपीआई के लगभग आधे वयस्क उनके बारे में कुछ हद तक या बहुत अनुकूल राय रखते थे। हालांकि, इस समूह में ट्रंप के बारे में राय स्थिर बनी हुई है। हैरिस अश्वेत (ब्लैक) और दक्षिण एशियाई अमेरिकी दोनों हैं, और उन्होंने जॉर्जिया जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में एएपीआई मतदाताओं को एकजुट किया है, जहां उनकी संख्या बढ़ रही है। लेकिन सर्वेक्षण से पता चलता है कि एएपीआई मतदाताओं को ट्रंप की तुलना में हैरिस में अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रतिबिंबित होते देखने की अधिक संभावना नजर आ रही है।






# सुदूर जापानी द्वीपों पर सुनामी की छोटी लहरें उठीं

**तोक्यो।** सुदूर जापानी द्वीपों पर आए भूकंप के बाद मंगलवार की सुबह सुनामी की छोटी लहरें उठीं। आशंका है कि सुदूर जापानी द्वीपों पर ज्वालामुखी गतिविधि के कारण भूकंप आया। अपतटीय क्षेत्र में आया भूकंप स्थानीय निवासियों को महसूस नहीं हुआ और सुनामी संबंधी चेतावनी करीब तीन घंटे बाद वापस ले ली गई। मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि इजू द्वीप के तटीय इलाके में मंगलवार सुबह 5.9 तीव्रता का भूकंप आया और कुछ ही मिनट बाद इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला में एक मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताते हुए सुनामी की चेतावनी जारी की गई।

# कोर्ट ने मादुरो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

अर्जेंटीना की एक अदालत ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ कथित मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। टीएन ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी।

इससे पहले, वेनेजुएला की एक अदालत ने एमट्रासुर विमान के साथ हुई घटना को लेकर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, राष्ट्रपति सचिवालय की प्रमुख करीना माइली और सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अर्जेंटीना ने सितंबर की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अभियोजक से मादुरो की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने का अनुरोध किया था। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में अर्जेंटीना के एज़ीज़ा हवाई अड्डे पर वेनेजुएला की कंपनी एम्प्रेसा डे ट्रांसपोर्टे एरेओकार्गो डेल सुर का बोइंग 747 जब्त किया गया था।



# अमरसूर्या ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

**कोलंबो।** हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वह वर्ष 2000 में सिरीमावो भंडारनायके के बाद इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला नेता बन गयीं। नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की 54 वर्षीय नेता अमरसूर्या को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शपथ दिलाई। दिसानायके ने स्वयं सहित चार सदस्यों का मंत्रिमंडल नियुक्त किया है। अमरसूर्या को न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने का स्थान लिया है।

# इजराइल के हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई का कमांडर मारा गया

बेरूत, एजेंसी

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने बेरूत पर एक हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि इब्राहिम कोबेसी मंगलवार को मारा गया तथा वह इजराइल की ओर मिसाइल और रॉकेट हमले करने के लिए जिम्मेदार था।

इजराइली सेना ने कहा कि हमले के समय कोबेसी के साथ अन्य प्रमुख कमांडर भी थे, लेकिन अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि इसमें क्या कोई अन्य मारा गया या घायल हुआ है।



#### आईडीएफ ने ठिकानों पर हमले तेज किए

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को लेबनान में शिया समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर लक्ष्य साधकर हमले शुरू करने की घोषणा की। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा आईडीएफ वर्तमान में लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन से संबंधित आतंकी ठिकानों पर हमला कर रहा है।

# बदला लेने के लिए ईरान ने भेजे थे हजारों एसएमएस

- 2023 में धार्मिक मामले की घटना का बदला लेने की दी थी धमकी

स्वीडन कोपेनहेगन (डेनमार्क), एजेंसी

स्वीडन ने दावा किया कि उसके नागरिकों को 2023 में कुरान जलाने की घटना का बदला लेने की धमकी देने वाले हजारों एसएमएस भेजने के पीछे ईरान का हाथ है। स्वीडन के अधिकारियों का दावा है कि ईरान का अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड डेटा में सेंधमारी कर सार्वजनिक रूप से कुरान जलाने के सिलसिले में 'स्वीडिश भाषा में लगभग 15,000 एसएमएस' भेजने में सफल रहा।

वरिष्ठ अभियोजक मैट लजंगक्विस्ट ने बताया कि स्वीडन की घरेलू सुरक्षा एजेंसी 'एसएपीओ'द्वारा की गई प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ईरान ने ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के जरिये स्वीडन में प्रमुख एसएमएस सेवा प्रदाता स्वीडिश कंपनी के डेटा में सेंधमारी की। वरिष्ठ अभियोजक ने स्वीडिश कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया है। ईरानी अधिकारियों से भी इस मुद्दे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्वीडिश मीडिया ने अगस्त 2023 में खबर दी थी कि स्वीडन में बड़ी संख्या में लोगों को स्वीडिश भाषा में एसएमएस मिले हैं जिनमें कुरान जलाने वालों से बदला लेने का आह्वान किया गया था। लजंगक्विस्ट ने कहा, संदेश भेजने वाला खुद को अंजू टीम कहने वाला एक समूह था। स्वीडिश प्रसारक एसवीटी ने एसएमएस की तस्वीर साझा की थी जिसमें लिखा गया था जिन्होंने भी कुरान का अपमान किया, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसमें स्वीडन के लोगों को 'राक्षस' कहा गया था।

ज्ञान-विज्ञान | उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा

# बृहस्पति के चंद्रमा आयो पर मिला सक्रिय ज्वालामुखी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार,:** बृहस्पति के चंद्रमा आयो में एक बड़ा ज्वालामुखी सक्रिय हो चला है। नई तस्वीरों से यह जानकारी मिली है। इस वर्ष जूनो अंतरिक्ष यान द्वारा ली गई तस्वीरों में ज्वालामुखी आग उगलता नजर आ रहा है। 1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान से ली गई तस्वीरों में यह ज्वालामुखी मौजूद नही था।

पृथ्वी की तरह कई अन्य ग्रह हैं, जिनमें ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। आयो में सक्रिय ज्वालामुखी का रहस्य बर्लिन के यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने उजागर किया है। वर्ष 1997 में आयो की सतह का वह भाग खाली नजर आता है। जिसका तस्वीरों से स्पष्ट पता चलता है। गुरु के चंद्रमा आयो में सक्रिय ज्वालामुखी को लेकर वैज्ञानिक कहते हैं कि यह चंद्रमा बृहस्पति के सबसे निकट का बड़ा चंद्रमा है। जिसके एक तरफ विशाल ग्रह के ज्वारीय बलों का प्रभाव है, जबकि दूसरी तरफ गुरु के अन्य बड़े चंद्रमाओं का गर्म आंतरिक भाग है। यह परिस्थितियां आयो की सतह पर लावा के फव्वारे फूटने का कारण बनती हैं। आयो का यह भूभाग हमारे सौर मंडल में सबसे अधिक भौगोलिक रूप से सक्रिय स्थान है। 11 सितंबर, 2024 को बर्लिन में यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने कहा कि उन्होंने आयो पर एक नया ज्वालामुखी देखा है। 1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान की पिछली छवियों में ज्वालामुखी नही था। जूनो अंतरिक्ष यान की तस्वीरें इसका खुलासा करती हैं।



दाएं चित्र में सक्रिय ज्वालामुखी व बाईं तस्वीर में खाली स्थान।

#### 32 हजार वर्ग किमी फैला है ज्वालामुखी

**नैनीताल :** जूनो ने पिछले दो वर्षों में आयो के सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र में तीन हालिया उड़ाने भरी थी और जूनो के कैमरे ने इसकी सतह की लगभग 20 क्लोज़अप रंगीन तस्वीरे कैमरे में कैद की। सक्रिय ज्वालामुखी के लावा से स्पष्ट पता चलता है, जिसने आयो के 32 हजार किमी वर्ग क्षेत्र को प्रभावित किया है। लावा की 100 किमी बहती धाराओं का भी पता चलता है।

# इमरान खान पर सैन्य मुकदमे से संबंधित याचिका का निपटारा

- न्यायालय को बताया - संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सैन्य मुकदमा चलाने संबंधी याचिका का निपटारा कर दिया। न्यायालय को बताया गया कि संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है।

भ्रष्टाचार के आरोप में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने नौ मई, 2023 को रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला किया और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से 100 से ज्यादा लोगों को सैन्य अदालतों में मुकदमे के लिए सैन्य अधिकारियों को सौंप दिया गया था। कई सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि खान पर सैन्य अदालत में भी मुकदमा चलाया जा सकता है। खान ने अपने मुकदमे की सुनवाई सैन्य अदालत में किए जाने के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई की। सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल मुनव्वर इकबाल दुग्गल ने अदालत को बताया कि संघीय सरकार ने यह तय नहीं किया है कि खान पर सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का मुकदमा चलाया जाता है, तो यह आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए नियम 549 के अनुसार चलाया जाएगा।